सूर्योदय : 6:54
सूर्यास्त : 5:23
अधिकतम तापमान : 22
न्यूनतम : 8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-192 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 01 जनवरी 2026
11 रजब 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# अयोध्या के शौर्य और पराक्रम के आगे नहीं टिका कोई दुश्मन

**■ राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर बोले सीएम योगी**



**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। योगी ने अंग्रेजी नववर्ष 2026 की शुभकामना देते हुए प्रार्थना की कि यह वर्ष सभी के लिए मंगलकारी हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या ने स्वतंत्र भारत में रामजन्मभूमि आंदोलन के अनेक पड़ाव देखे हैं। अयोध्या के नाम से ही अहसास होता है कि यहां कभी युद्ध नहीं हुआ। कोई भी दुश्मन यहां के शौर्य, वैभव व पराक्रम के आगे टिक नहीं पाया, लेकिन कुछ लोगों ने अपने स्वार्थ, मजहबी जुनून व सत्ता के तुष्टिकरण की निकृष्टता में पड़कर अयोध्या को भी उपद्रव और संघर्ष का अड्डा बना दिया था।

उन्होंने पिछली सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जिस अयोध्या में कभी संघर्ष नहीं होता था, उस अयोध्या में पिछली सरकारों के शासन में आतंकी हमले होते थे। अयोध्या को लहुलूहान करने का प्रयास हुआ था, लेकिन जहां प्रभु की कृपा बरसती हो और जहां हनुमानगढ़ी में स्वयं हनुमान जी महाराज विराजमान हैं, वहां कोई आतंकी कैसे घुस जाता। 2005 में जैसे ही आतंकियों ने दुस्साहस किया, तैसे ही पीएसी के जवानों ने ठक-ठक करके उन्हें मार गिराया।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्ष के अंदर तीन महत्वपूर्ण घटनाओं को अयोध्या कभी विस्मृत नहीं कर सकती। स्वतंत्र भारत में पहली बार 5 अगस्त 2020 को किसी प्रधानमंत्री का अयोध्या में आगमन हुआ। उन्होंने उस दिन यहां श्रीराम मंदिर का भूमि पूजन किया। 22 जनवरी 2024 (पौष शुक्ल द्वादशी) को फिर अयोध्या धाम आकर प्रधानमंत्री ने रामलला की भव्य मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को संपन्न किया। 25 नवंबर 2025 को विवाह पंचमी पर प्रधानमंत्री जी ने अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य शिखर पर सनातन धर्म की भगवा ध्वजा को प्रतिष्ठित किया और संदेश दिया कि सनातन से ऊपर कोई नहीं।

## सदियों की प्रतीक्षा के पूर्ण होने का उत्सव है प्रतिष्ठा द्वादशी : राजनाथ सिंह

अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह वही अयोध्या है, वही भूमि है, जो वर्षों तक रक्तरंजित रही, जिसने अपने राम के लिए, अपने राजा के लिए, अपने आराध्य के लिए, असहनीय प्रतीक्षा की। जिसने अपमान सहे, पीड़ा सही लेकिन फिर भी अपनी आस्था को डगमगाने नहीं दिया। आज जब प्रभु श्रीराम के आगमन के दो वर्ष पूर्ण होने पर हम सभी यहां साक्षी बने खड़े हैं तो यह उन सदियों की प्रतीक्षा के पूर्ण होने का उत्सव है।

# पीएम ने विकसित भारत बनाने का दिया मंत्र

**■ प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई प्रगति की 50वीं बैठक**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सुधार, प्रभावी क्रियान्वयन और व्यापक परिवर्तन बेहद जरूरी हैं। प्रगति मंच की 50वीं बैठक में उन्होंने पिछले एक दशक की यात्रा को ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया और कहा कि इस अवधि में शासन की कार्यसंस्कृति में बड़ा बदलाव आया है, जिससे निर्णय लेने और योजनाओं को जमीन पर उतारने की गति तेज हुई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सुधारों का मतलब प्रक्रियाओं से आगे बढ़कर समाधान तक पहुंचना है। उन्होंने जोर दिया कि प्रक्रियाएं सरल हों, जीवन और कारोबार में आसानी बढ़े और सिस्टम ज्यादा अनुकूल बने। क्रियान्वयन में समय, लागत और गुणवत्ता तीनों पर समान ध्यान जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रगति के जरिए परिणाम आधारित शासन को मजबूती मिली है और अब इसे और गहराई तक ले जाने की जरूरत है।







## नववर्ष मंगलमय हो

सभी सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं एवं वितरक बंधुओं को **अवधनामा परिवार** की ओर से नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं।

## प्रदेश में नया बिजली कनेक्शन लेना होगा सस्ता

**लखनऊ।** प्रदेश में नया बिजली कनेक्शन लेना सस्ता हो गया है। अब सिंगल फेस स्मार्ट प्रीपेड मीटर की कीमत 6016 की जगह 2800 रुपये देना होगा। थ्री फेस स्मार्ट प्रीपेड की कीमत 11342 की जगह 4100 रुपये जमा करना होगा। एस्टीमेट की व्यवस्था भी समाप्त कर दी गई है।

# नए साल का जश्न शुरू

**■ न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया में आतिशबाजी के साथ हुआ 2026 का आगाज**

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में नए साल 2026 का जोरदार स्वागत किया गया। सिडनी हार्बर ब्रिज और ओपेरा हाउस के आसपास हुई शानदार आतिशबाजी ने आसमान को रंगों से भर दिया और लाखों लोगों ने इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनकर नए साल का आगाज किया।

दुनिया में नए साल की शुरुआत हो चुकी है। सबसे पहले 2026 का आगाज किरिबाती के किरीटीमाटी द्वीप से हुआ। यह दुनिया का पहला देश है जिसने नए साल का स्वागत किया। किरिबाती को किरिबास भी कहा जाता है। यह कई एटोल से बना द्वीप समूह है। इसकी लंबाई 4,000 किलोमीटर है। यहां भारत से 8 घंटे 30 मिनट पहले नया साल शुरू होता है।



## नए साल की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति मुर्मू ने दी बधाई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नए साल की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में उन्होंने सभी नागरिकों से राष्ट्र के विकास, सामाजिक सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने कहा कि नया साल नई ऊर्जा और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है।
















## सेहत के लिए हानिकारक 'निमेसुलाइड' दवा पर भारत ने लगाया प्रतिबंध



**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए बुधवार को ऐसी सभी ओरल दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है, जिसमें निमेसुलाइड की मात्रा 100 मिलीग्राम से अधिक है। मंत्रालय ने एक वर्ष पहले ही मवेशियों के लिए भी इसे प्रतिबंधित कर दिया था। भारत में इस घटक का प्रयोग सामान्य रूप से दर्द और बुखार में होता है। इसके उच्च खुराक के सेवन से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती है।

यह सलाह स्वास्थ्य विशेषज्ञों की उन चिंताओं के बाद आई, जिनमें रोगियों में लीवर को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई गई थी। भारतीय औषधि नियामक ने भी केंद्र के फैसले का समर्थन किया है। यह निर्णय हमारे देश में गिद्धों की घटती आबादी को लेकर पर्यावरणीय चिंताओं से पैदा हुआ। पैनल ने चेतावनी दी कि निमेसुलाइड गिद्धों के लिए खतरनाक है। बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान ने संयुक्त रूप से पक्षियों की आबादी में ड्रग की सुरक्षा रिपोर्ट का परीक्षण करने के लिए अध्ययन किया।

# सीडीओ के नेतृत्व में 12 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का रिकॉर्ड समय में चयन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** नववर्ष से पहले 12 आंगनबाड़ी केंद्रों को नई कार्यकत्रियों की सौगात मिली। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की निर्देशन में सीडीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय चयन समिति ने प्रदेश में रिकॉर्ड समय में चयन प्रक्रिया पूरी कर दिखाया और यह सुनिश्चित किया कि हर कदम पर पारदर्शिता बरकरार रहे जानकारी के अनुसार, 10 नवंबर को विज्ञापन जारी होने के बाद 1 दिसंबर तक 1200 अभ्यर्थियों ने 12 पदों के लिए आवेदन किया। सीडीओ अभिषेक कुमार के नेतृत्व में चयन समिति ने अभिलेखों का गहन परीक्षण कर शासनादेश के अनुसार वरीयता क्रम तय किया और योग्य 12 अभ्यर्थियों का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ किया सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि हमने इस चयन प्रक्रिया में न केवल गति पर ध्यान दिया बल्कि पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता भी सुनिश्चित की। हमारा उद्देश्य है कि हर योग्य अभ्यर्थी तक उसका हक पहुंचे।

**इन आंगनबाड़ी केंद्रों को मिली अपनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री**

खमरिया-2, सिंगाही पूरब टोला, सिसौरा नासिर, रसूलपुर-1, जमहौरा, कल्लुआमोती

जिगनिया, भंगेली-2, फरसहिया-1, निबुआबोझ - 1, त्रिलोकपुर-4, देवमनिया-2।

## जंगली जानवर के हमले से मंगरौली गांव के सिराजुद्दीन की हुई मौत

### अधखाया शव गन्ने के खेत से बरामद हुआ

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के मंगरौली गांव निवासी सिराजुद्दीन उर्फ भूरे हलवाई 65 वर्ष की मंगलवार शाम जंगल क्षेत्र में जंगली जानवर के हमले में मौत हो गई। बुधवार सुबह उनका अधखाया शव गन्ने के खेत से बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। बताया गया कि दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन अंतर्गत वन रेंज धौरहरा के मंगरौली गांव निवासी सिराजुद्दीन मंगलवार शाम दहौरा नाले की ओर हरदुहा पुल के पास गोंदी घास काटने गए थे। इसी दौरान नाले की तलहटी में किसी जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। शाम तक सिराजुद्दीन के घर न लौटने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई। मृतक के बेटे इसरार अहमद ने ग्रामीणों के साथ उनकी तलाश शुरू की। हरदुहा पुल के पास सिराजुद्दीन की साइकिल मिलने पर अनहोनी की आशंका जताई गई। इसके बाद पुलिस और वन विभाग को सूचना दी गई।

**घटना से ग्रामीणों में दहशत**

सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रातभर तलाश की गई। बुधवार सुबह करीब 10 बजे सिराजुद्दीन का अधखाया शव गन्ने के खेत से बरामद हुआ। शव देखते ही ग्रामीणों में आक्रोश और भय व्याप्त हो गया।

## एसएसपी द्वारा किया गया सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को सम्मानित



**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. बृजेश कुमार सिंह द्वारा सेवानिवृत हुए पुलिसकर्मियों को शॉल ओढ़ाकर, पुष्पहार से सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।इस दौरान सेवानिवृत पुलिस कर्मियों का परिचय पढ़ते हुए पुलिस परिवार की ओर से इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। सेवानिवृत्त हुए कर्मियों में पुलिस उपाधीक्षक कर्मवीर सिंह, निरीक्षक गोपनीय विजय सिंह, निरीक्षक परिवहन, रामविलास पाण्डेय, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, सोवीर सिंह, अनुचर, वीरेन्द्र शुक्ला तथा सफाई कर्मी राकेश कुमार शामिल हैं। इस मौके पर एसपी सिटी विजयेन्द्र द्विवेदी, एसपी आरए डॉ. हृदेश कठेरिया एवं समस्त पुलिस उपाधीक्षक आदि सहित सेवानिवृत्त लोगों के पारिवारीजन मौजूद रहे।

## भारतीय टैक्सियां नेपाल सीमा में दाखिल होने पर रोक

### दर्जनों टैक्सियां लखीमपुर खीरी के गौरीफंटा बॉर्डर तक ही सीमित रहीं

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** नेपाल के धनगढ़ी-कैलाली जिला प्रशासन के भारतीय नंबर की टैक्सियों के प्रवेश और सवारी ढोने पर लगाए गए प्रतिबंध का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। प्रतिबंध के दूसरे दिन बुधवार को भी भारतीय टैक्सियां नेपाल सीमा में दाखिल नहीं हुईं, जिससे पर्यटकों और आम यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा प्रशासनिक कड़ाई के चलते भारतीय महानगरों से नेपाली यात्रियों को लेकर आ रही दर्जनों टैक्सियां लखीमपुर खीरी के गौरीफंटा बॉर्डर तक ही सीमित रहीं। पुलिस की कार्रवाई के डर से टैक्सी चालकों ने यात्रियों को बॉर्डर पर ही उतार दिया और वहीं से वापस चले गए।

**आसपास के क्षेत्रों में खड़ी नजर आईं टैक्सियां**

स्थिति यह रही कि जो टैक्सियां वापस नहीं गईं, वह कार्रवाई से बचने के लिए बॉर्डर के आसपास के क्षेत्रों जैसे बनगंवा मंडी, सेढ़ाबेढ़ा गांव और बनकटी वन बैरियर के पास छिपकर खड़ी नजर आईं। गौरतलब है कि सोमवार को धनगढ़ी-कैलाली जिला प्रशासन ने धनगढ़ी बाजार सहित पूरे जिले में भारतीय टैक्सियों द्वारा नेपाली सवारियां ढोने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया था, जो मंगलवार से प्रभावी हो गया बताया जा रहा है कि बॉर्डर तक आने वाली अधिकांश टैक्सियों में क्षमता से अधिक सवारियां भरी होती हैं। कागजात दुरुस्त न होने और अवैध संचालन के कारण चालक मुख्य सड़कों के बजाय गांवों और मंडियों में अपनी गाड़ियां छिपाकर सवारी की बुकिंग का इंतजार करते देखे जा रहे हैं और सामान के साथ आए यात्रियों को बॉर्डर पर उतरकर पैदल या अन्य साधनों से नेपाल सीमा में प्रवेश करना पड़ रहा है।

## नव वर्ष पर जिलाधिकारी की ओर से जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**लखीमपुर-खीरी।** नव वर्ष के पावन अवसर पर मेरी ईश्वर से यही कामना है कि खीरी के प्रत्येक नागरिक का जीवन सुख, स्वास्थ्य, समृद्धि और शांति से परिपूर्ण हो। हमारा जनपद लगातार विकास की ओर अग्रसर है और इस वर्ष भी हम सब मिलकर हर क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करेंगे। मैं यह विश्वास दिलाती हूँ कि प्रशासन की ओर से सभी योजनाओं और सेवाओं का लाभ हर नागरिक तक पहुंचाने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा। आपके प्रयास, मेहनत और समर्पण से ही हमारा समाज सशक्त और खुशहाल बनता है सभी की आशाएँ और सपने साकार हों, और यह वर्ष आपके परिवारों के लिए खुशियों, सफलता और नई उम्मीदों से भरा रहे।

**नव वर्ष की ढेरों शुभकामनाएं।**
**(दुर्गा शक्ति नागपाल) जिलाधिकारी, लखीमपुर खीरी**

## नेल आर्टिस्ट के बेस्ट अवार्ड सम्मानित हुए निगार




जलवा हुनर का, कोरियोग्राफर आमिर निगार राजधानी से लेकर बॉलीवुड जगत में छाए हुए हैं और कई बड़े शहरों में जिला बिजनौर का नाम रोशन कर रहे हैं।

**नजीबाबाद।** छोटी सी उम्र में आमिर निगार नेल आर्टिस्ट ने अपनी कलाकारी का लोहा बनवा दिया। उनकी इस कलाकारी की बॉलीवुड हस्तियां जमकर सराहना कर रही है जिसका नतीजा है कि आए दिन आमिर निगार बॉलीवुड हस्तियां से लेकर टीवी कलाकारों से सम्मानित किया जा रहे हैं, और उनको बेस्ट और बड़े अवार्ड से नवाज़ा जा रहा है। दिल्ली निर्माण विहार गीता कॉलोनी में स्थित सिटी प्लेस बैंक्विट हॉल में नेल आर्टिस्ट प्रतियोगिता का आयोजन सिटी लुक ब्यूटी अकैडमी द्वारा किया गया। जिसमें कई सेलिब्रिटी और टीवी कलाकार पहुंचे। कार्यक्रम में आमिर निगार द्वारा सेलिब्रिटीयों के नेल्स (नाखून) को सजाया गया उन्होंने नेल्स को एक से एक सुंदर डिजाइन बनाकर सजाया। महिलाओं के नेल्स भी उनकी खूबसूरती का एक अहम हिस्सा माना जाता है शर्त है कि उनकी देखभाल और साज सजावट करने वाला चाहिए। आमिर निगार की कलाकारी हुनर को कल कॉलोनी अपनी अपनी सर आंखों पर रखा और टीवी कलाकार सेलिब्रिटी चाहत पांडे द्वारा निगार को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वही अमीर निकालना नाखूनों की देखभाल और उनको सुंदर रखने के टिप्स भी बताएं। कार्यक्रम के निदेशक मनोज शर्मा रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता सोनिया शर्मा एवं संचालन मानसी ने किया। प्रोग्राम एम प्रेजेंट पीपल अज़ीज़ इंडिया, ममता सिंह, राधिका मेकओवर, नमिता जैन, सीज़बी की निदेशक गीता डागर, पिंकी, वर्षा मेकओवर, फैजा़न, उस्मान,आसिम, सिरस्ती अरोरा,आशा मेकओवर, एंकर मानसी, आदि मौजूद रहे।

## खनन से भरे डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत की जांच के लिए तीन सदस्य समिति का हुआ गठन

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में नजीबाबाद कोटद्वार मार्ग पर ग्राम जसवंतपुर उर्फ लुकादड़ी गांव के सामने एक खनन के डंपर से ट्रैक्टर की हुई भीषण टक्कर में चालक की मौत की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण की जांच तीन सदस्य समिति, जिसमें उप जिलाधिकारी व सीओ पुलिस नजीबाबाद तथा खान निरीक्षक शामिल है, के द्वारा की जाएगी।

## वादी पिता ही निकला अपनी पुत्री का कातिल, पुलिस ने किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*



**बदायूं।** थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा युवती की हत्या के मामले में हत्यारोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। आरोपी के पास से पुलिस को आला कत्ल बरामद हुआ है।पुलिस पकड़ में आए आरोपी पिता ने बेटी को करैक्टर लैस बताते हुए सफाई दी है। विदित हो कि विगत 29 दिसंबर को थाना वजीरगंज क्षेत्र के ग्राम लहरा के जंगल में एक युवती का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी गई थी।मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल पर क्षत-विक्षत अवस्था में एक लड़की का शव मिला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया था और मृतका के पिता/वादी इकरार पुत्र अब्दुल गनी की तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया था। घटना की सूचना पर तत्काल ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह,एसपी आरए हृदेश कठेरिया तथा सीओ बिसौली द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर,घटना के खुलासे हेतु थाना पुलिस के साथ-साथ सर्विलांस तथा एसओजी टीम का गठन कर दिया गया था।तभी से पुलिस घटना के खुलासे हेतु लगी हुई थी। इधर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में

लड़की की मृत्यु का कारण एण्टीमोर्टम इंजरी (गला काटकर) शॉक एण्ड हैमरेज से होना पाया गया।पुलिस के अनुसार विवेचना में मुकदमे के वादी मृतका के पिता इकरार का ही नाम प्रकाश आया जिसे बुधवार को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी पिता ने पुलिस पूछताछ में बताया है कि मेरी पुत्री का चलन ठीक नहीं था,वह कई बार घर से भी चली गयी थी जिससे हम परिवार वाले काफी परेशान थे।हमने अपनी पुत्री को काफी समझाया था लेकिन वह नहीं मानी। हमारी गांव में बहुत बदनामी हो रही थी, जिससे मैं काफी परेशान था। एसपी आरए हृदेश कठेरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक्षा 19 दिसंबर की रात्रि में अपने घर से निकल गई थी पिता द्वारा तलाश करने पर वह एक ट्यूबवेल के पास बैठी हुई मिली जहां दोनों में बहस हो गई। बहस के दौरान पिता द्वारा अपने साथ लाए गए हसिए से अपनी पुत्री के गले पर प्रहार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि आरोपी पिता के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई है।

सीडीओ के नेतृत्व में 12 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का रिकॉर्ड समय में चयन

**लखीमपुर खीरी।** नववर्ष से पहले 12 आंगनबाड़ी केंद्रों को नई कार्यकत्रियों की सौगात मिली। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की निर्देशन में सीडीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय चयन समिति ने प्रदेश में रिकॉर्ड समय में चयन प्रक्रिया पूरी कर दिखाया और यह सुनिश्चित किया कि हर कदम पर पारदर्शिता बरकरार रहे जानकारी के अनुसार, 10 नवंबर को विज्ञापन जारी होने के बाद 1 दिसंबर तक 1200 अभ्यर्थियों ने 12 पदों के लिए आवेदन किया। सीडीओ अभिषेक कुमार के नेतृत्व में चयन समिति ने अभिलेखों का गहन परीक्षण कर शासनादेश के अनुसार वरीयता क्रम तय किया और योग्य 12 अभ्यर्थियों का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ किया सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि हमने इस चयन प्रक्रिया में न केवल गति पर ध्यान दिया बल्कि पूरी पारदर्शिता और

## नफर वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

**लखीमपुर-खीरी।** थाना भीरा पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 445/2025 धारा 2(b) (17)/3 यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त/अभियुक्ता 1.अजीजुल पुत्र छेदा 2.कमरजहाँ पत्नी अजीजुल खान निवासीगण कस्बा व थाना भीरा जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त/अभियुक्ता के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया।

## सपा नेता रेहान खान द्वारा ब्राह्मण समाज पर की गई अभद्र टिप्पणी मुकदमा दर्ज

**लखीमपुर खीरी।** सपा नेता रेहान खान द्वारा मैलानी थाना क्षेत्र के गांव में सभा/कार्यक्रम के दौरान मंच से ब्राह्मण समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही मैलानी पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

## जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों पर चलाया गया स्वच्छता अभियान




**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाकर स्वास्थ्य संस्थानों की आंतरिक व बाह्य परिसर की साफ-सफाई की गई। जिलधिकारी मनीष बंसल के निर्देशन में चलाये गये व्यापक स्वच्छता अभियान के स्वास्थ्य संस्थानों की आंतरिक एवं बाह्य परिसरों की गहन साफ-सफाई कराई गई। ओपीडी, वार्ड, लेबर रूम, शौचालय, दवा भंडार, परिसर, नालियों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों को विशेष रूप से चिन्हित कर स्वच्छ किया गया। कई स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखा गया। अभियान के दौरान अनुपयोगी सामग्री, कबाड़ एवं कचरे का निस्तारण कर स्वास्थ्य केन्द्रों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं मरीजों के अनुकूल बनाया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वच्छता प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि स्वच्छ स्वास्थ्य संस्थान गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की आधारशिला हैं। यह अभियान केवल एक दिवस की गतिविधि नहीं, बल्कि सतत् प्रक्रिया के रूप में आगे भी जारी रहेगा। उन्होने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ रहने की कुंजी है इससे आत्मविश्वास एवं मनोबल बढता है। उन्होने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय की जाए। यह अभियान जनस्वास्थ्य, संक्रमण नियंत्रण एवं मरीजों के विश्वास को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## फिटनेस सैंटर में अवैध शुल्क लेने के खिलाफ व्यापारी भड़के

### आरटीओ को सौंपा ज्ञापन समस्या का निस्तारण करने की मांग की

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल से जुड़े व्यापारियों ने वरिष्ठ महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) शंकर सिंह को सौंपकर परिवहन विभाग से जुड़ी समस्याओं का समाधान कराने की मांग की।

व्यापारियों का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने कहा कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा निर्देश जारी किए गए कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में तीन-तीन फिटनेस सेंटर खोले जाएंगे। किन्तु वर्तमान में अधिकांश जिलों में केवल एक ही फिटनेस सेंटर संचालित हो रहा है। जिससे वाहन स्वामियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि एकमात्र फिटनेस



सेंटर होने से वाहन स्वामियों से अनावश्यक शुल्क की मांग की जा रही है, जो कि भ्रष्टाचार को कहीं न कहीं बढ़ावा देता है। इस पर लगाम लगानी चाहिए।

उन्होंने ज्ञापन में बताया कि आरटीओ विभाग द्वारा ड्राईविंग लाईसेंस बनवाने के लिए प्राइवेट एजेंसी से अनुबन्ध किया है, जहां भारी भ्रष्टाचार के चलते नये डीएल बनवाने में वाहन चालकों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना अति आवश्यक है ताकि नये डीएल बनाये जा सकें।

ज्ञापन में बताया कि प्राइवेट फिटनेस सेंटर के क्रियाशील होने के साथ-साथ सरकारी फिटनेस सेंटर्स को बंद न किया जाए। सभी सेंटर्स की नियमित निगरानी की जाए व एक हेल्पलाइन नंबर या पोर्टल प्रारंभ किया जाए, जहां वाहन स्वामी अपनी शिकायत दर्ज कर सकें।

प्रत्येक जिले में एक स्थायी निरीक्षण समिति गठित की जाए, जिसमें जिला प्रशासन, परिवहन विभाग तथा स्थानीय ट्रांसपोर्ट से संबंधित दो व्यक्तियों को शामिल किया जाए। ज्ञापन देने वालों में महामंत्री पुनीत चौहान, सुधीर मिगलानी, अशोक छाबडा, यशपाल मैनी, गुलशन अनेजा, प्रभाष वर्मा, सुदर्शन जुनेजा, राजीव मदान, मुकेश दत्ता, ललित पोपली, दीपक रहेजा, विनित चौहान, सुभाष गंगा, मुकेश पाहवा, ठक्कर, पुरूषोत्तम दुआ, यशपाल डाबरा, फैजानउल हक, खुर्शीद अहमद, संजय जुनेजा,शुभम गगनेजा, तेजपाल सिंह, रॉबिन मोगा, पंकज हरजाई, मदन चौधरी, अरविंद वोहरा, सतीश पोपली, हेंमत पोपली, रजनीश चंदा, विपिन चौधरी आदि व्यापारी शामिल रहे।

## महापौर ने रायवाला मार्किट में किया इको ग्रीन शौचालय का लोकार्पण

### व्यापारियों द्वारा काफी लम्बे समय से की जा रही थी मांग

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज रायवाला स्थित सौर ऊर्जा संचालित इको ग्रीन शौचालय का रिबन काटकर व नारियल फोड़कर लोकार्पण किया। शौचालय का निर्माण स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत सुलभ सोशल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन द्वारा कराया गया है। महापौर ने कोतवाली थाना मण्डी के पीछे बनायी जा रही पार्किंग का भी निरीक्षण किया।

महापौर डॉ. अजय कुमार आज दोपहर करीब 12 बजे रायवाला पहुंचे और नगर निगम द्वारा व्यापारियों की सुविधा के लिए बनवायी जा रही पार्किंग का निरीक्षण किया तथा इको ग्रीन शौचालय का रिबन काटकर व नारियल फोड़कर लोकार्पण किया। महापौर के रायवाला पहुंचने पर रायवाला व्यापार मण्डल के प्रधान अजय कालड़ा, अशोक चावला, संजय अरोड़ा आर पी, क्षेत्रीय पार्षद गौरव जैन, राजीव सिंघल बिल्लू, अजय जैन, दीपक सचदेवा, अमित गांधी,



व मनोज जैन आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीन शाह ने महापौर को बताया कि लोकार्पित शौचालय सौर ऊर्जा संचालित इको ग्रीन शौचालय है। शौचालय निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्था सुलभ सोशल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन द्वारा ही शौचालय का संचालन भी किया जायेगा। शौचालय मे 2.2 किलोवाट का सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया गया है। इस दृष्टि से यह शौचालय पूरी तरह से इको ग्रीन है। उन्होंने बताया कि निर्मित शौचालय एक दम अत्याधुनिक है और उसमें माताओं द्वारा शिशुओं के लिए फिडिंग कक्ष भी बनाया गया है। शौचायल में बनवाये गए मूत्रालयों के अलावा नगर निगम द्वारा पांच और मूत्रालय बाहर बनवाये गए है।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने बताया कि रायवाला कपड़ा मार्किट एशिया की बड़ी कपड़ा मार्किट है। यहां पार्किंग और शौचालय निर्माण की काफी समय से मांग हो रही थी। आज शौचालय का लोकार्पण कर इसे शुरु करा दिया गया है। पार्किंग निर्माण कार्य चल रहा है। निगम का प्रयास है कि यहां मल्टीलेवल पार्किंग की व्यवस्था करायी जाएं ताकि यहां के व्यापारियों के अलावा बाहर से आने वाले व्यापारियों को भी सुविधा मिल सके। इससे सड़क पर वाहनों का अतिक्रमण भी समाप्त होगा।

उन्होंने कहा कि महानगर में जहां व्यवसायिक केंद्र है वहां मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाया जाए, इस दिशा में नगर निगम प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में महिलाएं भी यहां शॉपिंग करने आती है उसके लिए स्थान चिह्नित कर पिंक शौचालय का भी निर्माण कराया जायेगा।

लोकार्पण कार्यक्रम में थाना मण्डी प्रभारी रोजंत त्यागी, मुख्य सफाई निरीक्षक परमानंद तथा क्षेत्र के व्यापारी संजय गांधी, बब्बल कपूर, राजेश मेहता, गुलशन धींगड़ा, पुष्पेंद्र जैन, मूलचंद जग्गा आदि बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल रहे।

## राष्ट्रीय विकास संगठन ने सैंकड़ों लोगो को किए कम्बल वितरित

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय विकास संगठन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों गरीब व निराश्रित लोगो को कंबल वितरित किए। नेहरू नगर स्थित आशीर्वाद पार्क में आयोजित कार्यक्रम मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री आकाश त्यागी व महामंत्री सूबेदार मेजर विजेंद्र शर्मा तथा प्रदेश उपाध्यक्ष राज सिंह माजरा ने कड़कड़ाती ठंड से बचाव को लेकर सैकड़ों लोगों को कम्बल वितरित किए। कार्यक्रम में सभी ने देश में एक जुटता वे भाईचारे का संदेश दिया साथ ही किस प्रकार सैनिक देश के बॉर्डर पर देश के लिए सेवा करता है उसके बारे में भी बताया गया। जिला अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि हम किसी पर कोई अहसान नहीं करते, हम केवल लोगों की मदद के लिए हाथ बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में सूबेदार संतोष शर्मा, विराज सिंह पठान, सिंह शर्मा, विनोद कुमार बच्चन, सिंह, प्रशांत कुमार, हरेंद्र कुमार इंद्रपाल मुकेश कुमार, गुरमीत सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## वार्डनों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजित किए जाये आपदा बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने निर्देश दिये कि वार्डनों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाये।

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति आज यहां सर्किट हाउस सभागार में नागरिक सुरक्षा विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभागीय कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि देश की आजादी के बाद से अब तक नागरिक सुरक्षा विभाग को नई दिशा देने का कार्य मुख्यमंत्री के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने किया है। स्वयंसेवक निःस्वार्थ भाव से समाज सेवा करते हैं, किंतु अभी तक उन्हें वह पहचान नहीं मिल पाई जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि वार्डनों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में आपदा बचाव प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड एवं प्रमुख चौराहों पर विभाग के कार्यों की जानकारी वाले बैनर लगाए जाएं तथा धार्मिक पर्वों पर स्वच्छता अभियान चलाए जाएं। इससे विभाग का प्रचार-प्रसार होगा तथा समाज में स्वयंसेवकों की नई पहचान बनेगी।

उप नियंत्रक कश्मीर सिंह ने राज्यमंत्री को पिछले एक वर्ष में सहारनपुर नागरिक सुरक्षा द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विभाग के प्रमुख कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नागरिक सुरक्षा का मुख्य उद्देश्य हवाई हमले से जन-धन की क्षति को न्यूनतम करना, जनमानस का मनोबल बनाए रखना तथा उत्पादन क्षमता को सुरक्षित रखना है।

चीफ वार्डन राजेश कुमार जैन ने कहा कि नागरिक सुरक्षा के वार्डन बिना वर्दी के सिपाही हैं, जो बिना किसी वेतन या मानदेय के प्रतिकूल परिस्थितियों में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करते हैं। उन्होंने राज्यमंत्री के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया तथा सहारनपुर नगर में आबादी के आधार पर चार डिवीजन बनाने का प्रस्ताव रखा।

बैठक का संचालन सहायक उप नियंत्रक दिनेश कुमार ने किया। इस दौरान डिप्टी चीफ वार्डन हंसराज सैनी, प्रभागीय वार्डन देवेंद्र बंसल, ऋषभ अग्रवाल, देशबंधु शर्मा, वसीम अख्तर, सहायक उपनियंत्रक भूपेंद्र कुमार, राकेश जैन, डॉ. एम.पी. चावला, अशोक सैनी, दीपक गुप्ता, धीरज जैन, विनय जैन, नीना जैन, सरफ़राज खान, मेहबान अंसारी, खालिद सिद्दीकी, वीरसैन जैन, अर्चना रानी, राजवीर वर्मा, अविनाश जैन, भूपेंद्र कुमार, पवन सिंगल, नरेश सैनी सहित सैकड़ों की संख्या में नागरिक सुरक्षा के पदाधिकारी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# बुंदेलखंड किसान यूनियन का समस्याओं का समाधान के आश्वासन के बाद अनशन समाप्त



- अनशन समाप्त होने पर अधिकारियों ने ली राहत की सांस

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** नौ सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा बुंदेलखंड किसान यूनियन का उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ. प्रदीप कुमार और सीओ रविकांत गौड़ के पंद्रह दिन के अंदर समस्याओं का निराकरण कराए जाने के आश्वासन के बाद बुधवार को अंशन समाप्त हो गया। एसडीएम के आश्वासन देकर और किसानों को मिठाई खिलाने के बाद अनशन से उठाकर अपने अपने घर चले गए। अनशन समाप्त होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

गौरतलब है कि फसल बीमा की धनराशि किसानों के खातों में भेजने, सिंचाई के लिए सुबह छह बजे से रात दस बजे तक बिजली आपूर्ति किए जाने, स्वास्थ्य केंद्र जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर एक हजार रुपये लेने वाले कर्मचारी पर कार्यवाई करने, वाईपास से शराब का ठेका हटाए जाने, गल्लामंडी के बाहर खरीद करने वालों को हटाने, श्रीनगर तिराहे से मांस मछली की दुकाने अलग करने और विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को पूरा करने सहित नौ सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय संगठन मंत्री बालाजी के नेतृत्व में अनशन मंगलवार की सुबह शुरू कर दिया था।

किसान नेताओं ने चेतावनी दी थी कि यदि शीघ्र ही किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो किसान भूख हड़ताल के लिए विवाश हो जाएंगे। मामला किसानों से जुड़ा होने के कारण उपजिलाधिकारी ने बुधवार को अनशन स्थल पर पहुंचकर किसानों से वार्ता की और 15 दिन के अंदर किसानों की समस्याओं का निराकरण कराए जाने का आवश्वासन देकर अनशन समाप्त कराया। इस मौके पर बुंदेलखंड किसान यूनियन के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी बालाजी ने कहा कि यदि 15 दिन के अंदर अधिकारियों ने मांगों को पूरा नहीं किया तो वह 17 जनवरी को जिलाधिकारी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे।

# हर एक प्रांत से पर्यटक पहुंच रहे काशी, सारनाथ, नमो घाट बना आकर्षक केंद्र



**(उत्पल दादा) अवधनामा ब्यूरो**

- नए साल के जश्न मे डूबा काशी, प्रशासन मुस्तादी से तैनात

**वाराणसी।** धर्म एवं सांस्कृतिक राजधानी काशी विश्व में एक अलग महत्व रखता है। प्रधानमंत्रीके संसदीय क्षेत्र होने के नाते दिन प्रतिदिन काशी का विकास चार गुना होता दिखाई दे रहा है। विश्वपर्यटन विभाग द्वारा निरंतर आधुनिक सेवाओं से काशी में देश-विदेश से लाखो की संख्या में पर्यटक प्रतिदिन पहुंच रहे हैं।काशी में श्री काशी विश्वनाथ धाम प्रमुख धार्मिक टूरिज्म केंद्र है,जहां हर दिन लाखों श्रद्धालु दर्शन पूजन करने आते हैं। वही घाट और सारनाथ भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र हैं। वही सारनाथ बौद्ध टेंपल और श्री काशी विश्वनाथ धाम के साथ नमो घाट आज नए साल में आकर्षक केंद्र बना हुआ है। पिछले दिनों श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं का ऐसा हुजुम उमरा कि लगभग दो किलोमीटर तक लंबी कतार देखी गई। वही श्री श्री 1008 बाबा काल भैरव मंदिर में भी श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। ऐसे में साल की विदाई 31 दिसंबर मनाने के लिए लोग सारनाथ पहुंचे।

# परिवार परामर्श टीम की पहल से दो परिवारों हुआ समझौता, टूटने से बचे रिश्ते

- पति-पत्नी के 12 ऐसे जोड़ों, जिनके मध्य विवाद चल रहा था, की काउंसिलिंग की गई

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जनपद महोबा पुलिस द्वारा संचालित परिवार परामर्श केन्द्र के प्रभावी प्रयासों से कई बिखरते परिवारों को टूटने से बचाया गया है। संवाद, समझ और संवेदनशील परामर्श के माध्यम से पारिवारिक विवादों का समाधान कर परिवारों में पुनः खुशियों की वापसी कराई गई।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन महोबा स्थित सभाकक्ष में परिवार परामर्श केन्द्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी महिला थाना द्वारा की गई। कार्यक्रम में परिवार परामर्श केन्द्र के सभी सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान पति-पत्नी के 12 ऐसे जोड़ों, जिनके मध्य पारस्परिक पारिवारिक विवाद चल रहा था, की गहन काउंसिलिंग की गई। प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना गया तथा दोनों पक्षों की समस्याओं के समाधान के लिए संयमित, सकारात्मक एवं संवेदनशील परामर्श प्रदान किया गया। काउंसिलिंग के परिणामस्वरूप कई पति-पत्नी पुनः आपसी सहमति से साथ रहने के लिए राज़ी हुए। शेष प्रकरणों को आगामी तिथि पर पुनः काउंसिलिंग के लिए आमंत्रित किया गया है।

परिवार परामर्श केन्द्र एवं जनपद महोबा पुलिस के इन सफल प्रयासों की प्रभावित परिवारों एवं उनके परिजनों द्वारा सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

परामर्श कार्यक्रम के दौरान उपनिरीक्षक ग्यास अहमद, महिला कांस्टेबल रेखा देवी, महिला कांस्टेबल प्रीती देवी सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर नीतू पालीवाल, रामजी गुप्ता, शिव कुमार गोस्वामी एवं मो0 हनीफ आदि सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति सराहनीय रही।

# शिक्षकों को बी.एल.ओ. ड्यूटी से मुक्त रखे : सनत कुमार सिंह

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ शिक्षक नेता सनत कुमार सिंह ने बताया कि वाराणसी में बेसिक शिक्षकों द्वारा बी.एल.ओ.ड्यूटी के विरोध के चलते संघ की मांग पर 13 जून 2018 को ही उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समुचित निर्णय लेते हुए आदेश जारी किया गया कि, तत्समय गतिमान बी.एल.ओ. के रूप में शिक्षकों से 30 जून 2018 तक कार्य पूर्ण कराया जाय तथा आगे होने वाले पुनरीक्षण कार्य में बी.एल.ओ.के रूप में नियुक्त शिक्षकों के स्थान पर शिक्षा मित्रों एवं अनुदेशकों की ड्यूटी लगाकर कार्य सम्पादित कराया जाय।

सनत कुमार सिंह ने कहा कि उक्त आदेश के समादर में विगत वर्षो में पंचायत निर्वाचन व विधान सभा निर्वाचन एवं लोक सभा निर्वाचन हेतु बी.एल.ओ. ड्यूटी का कार्य बेसिक शिक्षकों से नहीं लिया गया परन्तु वर्तमान समय में मनमानी रवैया अपनाते हुए अधिकारियों द्वारा कुछ शिक्षकों की ड्यूटी,बी.एल.ओ.के रूप में लगायी जा? रही है,उक्त सम्बन्ध में निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर बी.एल.ओ. ड्यूटी में लगाए जा रहे शिक्षकों को बी.एल.ओ.ड्यूटी से मुक्त रखे जाने की मांग की गई है। यदि पूर्व के आदेश का समादर न किया गया तो संगठन धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा।

# गंगा किनारे बसी आस्था की नगरी, लगेगी विकास की प्रदर्शनी

- आठ अखाड़े, विकास प्रदर्शनी और सांस्कृतिक आयोजनों के साथ रहेगा कड़ी सुरक्षा का पहरा
- माघ माह में कल्पवास और साधु-संतों के प्रवास को लेकर प्रशासन ने पूरी की तैयारियां

**अवधनामा संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** माघ माह के आगमन के साथ ही गंगा के पंचाल घाट पर आस्था की नगरी आकार लेने लगी है। एक माह तक चलने वाले धार्मिक आयोजन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी हो गई हैं। कल्पवास, साधु-संतों और श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए गंगा किनारे अस्थायी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रूप दिया जा रहा है। कल्पवास के लिए गंगा तट पर स्थान चिन्हित कर टीन शेड लगाए गए हैं। साधु-संत और महात्मा पहले ही पंचाल घाट क्षेत्र में पहुंच चुके हैं और माघ माह भर यहीं साधना व गंगा स्नान करेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ठहराव, पेयजल और स्वच्छता से जुड़ी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

धार्मिक परंपराओं के अनुसार इस बार आठ अखाड़ों के लिए अलग-अलग मंडल तैयार किए गए हैं। अखाड़ों की बाउंड्री तय कर उनके भीतर ठहरने की व्यवस्था की गई है, ताकि अनुशासन बना रहे और श्रद्धालुओं की आवाजाही सुचारू रहे।

**स्वच्छता और पेयजल की पुख्ता व्यवस्था :** मेला सचिव एवं अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार के अनुसार मेला क्षेत्र में स्वच्छता को प्राथमिकता दी जा रही है। इस बार भी 1065 शौचालय बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही लगभग इतने ही नल पेयजल के लिए लगाए जा रहे हैं। सार्वजनिक शौचालयों की अलग व्यवस्था की गई है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे आकर्षण :** श्रद्धालुओं के लिए मेला क्षेत्र में सांस्कृतिक पांडाल तैयार किया गया है। यहां दिन में 11 से 3 बजे और रात में 8 से 11 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मेला अवधि में भागवत कथा और रामकथा जैसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे।

**विकास प्रदर्शनी और विभागीय स्टॉल :** गंगा तट पर धार्मिक आयोजन के साथ-साथ विकास प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल लगाए जाएंगे। महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की बिक्री की भी व्यवस्था की गई है।

**सुरक्षा व्यवस्था पर खास जोर :** श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई है। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ मेला क्षेत्र में लगातार निगरानी की जा रही है।

# सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को एएसपी ने सम्मानित कर दी भावुक विदाई



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** उत्तर प्रदेश पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों की यादगार विदाई के लिए बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, वन्दना सिंह द्वारा पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान एएसपी द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा पुलिस सेवा में रहते हुये उनके द्वारा की गयी विभिन्न सराहनीय सेवाओं को याद करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य, सुखमय जीवन व उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाओं के साथ भावुक विदाई दी गई। निरीक्षक लिपिक श्रीमती शशि तोमर, उपनिरीक्षक काली चरन, कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह उक्त विदाई समारोह के अवसर पर क्षेत्राधिकारी कार्यालय तेज प्रकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी साइबर गौरव उपाध्याय, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार, जनपदीय पुलिस के अधि./कर्म.गण एवं अन्य सम्बन्धित पुलिसकर्मियों सहित उनके परिवारीजन उपस्थित रहे और सभी के द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मियों को ससम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

# आशिक की बेवफाई से आजिज आकर युवती ने नए साल की पूर्व संध्या पर जहर खाकर की आत्महत्या

- जहर पीते युवती ने वीडियो बनाकर वायरल करके दुनिया को कह गई अलविदा

**अवधनामा संवाददाता**





**महोबा।** थाना खरेला के चंदौली गांव में आशिक की बेवफाई से आजिज आकर युवती ने नए साल की पूर्व संध्या पर जहर पीकर जान दे दी और मरने से पहले जहर पीते हुए युवती ने वीडियो बनाकर वायरल करके दुनिया को अलविदा कह गई। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और आनन फानन में आशिक के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की तलाश में जुट गई है।

चंदौली गांव निवासी प्रियंका (21) पुत्री रामभगत राजपूत का पड़ोसी रामनरेश पुत्र नरेश से चार वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शादी का सांझा देकर वह युवती से चार साल तक मिलता रहा, लेकिन आज तक शादी नहीं की। प्रेमी के परिवारीजनों के विरोध के चलते कुछ समय से वह अपनी प्रेमिका से दूरी बनाने लगा था। तय समय के अनुसार निर्धारित स्थल पर पहुंचने की बात कहने के बाद भी प्रेमी वहां नहीं पहुंचा और जब प्रेमिका ने मोबाईल के जरिए शिकवा किया तो उसने प्रेमिका को मर जाने की सलाह दे डाली, जिससे समाज में हुई बदनामी व पारिवारिक नाराजगी और प्रेमी के बेवफाई से क्षुब्ध होकर युवती ने जहर खाकर मौत को गले गला लिया।

प्रियंका ने जहर खाते हुए वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में युवती जहर पीते हुए साफ दिखाई दे रही है। परिजन जब खेत से घर वापस आए तो बेटी को अचेत अवस्था में देख बुरी तरह घबरा गए और उसे अचेत अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिए। मृतका के पिता की सूचना पर उपनिरीक्षक अवनीश यादव ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

थाना खरेला प्रभारी निरीक्षक नन्हेलाल यादव ने बताया कि वायरल वीडियो के मुताबिक मृतका की मौत में प्रेम प्रसंग का मामला प्रकाश में आया है। मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# अधिकारियों ने माघ मेले की तैयारियो का स्थलीय निरीक्षण किया

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी फर्रूखाबाद आशुतोष कुमार द्विवेदी, जिलाधिकारी शाहजहाँपुर धर्मेंद्र प्रताप सिंह तथा पुलिस अधीक्षक फर्रूखाबाद आरती सिंह द्वारा ढाई घाट पहुँचकर ढाई घाट पर आयोजित होने वाले माघ मेले की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत शाहजहाँपुर द्वारा अवगत कराया गया कि मेला क्षेत्र में आने-जाने के मार्ग तैयार कर लिए गए हैं। अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए टेंट लगाए गए हैं। रैन बसेरों का निर्माण किया जा रहा है तथा महिला स्नानार्थियों के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी द्वारा मेला क्षेत्र में मेडिकल कैम्प स्थापित करने, गोताखोरों की तैनाती, खोयापाया केन्द्र बनाने, पी0ए0सिस्टम लगाने, नाव की व्यवस्था, पर्याप्त पार्किंग, पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

# शहाना खातून बनीं मुफ्तिया, हुआ सम्मान समारोह

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** मेहनत, मजबूत इरादा व लगन हो तो कामयाबी कदम चूमती है इसको साबित किया है मदरसा रजा-ए-मुस्तफा तुर्कमानपुर की होनहार शिक्षिका शहाना खातून ने। मदरसा जामियतुल बनातिज जियाइया परसौनी से शहाना खातून ने मुफ्तिया की डिग्री हासिल कर ली है। मुजरी गांव, महराजगंज के रहने वाले पिता हुसैन अली व मां फातिमा खातून ने मुफ्तिया शहाना खातून की सफलता पर खुशी का इजहार किया है। मुफ्तिया शहाना खातून के भाई हाफिज रहमत अली निजामी सब्जपोश हाउस मस्जिद जाफरा बाजार में इमाम हैं। बुधवार को मदरसा रजा-ए-मुस्तफा तुर्कमानपुर में शहाना खातून के मुफ्तिया बनने की खुशी में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। शिफा खातून, फिजा खातून, सना फातिमा, सादिया नूर, शिफा नूर, शालिबा खान, मुबश्शिरा कुरैशी, मुअज्जमा कुरैशी, इरम परवीन, अदीबा फातिमा, साहिबा खातून, खुशी नूर ने मुफ्तिया शहाना खातून का फूल मालाओं व तोहफों से नवाजा।

समारोह में कारी मुहम्मद अनस रजवी ने मुफ्तिया शहाना खातून का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि मेहनत से ही कामयाबी मिलती है, क्योंकि सफलता के लिए लगन, धैर्य, सही दिशा में प्रयास और खुद पर विश्वास जरूरी है। कड़ी मेहनत टैलेंट और किस्मत से भी बढ़कर है और सपनों को हकीकत में बदलने की कुंजी है। बिना मेहनत के कोई भी बड़ा मुकाम हासिल नहीं कर सकता। मुफ्तिया शहाना खातून ने साबित किया है कि उन्हें कामयाबी कड़ी मेहनत की वजह से मिली है। कामयाबी की राह में कड़ी मेहनत एक मजबूत स्तंभ है।

शहर काजी मुफ्ती मुहम्मद अजहर शम्सी ने कहा कि सफलता का कोई छोटा रास्ता नहीं होता। वह केवल कड़ी मेहनत, निरंतरता और अटूट संकल्प से ही प्राप्त की जा सकती है। जब आप मेहनत करती हैं, तो आप न केवल परिणाम हासिल करती हैं, बल्कि उस प्रक्रिया में बहुत कुछ सीखती भी हैं, जो भविष्य में आपके काम आता है।

# मंडलायुक्त और डीएम ने नूतन वर्ष 2026 की दी शुभकामनाएं

**अवधनामा संवाददाता, गोरखपुर।** मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने सभी मंडल वासियों को नव वर्ष 2026 की शुभकामनाएं दी है। अपने शुभकामना संदेश में मंडलायुक्त ने नूतन वर्ष 2026 सभी के लिए कल्याणकारी एवं मंगलकारी होने की कामना की और सभी जनपद/मण्डल वासियो से गोरखपुर मंडल के विकास के लिए कृत संकलित होकर कार्य करने का आह्वान भी किया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जनपद वासियों को नूतन वर्ष 2026 की बधाई दी है। जिलाधिकारी ने इस नए वर्ष में जनपद के प्रत्येक नागरिक के जीवन में शान्ति, सुख ,समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की एवं सभी से इस नूतन वर्ष में राज्य एवं राष्ट्र की सम्पूर्ण प्रगति एवं समृद्धि के लिए प्रतिबद्धता एवं समर्पण भाव के साथ कार्य करने का आह्वान भी किया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस नूतन वर्ष में भी जनपद में शासन एवं प्रशासन के सभी अंगों के साथ सम्पूर्ण समन्वय स्थापित कर एवं कार्यों में नागरिक भागीदारी को सुनिश्चित कर जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों को जन जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से इस नूतन वर्ष में जनपद का चौमुखी विकास नए क्षितिज पर पहुंचेगा।

# नशेड़ी पति ने पत्नी को पीटा हालत गंभीर

**गोरखपुर ।** सहजनवा थाना के माडर में मंगलवार की रात्रि में नशेड़ी पति ने पत्नी को इतनी बेरहमी से पीट दिया है। जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मेडिकल कालेज में महिला का इलाज चल रहा है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति के



खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के माडर निवासी रीमा पत्नी दिलीप जिसका पति शराब पीने का आदी है। वह अक्सर नशे की हालत में आकर पत्नी से विवाद करता रहता है। रात्रि में 10 बजे के करीब वह शराब के नशे में घर पहुंचा और पत्नी से जबरन पैसा मांगने लगा। देने से इनकार करने पर वह डंडे से पत्नी का बेरहमी से पिटाई कर घायल कर दिया। बचाव करने पहुंची 5 वर्षीय बेटी को उठा कर पटक दिया। घायल को मायके वाले सीएचसी सहजनवा लाए हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है।

# लोधी समाज की मजबूत आवाज़ बने लोधी अवधेश सिंह खलीफा, बने प्रदेश महासचिव

**अवधनामा संवाददाता**



**फर्रुखाबाद/लखनऊ।** अबन्ती क्रांति पार्टी ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाते हुए लोधी समाज के संघर्षशील सपूत श्री लोधी अवधेश सिंह खलीफा को प्रदेश महासचिव (उत्तर प्रदेश) के पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति लोधी समाज के सम्मान, स्वाभिमान और अधिकारों की लड़ाई को नई दिशा देने वाली साबित होगी।

श्री लोधी अवधेश सिंह खलीफा ग्राम रानू खेडा, कमालगंज, जनपद फरुखाबाद के निवासी हैं। वे वर्षों से लोधी समाज, पिछड़े वर्गों, किसानों, मजदूरों और वंचितों की आवाज़ को मजबूती से उठाते रहे हैं। उनका जीवन संघर्ष, सेवा और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा है।

अबन्ती क्रांति पार्टी का मानना है कि जब तक लोधी समाज सहित पिछड़े वर्गों की निर्णायक भागीदारी सत्ता में नहीं होगी, तब तक सामाजिक न्याय अधूरा रहेगा। इसी सोच के साथ पार्टी ने यह जिम्मेदारी श्री खलीफा को सौंपी है।

पार्टी नेतृत्व को पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और लोधी समाज की आवाज़ सड़क से सदन तक गूंजेगी। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए संकल्प लिया कि अबन्ती क्रांति पार्टी को जन-जन की पार्टी बनाया जाएगा।

**अबन्ती क्रांति पार्टी :** लोधी समाज की आवाज़, हक़ और सम्मान की लड़ाई।

# भाजपा जिला मुख्यालय पर अटल स्मृति सम्मेलन संपन्न हुआ

**जया उल्लाह खान संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सदर विधानसभा क्षेत्र का अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पालने सदर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं बुद्ध जीवी वर्ग के लोगों को संबोधित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने की। कार्यक्रम के संयोजक अतुल दीक्षित ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा अटल बिहारी वाजपेई भारतीय राजनीति के सबसे लोकप्रिय नेता थे जिन्होंने अपनी प्रखर वाणी कविताओं एवं राजनीतिक सूझबूझ से भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अपना नाम रोशन करने का काम किया। उन्होंने अपनी 13 दिन 13 महीने और उसके बाद पूरे 5 वर्ष की सरकार में गरीब कल्याण के लिए ऐतिहासिक कार्य किया। भारत की शक्ति को पूरी दुनिया में प्रदर्शित करते हुए उन्होंने परमाणु परीक्षण करके आतंक और आतंकवादियों को सख्त संदेश देने का कार्य किया था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है तो उसमें अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व वाली सरकार का भी योगदान है। भारत-पाकिस्तान के बीच सद्भावना यात्रा निकालकर उन्होंने एकता का संदेश दिया उसके साथ ही जब पड़ोसी मुल्क के द्वारा भारत पर आतंकी घुसपैठ कारगिल में की गई उसका भी जवाब उन्होंने पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई करके दिया उन्होंने कहा की पूर्व प्रधानमंत्री शांति प्रणेता भी थे और युद्ध विजेता भी थे। संगठन पर जोड़ देते हुए उन्होंने कहा सदर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता पुनरीक्षण अभियान की गति धीमी है इसके लिए कार्यकर्ता घर-घर जाकर इस अभियान से जुड़े और नए मतदाता बनाने का कार्य करें।स्ढ्रक्र के अभियान को लेकर क्षेत्रीय व प्रदेश स्तर पर मॉनिटरिंग की जा रही है।

सांसद मुकेश राजपूत ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री भारत के ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लोकप्रिय नेता थे। उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए देश का चौमुखी विकास किया नदियों को नदियों से और सड़कों को सड़कों से जोड़कर भारत की तस्वीर बदलने का कार्य किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री राजनीति के अजातशत्रु थे उनके विचार आज भी सुशासन लोकतंत्र और राष्ट्र सेवा की दिशा में सभी का मार्गदर्शन करते रहेंगे। वाजपेई के जीवन व उनके विचार के बारे में जानकारी देकर संगठन आत्मक चरित्र निर्मित करने के उद्देश्य से अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन किसान मोर्चा जिला महामंत्री अजीत पांडे ने किया इस कार्यक्रम के अवसर पर कन्नौज के पूर्व जिला अध्यक्ष आनंद सिंह ने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर अटल स्मृति सम्मेलन कार्यक्रम के क्षेत्रीय संयोजक जितेंद्र सचान क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ भूदेव सिंह राजपूत पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक ठाकुर वीरेंद्र सिंह राठौड़ दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक अभिषेक त्रिवेदी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भास्कर दत्त द्विवेदी जिला महामंत्री डीएस राठौर आदि लोग मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **सिंगल पैकेट पद्धति** से ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **23.01.2026** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुवल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉज़िट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | निविदा सूचना संख्या | | 01362025 दिनांक 30.12.2025 |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | 1 | वरि0 मण्डल अभियंता–तृतीय/उ0रे0/लख0 के अधीन सहायक मण्डल अभियन्ता/वाराणसी के परिक्षेत्र में वाराणसी कैंट स्टेशन पर विभागीय मशीनीकृत लाँड्री को बढ़ाने / उन्नयन का कार्य तथा प्रयाग स्टेशन से वाराणसी कैंट स्टेशन तक कंटेनर के परिवहन तथा स्थापना का कार्य। |
| 2 | अनुमानित लागत | 1 | रू0 1,83,88,920.59 |
| 3 | धरोहर राशि | 1 | रू0 2,42,000.00 |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं0 01 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह (12) माह। |
| 5 | निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम सं0 01 के लिए | 09.01.2026 |
| 6 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं0 01 के लिए | 23.01.2026 15:00 बजे |
| 7 | वेबसाईट | | www.ireps.gov.in |

नोटः– 1. तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ0रे0 नयी दिल्ली का पत्र सं0 **74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनाँक 07.04.2015. 4031/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# अयोध्या के शौर्य, वैभव व पराक्रम के आगे नहीं टिक पाया कोई दुश्मनः सीएम योगी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ 'प्रतिष्ठा द्वादशी' बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल हुए। सीएम योगी ने अंग्रेजी नववर्ष 2026 की शुभकामना देते हुए प्रार्थना की कि यह वर्ष सभी के लिए मंगलकारी हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या ने स्वतंत्र भारत में रामजन्मभूमि आंदोलन के अनेक पड़ाव देखे हैं। अयोध्या के नाम से ही अहसास होता है कि यहां कभी युद्ध नहीं हुआ। कोई भी दुश्मन यहां के शौर्य, वैभव व पराक्रम के आगे टिक नहीं पाया, लेकिन कुछ लोगों ने अपने स्वार्थ, मजहबी जुनून व सत्ता के तुष्टिकरण की निकृष्टता में पड़कर अयोध्या को भी उपद्रव और संघर्ष का अड्डा बना दिया था।

सीएम योगी ने पिछली सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जिस अयोध्या में कभी संघर्ष नहीं होता था, उस अयोध्या में पिछली सरकारों के शासन में आतंकी हमले होते थे। अयोध्या को लहूलुहान करने का प्रयास हुआ था, लेकिन जहां प्रभु की कृपा बरसती हो और जहां हनुमानगढ़ी में स्वयं हनुमान जी महाराज विराजमान हैं, वहां कोई आतंकी कैसे घुस जाता। 2005 में जैसे ही आतंकियों ने दुस्साहस किया, तैसे ही पीएसी के जवानों ने ठक-ठक करके उन्हें मार गिराया।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्ष के अंदर तीन महत्वपूर्ण घटनाओं को अयोध्या कभी विस्मृत नहीं कर सकती। स्वतंत्र भारत में पहली बार 5 अगस्त 2020 को किसी प्रधानमंत्री का अयोध्या में आगमन हुआ। उन्होंने उस दिन यहां श्रीराम मंदिर का भूमि पूजन किया। 22 जनवरी 2024 (पौष शुक्ल द्वादशी) को फिर अयोध्या धाम आकर प्रधानमंत्री ने रामलला की भव्य मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को संपन्न किया। 25 नवंबर 2025 को विवाह पंचमी पर प्रधानमंत्री जी ने अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य शिखर पर सनातन धर्म की भगवा ध्वजा को प्रतिष्ठित किया और संदेश दिया कि सनातन से ऊपर कोई नहीं। सनातन का पताका हमेशा ऐसी ही दिखाई देगी।

**'प्रतिष्ठा द्वादशी'**

- **प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ 'प्रतिष्ठा द्वादशी' में शामिल हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**
- **श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में राजनाथ सिंह की रही प्रत्यक्ष भूमिका**
- **सीएम सीएम योगी ने अंग्रेजी नववर्ष 2026 की दी शुभकामना, सभी के लिए मंगलकारी हो यह वर्ष**



**श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में राजनाथ सिंह जी की रही प्रत्यक्ष भूमिका**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए और संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए राजनाथ सिंह जी की श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में प्रत्यक्ष भूमिका रही है। 500 वर्ष के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर प्रभु रामलला के विराजमान होने और मंदिर के इस भव्य स्वरूप को देखकर वे आनंद-गौरव की अनुभूति कर रहे हैं। आंदोलन में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करने वाले रक्षा मंत्री जी प्रतिष्ठा द्वादशी पर जब मां अन्नपूर्णा के मंदिर पर सनातन धर्म की ध्वजा का आरोहण कर रहे थे तो मैंने उन्हें भावुक होते देखा है।

सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले बिजली, पानी, स्वच्छता, सड़क, कनेक्टिविटी, सुरक्षा भी नहीं थी। जयश्रीराम बोलने पर लाठी और गिरफ्तारी होती थी, लेकिन अयोध्या के संदेश को आगे बढ़ाने के लिए देश-दुनिया का हर सनातन धर्मावलंबी अब यहां दर्शन करके अभिभूत होता है। पहले कुछ लाख लोग यहां आते थे, लेकिन पिछले पांच साल में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालु अयोध्या आए। सूर्य वंश की राजधानी अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी के रूप में हो गई है। अयोध्या धाम में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट है, अयोध्या रेलवे की डबल लाइन के साथ जुड़ गया है। हर ओर से यहां कनेक्टिविटी बेहतर हुई। जिस अयोध्या में सिंगल लेन की सड़कें थीं, आज फोरलेन की सड़कें हैं।

**देश में अब हर जगह बोल सकते जयश्रीराम और राम-राम**

गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में अब हर जगह जयश्रीराम और राम-राम बोल सकते हैं। अब भारत सरकार की योजना भी 'जी राम जी' के नाम पर आ गई है। यह रोजगार की सबसे बड़ी स्कीम बनने जा रही है। कोई भी बेरोजगार कहेगा कि मुझे अपनी ग्राम पंचायत में रोजगार चाहिए, तो उसे साल में 125 दिन रोजगार की गारंटी गांव में ही मिल जाएगी।

**रामभक्तों ने नहीं की लाठी और गोली की परवाह**

सीएम योगी ने कहा कि पांच सौ वर्ष के इतिहास का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 1528 से लेकर 1992 और इसके उपरांत भी अयोध्या में हर 20-25 वर्ष में राम मंदिर को वापस लेने के लिए, राम भक्त लगातार संघर्ष करता रहा। वह रुका, झुका और बैठा नहीं। उसने सत्ता, दमन, लाठी व गोली की परवाह नहीं की बल्कि वह लड़ता रहा। यह आंदोलन सफलता की नई ऊंचाइयों तक तब पहुंचा, जब आरएसएस ने नेतृत्व दिया। पूज्यों संतों को एक मंच पर लाने में अशोक सिंहल ने सफलता हासिल की। गुलामी का कलंक मिटा और भव्य राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ।

**यह यात्रा का विराम नहीं, बल्कि नई यात्रा की शुरुआत है**

सीएम योगी ने कहा कि आज प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समारोह आयोजित हुआ। अयोध्या की भव्यता, दिव्यता को अनंत काल तक बनाए रखने के लिए हर सनातन धर्मावलंबी को आगे बढ़ना होगा। यह यात्रा का विराम नहीं, बल्कि नई यात्रा की शुरुआत है। विरासत पर गौरव की अनुभूति करते हुए विकास के नित नए प्रतिमान को स्थापित करना है। पीएम मोदी ने हर भारतवासी को विकसित भारत की संकल्पना दी है। देश जब आजादी के 100 वर्ष पूरा करेगा तो हर भारतवासी का संकल्प होना चाहिए कि विरासत का संरक्षण करते हुए अपने क्षेत्र में उत्कृष्टतम कार्य करके दिखाना है। देश और सनातन धर्म की ध्वजा पताका को ऊपर उठाने के लिए हम सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास को बढ़ाना पड़ेगा। यही प्रयास भारत को दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में स्थापित करेगा।

## सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में 'एनथूजिया' खेल महोत्सव का भव्य आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के वार्षिक खेल महोत्सव 'एनथूजिया' में ऊर्जा, अनुशासन और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रभावी परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, निदेशक विशाल गुप्ता व अन्य अतिथियों ने गुब्बारे उड़ाकर किया। खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि खेल बच्चों में स्वस्थ शरीर के साथ सहयोग और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने खेलों को जीवन में हार-जीत स्वीकारने की सीख देने वाला बताया। तीरंदाजी, रेस, स्केटिंग, जुम्बा, कराटे, योग पिरामिड और 75 विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा निर्माण जैसे आयोजनों ने सभी को आकर्षित किया।प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। निदेशक विशाल गुप्ता ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास का सशक्त माध्यम हैं। कार्यक्रम में विद्यालय प्रशासन, शिक्षक, अभिभावक व बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा, भारत की आध्यात्मिक शक्ति की प्राण प्रतिष्ठा हैः राजनाथ सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु रामलला के विराजमान होने के प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह के द्वितीय वार्षिकोत्सव में शामिल होने, आज देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ अयोध्या धाम पहुंचे। इस पावन अवसर पर उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी में हनुमान जी का दर्शन पूजन कर, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु रामलला के दर्शन किये। इसके बाद उन्होंने मंत्रोच्चार के बीच श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में बने में मां अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर धर्मध्वजा को स्थापित किया।इस दौरान अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने अपने मनोभावों को व्यक्त करते हुए कहा कि नाथ आजु मैं कहा न पावा। ऐसा लग रहा है कि जीवन में मैं जो पाना चाहता था, वह सब कुछ मुझे मिल गया। राघवेंद्र सरकार ने इस दिन के लिए स्वयं मुझे चुना था, इसलिए आज यह अवसर मुझे मिल रहा है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे अपने जीवन का सौभाग्यशाली दिन बताते हुए कहा, ÷आज से दो वर्ष पूर्व जब प्रभु श्रीराम यहां पुनर्प्रतिष्ठित हुए, वो समस्त भारतवासियों के लिए गौरव का ऐतिहासिक क्षण था। प्रभु श्रीराम अपनी कीर्ति से आज केवल भारतवर्ष ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को विभूषित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या की हर गली-हर चौराहा राममय हो गया हो। कनक भवन, दशरथ महल, हनुमानगढ़ी, संपूर्ण अयोध्या मां सरयु की गोद में शोभायमान हो रही है। यह आभा केवल अयोध्या क्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण अवध और भारतवर्ष आज राममय है। उन्होंने इस दिन को गौरवपूर्ण बताते हुए याद दिलाया कि यह वही भूमि है, जिसने वर्षों तक भगवान राम के लिए असहनीय बलिदान दिया, अपमान सहा, लेकिन आस्था को कभी डिगने नहीं होने दिया। अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को राजनाथ सिंह ने भारत की आध्यात्मिक शक्ति की प्राण प्रतिष्ठा कहा। उन्होंने कहा, हम सभी पिछले अनेक पीढ़ियों की तुलना में अत्यतं सौभाग्यशाली हैं कि हमने वह क्षण अपनी आंखों से देखा।

राम मंदिर आंदोलन को उन्होंने दुनिया का सबसे ग्रैंड नैरेटिव बताते हुए कहा कि यह आंदोलन भूगोल और समय दोनों के हिसाब से अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि भारत से लेकर पाकिस्तान, श्रीलंका, इंडोनेशिया, वियतनाम और थाईलैंड जैसे अनेकों देश जहां हिंदुओं के अलावा अन्य समुदायों के लोग भी प्रभु राम से खुद को जुड़ा हुआ मानते हैं, यह उन सब राम को मानने वालों का आंदोलन था। 500 वर्षों के लम्बें अहिंसक संघर्ष से चलने वाला ऐसा आंदोलन इतिहास में कहीं देखने को नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या में केवल श्रीराम मंदिर का ही निर्माण नहीं हुआ है बल्कि हवाई अड्डा, रेल नेटवर्क, रोड कनेक्टिविटी के साथ उद्योग, व्यापार का सभी क्षेत्रों में अयोध्या विकास के नये आयाम रच रही है। विकास की यह धारा केवल अयोध्या तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे अवध प्रांत से लेकर देश के कोने-कोने तक पहुंच रही है। अवधपुरी की इस विकास यात्रा के लिए उन्होंने डबल इंजन सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और सफल प्रयास की सराहना की और बधाई दी।

रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए प्रभु श्रीराम की मर्यादा का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा जिस प्रकार प्रभु श्रीराम ने युद्ध में मर्यादा न छोड़ने की शिक्षा हम सबको दी है, उसी प्रकार हमारी सेना ने भी सीमित, नियंत्रित और उद्देश्यपूर्ण कार्रवाई की। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य आतंकियों को सबक सिखाना था, हमने उनके ठिकाने में घुस कर सबक सिखाया है। साथ ही उन्होंने बताया कि जिस तरह भगवान राम का दिव्य-भव्य मंदिर आयोध्या धाम में प्रतिष्ठित है, उसी तरह पुनौराधाम में मां जानकी की जन्मस्थली में भव्य मंदिर का भी



निर्माण हो रहा है। अपने संबोधन के समापन पर उन्होंने प्रार्थना की, ÷जब तक गगन में चंद्र और दिवाकर विद्यमान हैं, तब तक सनातन आस्था की ये धर्मध्वजा लहराती रहे। प्रभु राम हम सबको कर्तव्य का मार्ग दिखाएं।

## मुख्यमंत्री व रक्षा मंत्री ने हनुमानगढ़ी और रामलला के किए दर्शन-पूजन



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को हनुमानगढ़ी पहुंचकर संकट मोचन हनुमान के दर्शन-पूजन किए। हनुमानगढ़ी से निकलने के बाद रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री सीधे श्रीराम जन्मभूमि परिसर पहुंचे। यहां प्रभु श्रीरामलला मंदिर व राम दरबार में हाजिरी लगाई, विधिवत आरती उतारी तथा मंदिर की परिक्रमा की। सीएम व रक्षा मंत्री ने देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में शामिल होने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार सुबह अयोध्या पहुंचे। यहां महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। यहां से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हनुमानगढ़ी पहुंचकर संकट मोचन के चरणों में शीश झुकाया। यहां से वे सीधे श्रीराम जन्मभूमि परिसर पहुंचे। यहां प्रभु श्रीरामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इसके उपरांत राम दरबार में भी दर्शन-पूजन कर देश-प्रदेश की उन्नति और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की। वहीं कुबेर टीला में दर्शन-पूजन किया।

रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने श्रीराम की जयघोष व मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन कर मां अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर धर्मध्वजा का आरोहण किया।

दर्शन-पूजन के पश्चात रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री मंदिर बाहर निकले तो श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयघोष के साथ उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन स्वीकार किया और बच्चों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया। पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा।

## श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन राजा परीक्षित का प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रोता

**अयोध्या।** मसौधा विकासखंड के पूरे महावीर अमौना में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को कथावाचक इंद्रेश कौशिक महाराज ने राजा परीक्षित, शुकदेव जस्न्म एवं शुकदेव-परीक्षित संवाद का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा में बताया गया कि मनुष्य से भूल हो सकती है, लेकिन समय पर प्रायश्चित न हो तो वही भूल पाप बन जाती है।कथा के दौरान शमीक ऋषि, ऋंगी ऋषि के श्राप और राजा परीक्षित के वैराग्य प्रसंग को सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो गए। कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में श्रीकृष्ण की कृपा का भी सुंदर चित्रण किया। धार्मिक गीतों पर श्रद्धालु झूम उठे। दूसरे दिन बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे। इस अवसर पर ग्रामसभा के गणमान्य नागरिक, आयोजक मंडल एवं अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के वार्षिकोत्सव 'गूंज' में बिखरी सांस्कृतिक प्रतिभाओं की सुरमयी छटा



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के वार्षिकोत्सव 'गूंज' का आयोजन भव्य और यादगार रहा, जहां नृत्य, गायन, वादन व नाट्य प्रस्तुतियों ने सभागार को तालियों की गूंज से भर दिया। शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अभिभावकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. धीरेन्द्र प्रताप सिंह रहे। विद्यालय परिवार ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। नर्सरी के नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'लिटिल बाल हनुमान' और भगवती महाकाली की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। 'नमो गणेशा–एकदंत विघ्नहर्ता' पर 101 विद्यार्थियों की सामूहिक प्रस्तुति विशेष आकर्षण रही। इंडो-वेस्टर्न व वेस्टर्न डांस के माध्यम से माइकल जैक्सन को दी गई संगीतमय श्रद्धांजलि, राजस्थानी लोक नृत्य, कव्वाली, हॉरर कॉमेडी, नाटक और नृत्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को विविध रंगों से सजा दिया। मुख्य अतिथि रोली सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारने का सशक्त मंच हैं। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि जयपुरिया स्कूल में शिक्षा जीवन के हर पहलू को संवारने का कार्य कर रही है। निदेशक विशाल गुप्ता ने बच्चों के समग्र विकास में कला और संस्कृति की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।कार्यक्रम का संचालन लिटिल मैथ्यू, सुमेरा जाफरी, हेड बॉय प्रखर तिवारी व हेड गर्ल सृष्टि पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। समापन पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## गौ सेवक अविनाश सिंह मिल्कीपुर चतुर्थ से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ेंगे

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** गौ सेवा और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले गौ सेवक अविनाश सिंह ने अयोध्या जनपद के मिल्कीपुर चतुर्थ से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ने की घोषणा की है। वे भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता हैं और लंबे समय से संगठन से जुड़े हुए हैं।अविनाश सिंह ने बताया कि वे ब्लॉक प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह को अपना आदर्श मानते हैं और उनकी कार्यशैली से प्रेरणा लेकर जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। उनका कहना है कि राजनीति को वे सेवा का माध्यम मानते हैं और इसी भावना के साथ चुनाव मैदान में उतर रहे हैं।उन्होंने जानकारी दी कि उनके द्वारा संचालित श्री राधा कृष्ण गौ सेवा ट्रस्ट के माध्यम से निराश्रित और असहाय लोगों की निरंतर सेवा की जाती है। ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य बेसहारा गौवंश और जरूरतमंद लोगों की सहायता करना है।अविनाश सिंह ने कहा, मैं स्वयं बेजुबानों और जरूरतमंदों की सेवा के लिए 24 घंटे तत्पर रहता हूं। समाज के अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुंचाना ही मेरा लक्ष्य है। क्षेत्र में उनकी सामाजिक सक्रियता और गौ सेवा के कार्यों को लेकर लोगों में सकारात्मक चर्चा है। समर्थकों का मानना है कि यदि उन्हें जनसेवा का अवसर मिला, तो वे क्षेत्र के विकास और सामाजिक सरोकारों को नई दिशा देंगे।

## श्री कृष्ण गौशाला में बीजेपी उपाध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं का आगमन



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** श्री कृष्ण गौशाला सिसवा बाजार में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह जी, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष कुशीनगर लल्लन मिश्र, भाजपा नेता संतोष सिंह सहित अन्य गणमान्यजनों का आगमन हुआ। सभी अतिथियों ने गौशाला में प्रवास कर रहे गौवंश का अवलोकन किया और व्यवस्थाओं की सराहना की। इस अवसर पर श्री कृष्ण गौशाला के गोपालक आशुतोष भालोटिया ने गौवंश के लालन-पालन में अपनाई जा रही वैज्ञानिक तकनीकों तथा विलुप्त होती गंगा तिरी देशी गायों के संरक्षण पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आधुनिक तरीकों के साथ परंपरागत ज्ञान का समन्वय कर गौसेवा को सुदृढ़ बनाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि लगभग 80 वर्ष पुरानी यह गौशाला कुछ वर्ष पूर्व तक जर्जर अवस्था में थी, किंतु पिछले चार वर्षों में सिसवा के मारवाड़ी समाज के युवाओं ने बिना किसी सरकारी अनुदान के गौशाला की जिम्मेदारी संभाली और इसे सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया। यह पहल समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरी है। आज सिसवा क्षेत्र के अन्य सामाजिक लोगों के सहयोग और सामूहिक प्रयास से गौशाला में 100 से अधिक गौवंश का लालन-पालन बड़े ही सुचारू रूप से किया जा रहा है।

## सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में मिली बाइक समेत लाश

**मिठौरा (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** चौक थाना क्षेत्र के टीकर-पड़री सिवान में निचलौल-चौक मुख्य मार्ग पर बुधवार तड़के संदिग्ध परिस्थितियों में 22 वर्षीय युवक का शव मोटरसाइकिल सहित सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में पेट के बल पड़ा मिला। शव देख राहगीरों ने शोर मचाया, जिसके बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए। सूचना पर चौक पुलिस और सीओ निचलौल मौके पर पहुंचे। पुलिस शव की शिनाख्त कराने में जुटी थी, तभी चौक थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सेखुई निवासी मृतक के भाई हरेंद्र मौके पर पहुंचे और शव की पहचान अपने छोटे भाई गौतम (22)पुत्र सिंहासन? के रूप में की। पहचान होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य संकलन किया। मृतक के बड़े भाई हरेंद्र ने बताया कि गौतम सोमवार को अपने एक दोस्त के साथ नई मोटरसाइकिल खरीदने गया था।

## सनातन का रीढ़ है ब्राह्मणः श्रीनाथ धर दूबे



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज (नौतनवा)।** त्रिभुवन शिक्षा समिति सम्पतिहा नौतनवा के बैनर तले आयोजित ब्राह्मण सम्मान समारोह के आयोजक श्रीनाथ धर दूबे ने उक्त बातें ब्राह्मणों से चर्चा के दौरान कही।

बताते चलें की जनपद महराज के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी तथा श्री भगवान इन्टरमीडिएट कालेज सम्पतिहा के प्रबन्धक श्रीनाथ धर दूबे द्वारा क्षेत्र के सामाजिक कार्यो से सरोकार रखने वाले ब्राह्मणों के सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमे क्षेत्र के सामाजिक कार्यों में योगदान करने वाले ब्राह्मण वर्ग के सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती पूजन से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बड़हरा मंदिर महंत रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपना विचार रखते हुए अपने समाज को आगे बढ़ाने सहित सकल समाज के उत्थान पर चर्चा की। लगभग सभी वक्ताओं ने समाज के कमजोर व्यक्ति का सहयोग करने व एकजुटता बनाए रखते हुए अपनी स्थिति को मजबूत करने की बात कही। कार्यक्रम को प्रमुख रूप से हृदय उपाध्याय,कृष्ण शंकर उपाध्याय, दीपक बाबा,चंद्र प्रकाश मिश्र, ओम प्रकाश त्रिपाठी ने सम्बोधित किया।

उपस्थित ब्राह्मण समुदाय को सम्बोधित करते हुए श्रीनाथ धर दूबे ने कहा कि अपने परिवार के लोगोंका सम्मान करने का यह कार्य मुझे ईश्वर ने प्रदान किया इसके लिए मैं सबसे पहले ईश्वर को प्रणाम करता हूं।

## बच्चों की सूझबूझ से बची घायल उल्लू की जान

**वन विभाग ने किया त्वरित रेस्क्यू**

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के बोकवा गांव में बच्चों की सूझबूझ और वन विभाग की तत्परता से एक घायल उल्लू की जान बच गई। घायल अवस्था में पड़े उल्लू को लक्ष्मीपुर क्षेत्र के वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षित रेस्क्यू किया।

घटना उस समय हुई जब सुबह गांव के कुछ बच्चे – कुही, अनामिका सहित अन्य – खेल रहे थे। इसी दौरान उन्हें पक्षियों की तेज चहचहाहट सुनाई दी। पास जाकर देखा तो एक उल्लू घायल अवस्था में जमीन पर पड़ा था और कौवे व अन्य पक्षी उस पर चोंच मार रहे थे। बच्चों ने तत्काल इसकी जानकारी रूखमणी को दी, जिन्होंने परिजनों को बताया।

सूचना मिलने पर अवधनामा संवाददाता द्वारा वन विभाग को अवगत कराया गया। लक्ष्मीपुर के वन क्षेत्राधिकारी वेद प्रकाश शर्मा ने तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया। कुछ ही देर में वन कर्मी मौके पर पहुंचे और घायल उल्लू को अपने साथ ले गए। इस दौरान ग्रामीण राजकुमार ने भी रेस्क्यू में सहयोग किया।



रेस्क्यू टीम में शामिल वनकर्मी राजीव वर्मा ने बताया कि उल्लू को उपचार हेतु डॉ. रणधीर प्रसाद के पास ले जाया गया है। जांच के बाद उसकी स्थिति के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत टूलकिट वितरण

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता )** जनपद में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक श्री जयमंगल कन्नौजिया ने 250 लाभार्थियों को टूलकिट के रूप में सिलाई मशीन वितरित की तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण सत्र में दर्जी व हलवाई ट्रेड में कुल 300 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के नेतृत्व में योजनाएं अब पारदर्शी तरीके से जरूरतमंदों तक पहुँच रही हैं और महिलाएं इनसे आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। उन्होंने कहा कि सिलाई मशीन व प्रशिक्षण से महिलाएं न केवल अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं, बल्कि दूसरों को भी आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दे रही हैं। उल्लेखनीय है कि अब तक योजना के अंतर्गत कुल 450 लाभार्थियों को टूलकिट प्रदान की जा चुकी है।

# जिला पंचायत सभागार में उद्योग बंधु, श्रम बंधु तथा व्यापार बंधुओं के साथ मासिक समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**




**गोण्डा।** जिला पंचायत सभागार, गोण्डा में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन की अध्यक्षता में उद्योग बंधु, श्रम बंधु तथा व्यापार बंधुओं के साथ मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का उद्देश्य जनपद में औद्योगिक विकास, श्रमिक कल्याण एवं व्यापार से संबंधित समस्याओं की समीक्षा कर उनके समयबद्ध निस्तारण को सुनिश्चित करना रहा। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विभागवार बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बैठक में प्रस्तुत किए गए सभी संदर्भों एवं प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि उद्योग, श्रम और व्यापार से जुड़े मामलों का शीघ्र समाधान होने से न केवल निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि जनपद की आर्थिक प्रगति को भी गति मिलेगी। नमुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए उद्योगपतियों, श्रमिक संगठनों एवं व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय से पहुंचाया जाए, जिससे स्वरोजगार, उद्यमिता एवं श्रमिक हितों को मजबूती मिले। बैठक में उद्योग बंधु के अंतर्गत लंबित प्रकरणों, विद्युत आपूर्ति, भूमि आवंटन, लाइसेंस, ऋण स्वीकृति, श्रम विभाग से संबंधित पंजीकरण, श्रमिक सुविधाओं तथा व्यापार बंधु से जुड़े कर, लाइसेंस एवं अन्य प्रशासनिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक सुझाव दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि भविष्य की बैठकों में प्रकरणों की अद्यतन स्थिति के साथ ठोस कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि समीक्षा प्रक्रिया और अधिक प्रभावी हो सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करते हुए जनपद के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में जिला उद्योग अधिकारी श्री बाबू राम, उपश्रमायुक्त श्री मोहम्मद अब्बास, एलडीएम श्री विनोद कुमार तिवारी, अधिशासी अभियंता विद्युत श्री राधेश्याम भास्कर सहित उद्योग, श्रम, विद्युत, बैंकिंग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भाजपा के युवा मोर्चा उपाध्यक्ष ने प्रदेश के शीर्ष नेतेओ से की मुलाकात

**अवधनामा संवाददाता, सुलतानपुर।** प्रदेश की भाजपा सरकार ने नये युग को और मजबूती से राजनीतिकरण करते युवओ को तरासने का काम तेज कर दिया है। जिला युवा मोर्चा की इकाई मे दम भरते हुए सुल्तानपुर की राजनीति में युवा का नया चेहरा बने उपाध्यक्ष अंश द्विवेदी को जिले में नई पारी खेलने के लिए प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पट लिखना शुरू कर दिया है। इसी के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने भी मार्ग प्रशस्त करने का सरल तरीका तरासते हुए गुरु मंत्र दिया हैं। प्रदेश स्तर के दोनों नेताओं की मुलाकात में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अंश द्विवेदी से से अपने राजनीतिक जीवन का अनुभव साझा किया. मुलाकात में बीजेपी नेता ने अपनी दृढ़ शक्ति रखने वाले समय-समय पर युवाओं का नेतृत्व करते हुए लोगों के बीच सम्मान बटोरने की सलाह दी अपना आशीर्वाद देते हुए उन्होंने श्री दुबे ने बताया कि कोई भी राजनीतिक बड़ा छोटा नहीं होता।

# पुलिस ने किया वाहन चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलासा, दो गिरफ्तार

- चोरी की पिकअप के साथ पकड़ा, प्रेस कांफ्रेंस क्षेत्राधिकारी ने दी जानकारी

**एजाज़ सिद्दीक़ी**



**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी की महिन्द्रा पिकअप के साथ दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है, जो वाहन को नेपाल ले जाकर ऊंचे दामों पर बेचने की फिराक में थे।

घटना 30 और 31 दिसंबर की मध्य रात्रि की है। इटवा पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पटना तिराहा के पास एक महिन्द्रा पिकअप वाहन को संदेह के आधार पर रोका गया। वाहन की जांच और पूछताछ के दौरान पुलिस को कई गड़बड़ियां नजर आई।

गहन जांच में सामने आया कि पिकअप पर लगी नंबर प्लेट फर्जी थी। वाहन का वास्तविक नंबर DLvLAH2944 है, जिसे करीब तीन महीने पहले दिल्ली से चोरी किया गया था। पहचान छिपाने के लिए चोरों ने वाहन का नंबर बदल रखा था और उसे लंबे समय से इस्तेमाल कर रहे थे।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे इस चोरी की पिकअप को नेपाल ले जाकर बेचने की योजना बना चुके थे। सीमावर्ती इलाके का फायदा उठाकर वे चोरी के वाहनों की तस्करी करते थे।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सारुख अहमद पुत्र मसूद चौधरी और उस्मान पुत्र असगर के रूप में हुई है। दोनों थाना इटवा क्षेत्र के बेलहसा गांव के निवासी हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों अभियुक्त पहले भी वाहन चोरी के मामलों में शामिल रहे हैं।

पुलिस ने चोरी की महिन्द्रा पिकअप को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ थाना इटवा में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया गया।

सीमावर्ती जनपद होने के कारण सिद्धार्थनगर में वाहन तस्करी की आशंका बनी रहती है, लेकिन इटवा पुलिस की मुस्तैदी से एक संगठित साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक मनकापुर तहसील में संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन गोण्डा के जिला अध्यक्ष प्रदीप तिवारी के दिशा-निर्देशानुसार जिला महामंत्री आरपी सिंह की उपस्थिति व तहसील अध्यक्ष मनकापुर राकेश दत्त राम पांडेय की अध्यक्षता में बुधवार को चौधरी पैलेस मनकापुर में पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसील व ब्लॉक क्षेत्र के पत्रकारों ने सहभागिता की। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए सदस्यता अभियान, नए सदस्यों को सदस्यता ग्रहण कराना, ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी के गठन सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श कर संगठन को मजबूत करने और पत्रकार हितों के लिए एकजुट रहने पर जोर दिया गया। बैठक में प्रमुख रूप से दिनेश कुमार पांडेय, ज्ञानेंद्र चौधरी, राज शुक्ल, संजय पांडेय, दिनेश त्रिपाठी, केदारनाथ मिश्र, मोहम्मद तुफैल सिद्दीकी, सुनील कुमार त्रिपाठी, भूपेंद्र मिश्र, डॉ प्रभाकर पांडेय, रंजीत शुक्ल, देवास्कर शुक्ल, आशुतोष मिश्र, वृजनन्दन तिवारी, राहुल शुक्ल, अशोक श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार चौहान सहित अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त के बाद समाज के प्रति जिम्मेदारियां और बढ़ जाती है : प्राचार्य

- रामयज्ञ कर्तव्यों के प्रति बेहद गंभीर रहे : सीएमएस

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** स्वशासी राजकीय महाविद्यालय में उस समय खुशी और गम का मिला-जुला माहौल देखने को मिला,जब चालक रहे रामयज्ञ का कार्यकाल पूर्ण होने पर बिदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वशासी राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डां.सलिल श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिक्षक डां.आरके मिश्रा सहित डाक्टर्स व महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचरियों की मौजूदगी रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डां.सलिल श्रीवास्तव ने रामयज्ञ के कार्यो की प्रशंसात्मक लहजे में संबोधित करते हुए उपस्थित कर्मियों से कहाकि रामयज्ञ अपनी सेवाकाल में बेहद सरल व सहयोगी व्यक्ति रहे,उनसे आज के युवाओं को सीखने की जरूरत है, प्राचार्य डां.सलिल श्रीवास्तव ने कहाकि सेवानिवृत्त के बाद समाज के प्रति जिम्मेदारियां और बढ़ जाती है, आपका अनुभव समाज के लिए प्रेरणा साबित हो सकता है। वही मुख्य चिकित्साधिक्षक डां.आरके मिश्रा ने चालक रामयज्ञ के कार्यकाल और अपने अनुभव को साझा करते हुए कहाकि अपने दायित्वों के प्रति बेहद गंभीर व जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज तक की यात्रा में रामयज्ञ ने हमेशा एक अच्छे कर्मी की भूमिका निभाई, चालक रामयज्ञ के बिदाई समारोह कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी ओम प्रकाश गौड ने किया, उक्त अवसर पर सीएमएस महिला डां.आरके यादव, डां.सीएल रस्तोगी, डां.जीसी पाठक, डां.राम धीरेन्द्र, डां.अविनाश चंद्र गुप्ता वरिष्ठ फिजिशियन, डां.राम अनुज वर्मा, ईएनटी सर्जन डां.एएन तिवारी, डां.राजेश मिश्र सहित मेडिकल कॉलेज के तमाम स्टाफमौजूद रहे।

# नववर्ष की पूर्व संध्या पर आयुक्त दंपत्ति ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बांटे शॉल

**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** नव वर्ष की पूर्व संध्या पर मानवता, सेवा और संवेदना का सुंदर उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब देवीपाटन मण्डल के आयुक्त अपनी धर्मपत्नी के साथ पंतनगर स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों से आत्मीय संवाद किया और उन्हें सर्दी से बचाव हेतु शॉल वितरित किए।

आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील एवं उनकी धर्मपत्नी गरिमा भूषण ने वृद्धजनों के बीच पहुंचकर न केवल उन्हें शॉल भेंट किए, बल्कि उनका हालचाल भी जाना। उन्होंने वृद्धजनों से बातचीत करते हुए कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिक हमारी धरोहर हैं और उनके सम्मान, सुरक्षा एवं देखभाल की जिम्मेदारी हम सभी की सामूहिक है। नव वर्ष के आगमन से पहले वृद्धजनों के साथ समय बिताकर उन्हें अपनत्व और सम्मान का अहसास कराना इस पहल का मुख्य उद्देश्य रहा। इस अवसर पर आयुक्त दंपति के सुपुत्र भी उपस्थित रहे। परिवार के साथ वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों से संवाद करना एक भावनात्मक और प्रेरक क्षण रहा, जिसने पारिवारिक संस्कारों और सामाजिक दायित्व का संदेश दिया। बच्चों और युवाओं के



लिए यह एक महत्वपूर्ण सीख रही कि जीवन के इस पड़ाव पर पहुंचे बुजुर्गों के साथ संवेदनशील व्यवहार और सेवा भावना कितनी आवश्यक है। शॉल पाकर वृद्धजनों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था। सभी वृद्धजनों ने इस स्नेहपूर्ण पहल के लिए आयुक्त दंपति का आभार व्यक्त किया और उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के छोटे-छोटे प्रयास उन्हें आत्मसम्मान और अपनापन महसूस कराते हैं। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर किया गया यह सेवा कार्य समाज में करुणा, सहानुभूति और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# परिषदीय विद्यालयों के बच्चे एवं शिक्षक जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** शिक्षाक्षेत्र जलालपुर की खण्ड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह के नेतृत्व में परिषदीय विद्यालयों के बच्चे एवं शिक्षक ब्लाक एवं जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सफलता के परचम लहरा रहे हैं। ए आर पी (एकेडमिक रिसोर्स पर्सन) प्रधानाध्यापकों,प्रभारी प्रधानाध्यापकों, सहायक अध्यापकों, अनुदेशकों एवं शिक्षामित्रों के सहयोग से गणित प्रदर्शनी,आई सी टी, क्राफ्ट,कला एवं कहानी सुनाओ समेत अन्य प्रतियोगिता में शिक्षक कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।



विगत नवंबर माह में जनपद मुख्यालय पर आयोजित गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता में कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय हैदराबाद की छात्रा आस्था ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ब्लॉक का सिर ऊंचा किया वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव की आर्या प्रजापति ने दूसरा मुकाम हासिल कर ब्लॉक को गौरवान्वित किया। जनपद स्तरीय गणित प्रदर्शनी में उच्च प्राथमिक विद्यालय लाभापर की सहायक अध्यापिका डॉ मनीषा वर्मा ने प्रथम और कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय भाऊ कुंआ के सहायक अध्यापक रजा हैदर ने दूसरा स्थान लाकर ब्लॉक का नाम रोशन किया। जनपद स्तरीय आई सी टी प्रतियोगिता में कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय कांदीपुर की सहायक अध्यापिका अनुपम वर्मा दूसरे पायदान पर रहीं।प्रदेश स्तरीय कहानी सुनाने की प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय अहियापुर की सहायक अध्यापिका आस्था यादव ने पूरे जनपद में पहला स्थान हासिल कर ब्लॉक को गौरवान्वित किया।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान आलापुर में चल रहे जनपद स्तरीय दो दिवसीय क्राफ्ट प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय लाभापर की सहायक अध्यापिका डॉ मनीषा वर्मा ने पहला स्थान और कला(पेंटिंग) प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय नवानगर की सहायक अध्यापिका डॉ स्नेहलता वर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने प्रतिभागी छात्रों एवं शिक्षकों को प्रतियोगिता में सफलता मिलने पर उज्जवल भविष्य की कामना एवं शुभकामनाएं दी है।

## ठंड से बचाव हेतु जरूरतमन्दों को सीआरओ ने वितरित किया कम्बल

**गोण्डा।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशानुसार, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, नायब तहसीलदार सदर गोण्डा एवं जिला आपदा विशेषज्ञ ने देर रात्रि में शहर के गुरु नानक चौराहा, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन सहित अन्य विभिन्न रैनबसेरों और सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण किया। इसका मुख्य उद्देश्य ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की सहायता करना एवं उन्हें आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करना था।

जिलाधिकारी का यह प्रयास कि कोई भी व्यक्ति ठंड में परेशान न हो। इसके लिए टीम ने कम्बलों का वितरण किया, जिससे गरीब तथा जरूरतमंद लोग अपनी रातें सुरक्षित और गर्माइश के साथ गुजार सकें। मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश ने बताया कि ÷सरकार हमेशा जरूरतमंदों की सहायता करने के लिए तत्पर है। इस स्थिति में यह आवश्यक है कि हम लोगों तक पहुंचें और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करें। उन्होंने कहा कि रैनबसेरों में पर्याप्त कम्बल एवं अन्य आवश्यक सामग्री सुनिश्चित की जाएगी।

# खेल शारीरिक विकास के साथ अनुशासन के लिए भी अनिवार्य : विवेक मौर्य

**अवधनामा संवाददाता**

- बीएन इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ स्वर्गीय राम बहादुर वर्मा क्रिकेट कप, अकबरपुर 9000 बनी चैंपियन

**अकबरपुर, अम्बेडकरनगर।** अकबरपुर के ऐतिहासिक बीएन इंटर कॉलेज मैदान पर आयोजित स्वर्गीय राम बहादुर वर्मा क्रिकेट कप (सीजन प्रथम) का भव्य समापन मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। सात दिवसीय इस क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ 24 दिसंबर 2025 को हुआ था, जबकि समापन 30 दिसंबर 2025 को मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं नारायण फाउंडेशन के संरक्षक विवेक मौर्य की उपस्थिति में हुआ।

फाइनल मुकाबले में अकबरपुर 9000 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दारा वर्मा 11 को पराजित कर चैंपियनशिप अपने नाम की। विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया।समापन समारोह को संबोधित करते हुए विवेक मौर्य ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक अनुशासन और चरित्र निर्माण का भी सशक्त जरिया हैं। ऐसे स्थानीय खेल आयोजन ग्रामीण व कस्बाई क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा खेलो इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की। साथ ही बताया कि वर्ष 2030 में भारत द्वारा कॉमनवेल्थ खेलों के आयोजन की तैयारी देश में खेल संस्कृति को नई दिशा देगी।विवेक मौर्य ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए अध्यक्ष राज कुमार पटेल, उपाध्यक्ष अविनाश गौर, कोषाध्यक्ष अमित कुमार, कमेंटेटर समीर खान व त्रिलोक पटेल सहित पूरी संचालन समिति की प्रशंसा की। आयोजन समिति ने कॉलेज प्रशासन एवं स्थानीय पुलिस के सहयोग को भी सराहनीय बताया।

## दुकान बन्द कर घर जा रहे व्यापारी से 37 हज़ार की लूट जांच में जुटी पुलिस

**अवधनामा संवाददाता, हजपुरा,अंबेडकरनगर।** दुकान बंद कर घर लौट रहे एक थोक व्यापारी से लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर शाम करीब 7¬40 बजे सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सहनेमऊ निवासी मोहम्मद मुस्तकीम चनहा चौराहे पर स्थित अपनी दुकान बंद कर जब घर जा रहे थे, तभी जैनापुर और सरकारी नलकूप सिकंदरपुर के बीच काली जी के स्थान के पास दो मोटरसाइकिल पर सवार चार अज्ञात बदमाशों ने उन्हें निशाना बनाया। बदमाशों ने डाला रिक्शा रुकवाकर मुस्तकीम से 37,000 रुपये नकद और उनका मोबाइल फोन छीन लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने उन्हें मारा-पीटा भी और फिर मौके से फरार हो गए। पीड़ित मोहम्मद मुस्तकीम की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस इस मामले में आगे की जांच पड़ताल कर रही है। सम्मनपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह ने बताया, ÷पीड़ित की शिकायत पर तुरंत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बदमाशों की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## अधीक्षण अभियंता ने टांडा नगर में बकाया भुगतान को लेकर कटाए कनेक्शन



**टांडा अम्बेडकरनगर।** विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता ने टांडा नगर में दौरा कर चौक क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शन बकाया को लेकर कटवाए एवं अन्य विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह अपना बकाया भुगतान जल्द से जल्द जमा कर ओटीएस योजना का लाभ उठाएं नहीं तो आने वाले समय में उनके भी कनेक्शन काटे जायेंगे ओटीएस योजना की आज अंतिम दिन बड़ी संख्या में लोगों ने बकाया भुगतान कर योजना का लाभ उठाया उसके तत्पश्चात अधीक्षण अभियंता नगर के मुबारकपुर मोहल्ला के लिए रवाना हुए जहां उन्होंने बकाया को लेकर नियमानुसार कार्यवाही की इस दौरान अधिशाषी अभियंता मोहित कुमार अवर अभियंता के के तिवारी सीनियर लाइनमैन वीआईपी फीडर सैयद वकार मेहदी के साथ आउट सोर्स पर लगे कर्मचारी मौजूद रहे।

## गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता, गोण्डा।** थाना कौड़िया पर पंजीकृत मु0अ0सं0 221/25, धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त- गुलशन सिंह पुत्र श्रीचन्द सिहं निवासी ग्राम बरौली पुरे कलहंसन पुरवा थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा को रामपाल हाता तिराहा के पास गन्ने के खेत से गिरफ्तार कर लिया गया । दिनांक 22.09.2025 को प्रभारी निरीक्षक कौड़िया गोविन्द कुमार मय पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि सूचना मिली कि कप्तान सिंह उर्फ भूपेन्द्र सिंह निवासी सेहरिया थाना वजीरगंज एक शातिर अपराधी है, जो संगठित गिरोह बनाकर हत्या की कोशिश, लूट आदि अपराध करता है। गिरोह के सदस्य अभय सिंह, गुलशन सिंह, सनी सिंह, आशीष सिंह व रंजीत कुमार हैं। उक्त गिरोह का कृत्य उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 की धारा 3(1) के अन्तर्गत दण्डनीय पाया गया। गिरोह-चार्ट तैयार कर अनुमोदन उपरान्त अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना प्र0नि0 कटरा बाजार द्वारा की जा रही थी। जिसमें आज दिनांक 31.12.2025 को प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार की हुकुम तहरीरी पर प्रभारी निरीक्षक थाना उमरी बेगमगंज मय पुलिस टीम द्वारा उक्त गिरोह के सदस्य गुलशन सिंह पुत्र श्रीचन्द सिहं निवासी ग्राम बरौली पुरे कलहंसन पुरवा थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा को रामपाल हाता तिराहा के पास गन्ने के खेत से गिरफ्तार कर लिया गया।

# आबकारी विभाग की लापरवाही से बेलगाम शराब ठेके

- निर्धारित समय के बाद भी ठेके रहते हैं गुलजार
- पानी-गिलास के साथ शराब के शौकीनों को चख्ने की व्यवस्था मिलती है ठेकों पर

**अवधनामा संवाददाता**




**सुल्तानपुर।** आबकारी विभाग की कथित शिथिलता के चलते शराब ठेकों और बारों की गतिविधियाँ सवालों के घेरे में हैं। आरोप है कि जिले के कई प्रमुख स्थानों राहुल टॉकीज, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, मंडी परिसर, पुलिस लाइन, डाकखाना रोड, करोदिया, नेशनल टॉकीज सहित अन्य इलाकों में स्थित शराब के ठेके निर्धारित समय समाप्त होने के बाद भी खुले रहते हैं, और देर रात तक गुलजार दिखाई देते हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ठेकों पर शराब के साथ पानी और गिलास के साथ चख्ने की भी बिक्री खुलेआम की जा रही है, जबकि यह आबकारी नियमों का सीधा उल्लंघन है। साथ ही निर्धारित दरों से अधिक पैसे वसूले जाने के भी आरोप सामने आए हैं।

**नियम क्या कहते हैं :** उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम एवं शासनादेशों के अनुसार शराब की खुदरा बिक्री निर्धारित समय सीमा के भीतर ही की जा सकती है। ठेके के भीतर या आसपास बैठकर पिलाना, गिलास-पानी जैसी सहायक वस्तुओं की बिक्री कर स्थल पर सेवन को बढ़ावा देना निषिद्ध है (जब तक लाइसेंस की शर्तों में विशेष अनुमति न हो)। आबकारी विभाग का दायित्व है कि नियमित निरीक्षण, समयबद्ध बंदी और दरों की निगरानी सुनिश्चित करे। उल्लंघन पाए जाने पर जुर्माना, लाइसेंस निलंबन/निरस्तीकरण तक की कार्रवाई का प्रावधान है।

**निरीक्षण पर सवाल :** आरोप है कि आबकारी इंस्पेक्टर फोन नहीं उठाते, जबकि दुकानों की नियमित चेकिंग नहीं होती। इससे ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं और नियमों की अनदेखी लगातार जारी है। लोगों का कहना है कि यदि समय पर कार्रवाई होती, तो सार्वजनिक स्थानों पर देर रात तक चल रही गतिविधियों पर अंकुश लगता। सूत्रों के मुताबिक जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय में नियमित रूप से उपलब्ध नहीं रहते और विभागीय कार्यों के निस्तारण को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि, यह आरोप हैंकृइनकी औपचारिक पुष्टि संबंधित अधिकारियों से अपेक्षित है। इस मामले में जिला आबकारी अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनसे संपर्क नहीं हो सका। विभागीय पक्ष मिलने पर उसे यथाशीघ्र प्रकाशित किया जाएगा।

**जनहित का प्रश्न :** रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में मानक समय के बाद शराब बिक्री न केवल कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती है, बल्कि सामाजिक सुरक्षा से भी जुड़ा मुद्दा है। नागरिकों ने उच्चाधिकारियों से सख्त कार्रवाई, औचक निरीक्षण और पारदर्शी प्रवर्तन की मांग की है। यह रिपोर्ट प्राप्त शिकायतों और स्थलीय जानकारी पर आधारित है।

# जिलाधिकारी ने किया ग्लास म्यूजियम और ऑडिटोरियम का निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने जिलाधिकारी रमेश रंजन के साथ ग्लास म्यूजियम और ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि फिरोजाबाद की पहचान यहां के कांच उद्योग से है, अतः इस म्यूजियम को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार तैयार किया जाए, बच्चों को अपनी संस्कृति का ज्ञान कराने हेतु प्रेरणादाई वृतांतों का संकलन यहां हो, साथ ही साथ यहां पर चूड़ियों का एक प्रतीक भी बना हो, जिससे यहां की विरासत और संस्कृति की झलक एक नजर में ही परिलक्षित हो जाए, प्रमुख सचिव को अवगत कराया गया कि इसका संपूर्ण निर्माण कार्य जून से पहले कर लिया जाएगा, प्रमुख सचिव ने जिलाधिकारी के साथ जनपद में पर्यटन की संभावनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि फिरोजाबाद को कांच उद्योग और स्थानीय संस्कृति से जोड़कर पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है, उन्होंने कार्यदाई संस्था को भी कड़े शब्दों में कहा कि सभी अवशेष कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कर लिए जाएं, जिससे इसका लाभ आम नागरिक को और पर्यटकों को जल्द से जल्द मिल सके।

इसके पश्चात प्रमुख सचिव जिलाधिकारी के साथ नीम करोली बाबा में निर्माणाधीन आश्रय स्थल को देखने गए, जहां पर निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर अत्यंत नाराजगी दिखाई, उन्होंने कहा कि इस स्थान का महत्व केवल धार्मिक भावनाओं से जुडा नहीं है, बल्कि नीम करोली का यहां जन्म स्थान हमारी विरासत संस्कृति और त्याग का प्रतीक है, उन्होंने कार्यदायी संस्था से कहा कि यहां पर कराया गया कार्य आपको इतिहास में सदैव के लिए अविस्मरणीय बना देगा, प्रमुख सचिव ने यहां पर नीम करोली बाबा का जिलाधिकारी के साथ दर्शन भी किया।

## ट्रैफिक जाम से लांघता सैलानी

वर्षांत पर्यटन की हर दहलीज को लांघते वाहनों की शुमारी में, परिवहन व्यवस्था की रेजगारी बिखर रही है। इसमें दो राय नहीं कि पर्यटन की महफिल में हिमाचल का कद ऊंचा हुआ है, लेकिन अव्यवस्था के नासूर पूरी तरह फैले हुए हैं। क्रिसमस से न्यू ईयर तक सैलानियों के जत्थे हिमाचल को छान रहे हैं, तो रास्ते सजा देते हैं। पर्यटक स्थल सुविधाओं से महरूम नजर आते हैं। सफाई व्यवस्था की गवाही में कूड़े के ढेर और घूमने-फिरने के लिए न पार्क, न वाहन रहित मॉल और न ही मनोरंजन की सुविधाएं। दर्जनों झीलें, झरने, धरोहर गांव, मंदिर, कबाइली लाइफ, प्रकृति के नजारे, लेकिन हम पर्यटक को होटल दिखाना चाहते हैं। निवेश की सारी धरती पर कंक्रीट की गवाही में पर्यटन की संभावनाएं क्षीण हो रही हैं। इसलिए धर्मशाला कार्निवाल में आए पंजाबी गायक बब्बू मान अपील कर देते हैं, 'बचा लो इस हिमाचल की आभा को बचा लो।' प्रदेश में शिमला-धर्मशाला के दो कार्निवाल जाहिर तौर पर वर्षांत पर्यटन के फलक पर अपनी भूमिका को निखार रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में मंदिरों की घंटियां, अटल टनल का संवाद, राजधानी शिमला का आधार और दर्जनों पर्यटक स्थलों की रौनक में आई बहार देख सकते हैं। अगर सैलानी शिमला पहुंचना चाहते हैं, तो इस सफर के गवाह बने ट्रैफिक जाम परवाणू-सोलन से शिमला तक सारा गुड़ गोबर कर देते हैं। पिछले एक दशक से धूम मचा रहे बीड़-बिलिंग की सारी मजबूरियां ट्रैफिक जाम में उलझ जाती हैं।

जोगिंद्रनगर, भुंतर, बनीखेत-डलहौजी, कसौली, चिंतपूर्णी, दियोटसिद्ध ही नहीं, हर कस्बे-शहर से डेस्टिनेशन की ओर गुजरते पर्यटक को कई-कई घंटे के जाम से लांघना पड़ता है। सबसे वीभत्स दृश्य कांगड़ा के समीप मटौर चौक का है, जहां हर दिन तीन दिशाओं में ट्रैफिक जाम लगता है। इसी तरह धर्मशाला-मकलोडगंज और अटल टनल मार्ग पर मीलों लंबे ट्रैफिक जाम लगते हैं। होटलों में भले ही अस्सी से सौ फीसदी आक्यूपेंसी दर्ज होती है, लेकिन सडक़ पर पूरा सीजन रोता है। ऐसे में पर्यटन की मजबूती के लिए परिवहन की योजना को इंगित करना होगा। हर पर्यटक स्थल से दस से बीस किलोमीटर पहले ही वाहनों के ठहराव के लिए महापार्किंग मैदान विकसित करने होंगे और जहां से आगे या तो रोपवे, सार्वजनिक इलेक्ट्रिक गाडिय़ों या प्री पेड टैक्सियों से यातायात अनिवार्य किया जाए। पर्यटन के साक्षी अब होटल नहीं, बड़े-बड़े मैदान, पार्क, मनोरंजन स्थल और पार्किंग व परिवहन की वैकल्पिक व्यवस्था से ही साबित होंगे। इतना ही नहीं, कुछ प्रादेशिक सडक़ों को पर्यटन सडक़ का दर्जा देकर विकसित करना होगा। बहुत पहले जब शांता कुमार केंद्रीय मंत्री थे, तो उन्होंने धौलाधार के साथ-साथ एक ऐसे मार्ग की परिकल्पना की थी, जो डलहौजी से धर्मशाला और आगे जोगिंद्रनगर तक इसी अवधारणा को आवाज दे रहा था। अब शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ऐसी ही एक परियोजना के तहत नड्डी से डलहौजी को जोडऩे का संकल्प रखते हैं। उतराला से होली, चुवाड़ी सुरंग से चंबा तथा बाकी तमाम सुरंग मार्ग अगर निर्मित होते हैं, तो ये पर्यटन मार्ग बन जाएंगे। ट्रैफिक जाम का जितना ताल्लुक पर्यटन से है, उतना ही बाजार, व्यापार, शहरी विकास और टीसीपी कानून से भी है। बीड़-बिलिंग, शिकारी देवी तथा अन्य सभी पर्यटक स्थलों, गांवों व डेस्टिनेशन पर सख्ती से टीसीपी कानून अमल में लाना होगा। हिमाचल के हर मार्ग को नवनिर्माण की अफरा-तफरी से बचाने के लिए सख्त नियम बनाने ही पड़ेंगे।

वैश्वीकरण, शहरीकरण, प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावादी जीवनशैली ने परिवार को सुविधा-केंद्रित इकाई में बदल दिया है। संयुक्त परिवारों का विघटन, एकल परिवारों का बढ़ना और रिश्तों में औपचारिकता का प्रवेश इस परिवर्तन की स्पष्ट पहचान है। माता-पिता दोनों के कार्यरत होने की स्थिति में बच्चों के साथ समय बिताना एक चुनौती बन गया है। परिणामस्वरूप बचपन, जो कभी परिवार के स्नेह, संवाद और अनुभवों से संवरता था, आज स्क्रीन, अकेलेपन और भावनात्मक रिक्तता के बीच पनप रहा है। बच्चों के जीवन में माता-पिता की अनुपस्थिति केवल समय की कमी नहीं है।

# पारिवारिक परंपरा को बोझ नहीं, वैश्विक समाधान समझें

वैश्विक परिवार दिवस, शान्ति और साझेदारी का एक दिन, संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रतिवर्ष 1 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र सहस्राब्दी समारोह, 'शान्ति में एक दिन' से विकसित हुआ। समग्र विश्व एक वैश्विक ग्राम है और हम सभी इस बृहत-परिवार का हिस्सा हैं। भारत ने तो वसुधैव कुटुम्बकम् का उद्घोष करते हुए समूची दुनिया को एक परिवार ही माना है। वैसे भारत की परिवार परम्परा दुनिया के लिये अनुकरणीय है। हम सभी एक परिवार हैं, चाहे



ललित गर्ग

हमारी नागरिकता, धर्म, जाति, सीमाएं या नस्ल कुछ भी हो। समग्र मानव जाति को एक साथ आना चाहिए और प्रेम और शान्ति में विश्वास करना चाहिए और विश्व में सुख और आशा लाने हेतु इसका अभ्यास करना चाहिए। संसार संघर्षों, युद्धों, उपद्रवों, कष्ट और पीड़ा से भरा पड़ा है। यदि हम सभी एक साथ आएं और दुनिया को प्रेम और धैर्य से ठीक करें, तो हम सभी खुशी से और अपने हृदयों में आशा के साथ रह सकते हैं। वैश्विक परिवार दिवस विविधता एवं एकता और विश्व शान्ति और अहिंसा महत्त्व के बारे में जागरूकता लाता है।

इस दिवस की शुरुआत 1997 में हुई जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने नव सहस्राब्दी के पहले दिन से विश्व के बच्चों के लिए शांति और अहिंसा की संस्कृति के अंतर्राष्ट्रीय दशक की शुरुआत की। लिंडा ग्रोवर ने अमेरिका में इसे बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसे बढ़ावा देने के अन्य प्रयासों में 'वन डे इन पीस - जनवरी 1, 2000' जैसी पुस्तकें शामिल थीं। यह पुस्तक भविष्य में एक ऐसे दिन की अवधारणा पर आधारित थी जहाँ केवल शांति हो और कोई युद्ध न हो। हालांकि, यह एक नए शांतिपूर्ण विश्व की शुरुआत मात्र थी और 1999 में, संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों को उस वर्ष के पहले दिन को शांति निर्माण की रणनीतियों को विकसित करने के लिए समर्पित करने का निमंत्रण मिला। इस दिन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए, संयुक्त राष्ट्र ने 2001 में वैश्विक परिवार दिवस को वार्षिक आयोजन घोषित कर दिया।




प्रत्येक वर्ष परिवार की भूमिका, उसकी बदलती संरचना और सामाजिक प्रासंगिकता पर विचार करने का अवसर देने वाला वैश्विक परिवार दिवस आज के समय में केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं रह गया है, बल्कि वह आधुनिक समाज की सबसे गहरी विडंबनाओं और चुनौतियों को उजागर करने वाला एक चिंतन-दिवस बन गया है। परिवार मानव जीवन की वह मूल इकाई है, जहाँ व्यक्ति का भावनात्मक, नैतिक और सामाजिक निर्माण होता है। भारतीय संदर्भ में परिवार केवल रक्त-संबंधों का समूह नहीं रहा, बल्कि वह संस्कारों की पाठशाला, शांति, सहयोग एवं सौहार्द की प्रयोगभूमि और जीवन-मूल्यों का आधार रहा है। इसी परिवार-परंपरा ने भारत को सदियों तक सामाजिक स्थिरता, अहिंसा, सहिष्णुता और मानवीय करुणा का देश बनाए रखा। आज विडंबना यह है कि जिस भारतीय परिवार व्यवस्था को दुनिया एक आदर्श मॉडल के रूप में देख रही है, उसी भारत में वह धीरे-धीरे उपेक्षा और विस्मृति का शिकार होती जा रही है। वैश्वीकरण, शहरीकरण, प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावादी जीवनशैली ने परिवार को सुविधा-केंद्रित इकाई में बदल दिया है। संयुक्त परिवारों का विघटन, एकल परिवारों का बढ़ना और रिश्तों में औपचारिकता का प्रवेश इस परिवर्तन की स्पष्ट पहचान है। माता-पिता दोनों के कार्यरत होने की स्थिति में बच्चों के साथ समय बिताना एक चुनौती बन गया है। परिणामस्वरूप बचपन, जो कभी परिवार के स्नेह, संवाद और अनुभवों से संवरता था, आज स्क्रीन, अकेलेपन और भावनात्मक रिक्तता के बीच पनप रहा है। बच्चों के जीवन में माता-पिता की अनुपस्थिति केवल समय की कमी नहीं है, बल्कि वह सुरक्षा, संवाद और मार्गदर्शन की कमी भी है। परिवार का वह सहज वातावरण, जहाँ प्रश्न पूछे जा सकते थे, गलतियाँ स्वीकार की जा सकती थीं और भावनाएँ साझा की जा सकती थीं, आज धीरे-धीरे सिमटता जा रहा है। बुजुर्ग, जो कभी परिवार की धुरी हुआ करते थे, अनुभव और संस्कार के संवाहक थे, आज कई घरों में हाशिये पर खड़े दिखाई देते हैं। उनके पास समय नहीं, धैर्य नहीं और कभी-कभी सम्मान भी नहीं बचा। यह स्थिति केवल पीढ़ियों के बीच दूरी नहीं बढ़ा रही, बल्कि समाज को उसके नैतिक आधार से भी वंचित कर रही है। दूसरी ओर, यह भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि वैश्विक स्तर पर आज परिवार की भूमिका को नए सिरे से समझा जा रहा है। पश्चिमी देशों में, जहाँ अत्यधिक व्यक्तिगत स्वतंत्रता ने सामाजिक अकेलेपन को जन्म दिया, अब परिवार, साझेदारी और सामूहिक जीवन की पुनर्स्थापना पर गंभीर विमर्श हो रहा है। इसी क्रम में वैश्विक परिवार दिवस को केवल परिवार के रूप में नहीं, बल्कि शांति, सहयोग और साझेदारी के प्रतीक के रूप में भी देखा जाने लगा है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में इस दिवस को शांति और साझेदारी के वैश्विक दिवस के रूप में भी परिवार और मानवीय संबंधों के महत्व को रेखांकित किया जाता है। यह संकेत देता है कि परिवार केवल निजी जीवन की इकाई नहीं, बल्कि वैश्विक शांति और सामाजिक संतुलन की आधारशिला भी है।

दुनिया भर में संस्कृतियाँ और धर्म अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन सच्चाई यह है कि पूरी मानव जाति एक बड़ा परिवार है जो एकजुट होकर ही जीवित रह सकती है। इस वर्ष वैश्विक परिवार दिवस की थीम ÷परिवार, शिक्षा और कल्याणः आज और भविष्य÷ इस तथ्य की ओर संकेत करती है कि परिवार की भूमिका केवल बच्चों को पालने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह शिक्षा का पहला केंद्र और कल्याण का स्थायी आधार है। वैश्विक परिवार दिवस की प्रासंगिकता इसी बिंदु पर सबसे अधिक उभरकर सामने आती है कि परिवार केवल रहने की व्यवस्था नहीं, बल्कि जीने की संस्कृति है। परिवार में बिताया गया समय निवेश है, व्यय नहीं। बच्चों के साथ संवाद, बुजुर्गों के साथ सहभागिता और रिश्तों के बीच संवेदनशीलता समाज के दीर्घकालिक स्वास्थ्य की गारंटी है। यदि आज परिवार टूट रहे हैं, तो उसका प्रभाव केवल घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वह सामाजिक असंतुलन, मानसिक तनाव और मूल्यहीनता के रूप में व्यापक रूप से सामने आएगा। इस संदर्भ में आवश्यक है कि हम परिवार को नए दृष्टिकोण से देखें। आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। कार्य और परिवार के बीच प्राथमिकताओं का पुनर्निर्धारण हो। डिजिटल सुविधाओं के साथ मानवीय संवाद को भी उतना ही महत्व दिया जाए।

## नया वर्षः आत्ममंथन, संकल्प और मोदी सरकार की अग्नि-परीक्षा

नया साल एक नए सवेरे की तरह है, जो हर वर्ष एक बार आता है और अपने साथ नई शुरुआत की संभावनाएँ लेकर आता है। समय के साथ वह अपने चरम पर पहुँचता है और फिर धीरे-धीरे समाप्त हो जाता है। यही क्रम एक निरंतर अनुभव है, जिसे इस संसार का प्रत्येक व्यक्ति अनुभव करता है। यह निरंतरता ही प्रकृति और जीवन का परम सत्य है। नए वर्ष की शुरुआत प्रत्येक व्यक्ति को पिछले साल के निरंतर प्रवाह और अनुभवों से सीख लेकर अच्छे कार्यों से करनी चाहिए। यह समय आत्मचिंतन का होता है, जब हमें अपने अच्छे-बुरे कार्यों का मूल्यांकन कर आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए। नए साल की शुरुआत सद्कर्मों, सकारात्मक सोच और स्पष्ट दिशा के साथ करना ही जीवन को सार्थक बनाता है। नया वर्ष हर व्यक्ति के लिये बीते हुए वर्ष की सफलताओं और उपलब्धियों के साथ.साथ कमियों और गलतियों का मूल्यांकन करने का समय है। यह हमें अपने आप को भावी वर्ष के लिये योजना बनाने, कार्य करने तथा आगामी वर्ष के लिये नये लक्ष्य तय करने का अवसर प्रदान करता है। नये साल की शुरुआत में हर व्यक्ति को भावी वर्ष के लिये नये लक्ष्य बनाने चाहिए और उन्हें पूरा करने की रणनीति बनानी चाहिए। जिससे कि अवसरों को सफलता में बदला जा सके। यदि व्यक्ति अपने जीवन के आरंभ में ही अपने लक्ष्य निर्धारित कर लेता है, तो सफलता की दिशा स्वतः स्पष्ट हो जाती है। लक्ष्य हमें अनुशासन, परिश्रम और निरंतर प्रयास की प्रेरणा देते हैं। इसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति को नए वर्ष की शुरुआत में वर्ष भर के लिए कुछ स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए, ताकि आने वाले समय में वह अपने लक्ष्य के लिए किए गए सत्कर्मों और प्रयासों के माध्यम से निरंतर विकास करता हुआ अपने जीवन के चरम और शिखर तक पहुँच सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते वर्षों में अनेक उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं, साथ-साथ अनेक सफलताएँ भी पायी हैं। इन सफलताओं और उपलब्धियों में मोदी सरकार को अपनी गलतियों और कमियों पर पर्दा नहीं डालना चाहिए। बल्कि अपनी गलतियों और कमियों का मूल्यांकन करके भावी वर्ष के लिये रणनीति बनानी चाहिए। जिससे कि गलतियों और कमियों को सुधारकर अवसरों में बदला जा सके।



डॉ. ब्रह्मानंद राजपूत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते वर्षों में जिस प्रकार से अनेक चुनौतियों का सामना किया, उसी प्रकार भावी वर्ष में भी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। कहा जाए तो साल 2026 में नरेंद्र मोदी को अनेक अग्नि परीक्षाओं से गुजरना पड़ेगा और आने वाला वर्ष राजनीतिक दृष्टि से भी भाजपा व पीएम मोदी के लिये बेहद अहम है। 2026 में देश के 4 राज्यों-असम, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केरल तथा 1 केंद्र शासित प्रदेश-पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। ऐसे में भाजपा के सामने केवल प्रचार का ही नहीं, बल्कि संगठनात्मक मजबूती और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी की भी चुनौती होगी। इसी क्रम में (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) यानी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया चुनावी तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नए वर्ष में मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित, पारदर्शी और अद्यतन बनाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। विशेष गहन पुनरीक्षण के माध्यम से फर्जी, दोहरे या मृत मतदाताओं के नाम हटाकर वास्तविक और पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करना निष्पक्ष चुनाव की बुनियाद को मजबूत करता है। इन पाँच चुनावी क्षेत्रों में भाजपा की स्थिति अलग-अलग है। असम में पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार है, जबकि पुडुचेरी में गठबंधन सरकार सत्तारूढ़ है। इन दोनों स्थानों पर सत्ता को बनाए रखना भाजपा के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। वहीं केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल ऐसे राज्य हैं जहाँ भाजपा अपने संगठन का विस्तार कर राजनीतिक बढ़त बनाने की कोशिश कर रही है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल भाजपा की रणनीति का प्रमुख केंद्र बनता दिखाई दे रहा है। यहाँ राष्ट्रीय मुद्दों के साथ-साथ विशेष गहन पुनरीक्षण जैसी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के माध्यम से निष्पक्ष मतदान और जागरूक मतदाता पर जोर देना पार्टी की चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा हो सकता है। असम और पश्चिम बंगाल में लंबे समय से यह चिंता व्यक्त की जाती रही है कि बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए कथित रूप से मतदाता सूची में शामिल होकर वर्षों से मतदान करते आ रहे हैं।

# ये नववर्ष हमें स्वीकार नहीं

**आज सबसे बड़ी चुनौती हमारी मानसिकता की है। स्वतंत्रता के दशकों बाद भी हम अपनी परंपराओं को पिछड़ी हुई और पश्चिमी रीति-रिवाजों को प्रगतिशील मानने की भूल कर रहे हैं। 1 जनवरी को जोर-शोर से मनाना और अपनी चैत्र प्रतिपदा को भूल जाना एक प्रकार की सांस्कृतिक दासता का ही रूप है। आधुनिक होने का अर्थ अपनी जड़ों को काट देना नहीं, बल्कि अपनी परंपराओं के वैज्ञानिक और तार्किक आधार को समझकर उन्हें गर्व के साथ जीना है।**

यह एक विडंबना ही है कि जब 31 दिसंबर की आधी रात को पूरी दुनिया घड़ी की सुइयों के एक साथ बारह पर आने का इंतजार कर रही होती है, तब हम केवल एक तारीख नहीं बदल रहे होते, बल्कि अनजाने में एक ऐसी जीवन पद्धति को स्वीकार कर रहे होते हैं जिसका हमारी प्रकृति, भूगोल और संस्कृति से कोई गहरा नाता नहीं है। प्रश्न सरल है–क्या वास्तव में वह 'नया' साल होता है? समय की निरंतरता में एक अंक का बदल जाना प्रशासनिक सुविधा तो हो सकता है, लेकिन क्या वह उस नवीनता का प्रतीक है जिसे हम 'नववर्ष' कहते हैं? भारत जैसे प्राचीन और ज्ञान-समृद्ध देश में, जहाँ काल की गणना केवल अंकों का खेल नहीं बल्कि खगोल विज्ञान और प्रकृति के अंतर्संबंधों का महाकाव्य है, यह विमर्श अत्यंत आवश्यक हो जाता है। हमें यह समझना होगा कि पाश्चात्य कैलेंडर और भारतीय पंचांग के बीच का अंतर केवल तिथियों का नहीं, बल्कि दृष्टि और दर्शन का है।



महेन्द्र तिवारी

ग्रेगोरियनकैलेंडर, जिसे आज वैश्विक स्तर पर प्रशासनिक कार्यों के लिए अपनाया गया है, मूलतः सौर चक्र पर आधारित एक ऐसी व्यवस्था है जिसे तत्कालीन रोमन साम्राज्य और बाद में ब्रिटिश उपनिवेशवाद ने अपनी सुविधा के अनुसार ढाला। इसके उलट, भारतीय कालगणना सौर और चंद्र दोनों गतियों का एक अद्भुत समन्वय है, जो ब्रह्मांडीय संतुलन को दर्शाता है। 1 जनवरी को जब हम नववर्ष मनाते हैं, तब चारों ओर कड़कड़ाती ठंड होती है, पेड़ों से पत्ते झड़ चुके होते हैं और प्रकृति एक तरह की सुषुप्त अवस्था में होती है। वातावरण में कोई जैविक परिवर्तन नहीं होता, न ही हवाओं में वह ताजगी होती है जो किसी नए आरंभ की सूचना दे। यह केवल कैलेंडर के पन्नों का पलटना है, जिसमें न कोई भावनात्मक जुड़ाव है और न ही कोई सांस्कृतिक गहराई। इसके विपरीत, जब हम चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की ओर देखते हैं, तो पाते हैं कि पूरी सृष्टि स्वयं को नए रूप में सजा रही होती है। वह कालखंड केवल एक तिथि का आगमन नहीं, बल्कि प्रकृति का पुनर्जन्म है।

चैत्र मास में धरती के सौंदर्य का वर्णन शब्दों से परे है। पतझड़ की विदाई के बाद पेड़ों पर नई कोपलें फूटती हैं, आम के बगीचे बौरों की खुशबू से महकने लगते हैं और खेतों में रबी की फसलें अपनी सुनहरी बालियों के साथ किसान के परिश्रम की सफलता का गान करती हैं। यही तो वास्तविक 'नववर्ष' है–जहाँ जीवन का संचार हो, जहाँ हर जीव-जंतु और वनस्पति में नई चेतना जागृत हो। भारतीय संस्कृति में नववर्ष का अर्थ 'नया जीवन' और नई आशा है, जो प्रत्यक्ष रूप से हमारे परिवेश में दिखाई देता है। जब खेतों में अन्न आता है, तो वह केवल किसान की समृद्धि नहीं बल्कि राष्ट्र की खाद्य सुरक्षा और उल्लास का प्रतीक बनता है। इसीलिए, भारतीय नववर्ष का सबसे गहरा संबंध उस मिट्टी से है जो हमें जीवन देती है। 31




दिसंबर की रात को होने वाला शोर-शराबा उस शांतिपूर्ण और जीवंत बदलाव का मुकाबला नहीं कर सकता जो चैत्र की पहली किरण के साथ ब्रह्मांड में घटित होता है।

सामाजिक और व्यावहारिक दृष्टि से भी देखें तो भारत का वास्तविक जीवन चक्र मार्च-अप्रैल के इर्द-गिर्द ही घूमता है। हमारे विद्यालयों का नया शैक्षणिक सत्र इसी समय शुरू होता है। छोटे बच्चों के लिए नई किताबें, नई कक्षाएं और नई उम्मीदें इसी वसंत ऋतु के साथ आती हैं। देश का वित्तीय वर्ष भी इसी समय समाप्त होकर नया रूप लेता है। बैंकों से लेकर सरकारी कार्यालयों तक, आर्थिक और योजनागत स्तर पर हम मार्च-अप्रैल को ही नए आरंभ का बिंदु मानते हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि भले ही हम बाहरी तौर पर 1 जनवरी को स्वीकार कर चुके हों, लेकिन हमारी सामाजिक और आर्थिक धड़कनें आज भी उसी प्राचीन कालचक्र के साथ धड़कती हैं। इस कालखंड में जो नवीनता महसूस होती है, वह केवल कागजों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि व्यक्ति के दैनिक जीवन और भविष्य की योजनाओं को भी प्रभावित करती है।

भारतीय नववर्ष केवल एक खगोलीय घटना नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक और साधना का पर्व भी है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ ही चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ होता है। यह वह समय है जब हम बाहरी उत्सव के बजाय आंतरिक शुद्धि पर ध्यान केंद्रित करते हैं। उपवास, संयम और शक्ति की उपासना के माध्यम से हम स्वयं को आने वाले वर्ष की चुनौतियों के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार करते हैं। पुराणों के अनुसार, इसी पवित्र दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना आरंभ की थी और इसी दिन से महाराज विक्रमादित्य ने विक्रम संवत का प्रवर्तन कर भारत को एक नई ऐतिहासिक पहचान दी थी। यह संवत हमारी विजय, हमारे स्वाभिमान और हमारे वैज्ञानिक ज्ञान का प्रतीक है। इसके विपरीत, 31 दिसंबर की रातों का जो दृश्य आज हमारे सामने आता है, वह चिंताजनक है। आधुनिकता के नाम पर शराबखोरी, अनियंत्रित शोर और फूहड़ता ने उत्सव के अर्थ को ही विकृत कर दिया है। त्योहार वह होता है जो आत्मा को परिष्कृत करे, जो समाज में सौहार्द और मर्यादा की स्थापना करे। पश्चिमी अंधानुकरण ने हमें उत्सव के नाम पर केवल इंद्रियों की क्षणिक तृप्ति तक सीमित कर दिया है। ऐतिहासिक और वैज्ञानिक धरातल पर भारतीय पंचांग की श्रेष्ठता निर्विवाद है। जहाँ पश्चिमी कैलेंडर में समय-समय पर संशोधनों की आवश्यकता पड़ी, वहीं हजारों वर्षों से भारतीय गणना में सूर्य, चंद्रमा और नक्षत्रों की स्थिति इतनी सटीक रही है कि ग्रहण से लेकर ग्रहों के गोचर तक की जानकारी पल-भर में दी जा सकती है। इसी काल में सूर्य उत्तरायण की अपनी यात्रा में ऊर्जा के उच्चतम स्तर की ओर बढ़ रहा होता है, जो मानवीय स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए शुभ माना जाता है। विज्ञान सम्मत होने का अर्थ है कि वह प्रकृति के नियमों के अनुकूल हो। जब हम चैत्र प्रतिपदा को नववर्ष मानते हैं, तो हम वास्तव में सौर मंडल की उस ऊर्जा के साथ खुद को जोड़ते हैं जो उस समय अपने चर्मोत्कर्ष पर होती है। यह किसी पंथ या संप्रदाय का विषय नहीं, बल्कि एक सार्वभौमिक खगोलीय सत्य है जिसे हमारे ऋषियों ने गणितीय सूत्रों में पिरोया था। आज सबसे बड़ी चुनौती हमारी मानसिकता की है। स्वतंत्रता के दशकों बाद भी हम अपनी परंपराओं को पिछड़ी हुई और पश्चिमी रीति-रिवाजों को प्रगतिशील मानने की भूल कर रहे हैं। 1 जनवरी को जोर-शोर से मनाना और अपनी चैत्र प्रतिपदा को भूल जाना एक प्रकार की सांस्कृतिक दासता का ही रूप है। आधुनिक होने का अर्थ अपनी जड़ों को काट देना नहीं, बल्कि अपनी परंपराओं के वैज्ञानिक और तार्किक आधार को समझकर उन्हें गर्व के साथ जीना है। हम प्रशासनिक कार्यों के लिए वैश्विक मानकों का पालन करें, लेकिन अपनी सांस्कृतिक पहचान को विस्मृत न होने दें। हमें यह समझना होगा कि कैलेंडर केवल तारीखें नहीं बदलता, वह हमारी सोच और व्यवहार को भी दिशा देता है। जब हम अपनी संस्कृति के अनुरूप नववर्ष मनाते हैं, तो हम अपनी मिट्टी, अपने पूर्वजों और अपनी प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

# युवाओं को मजबूत करने के लिए मदरसे का आधुनिकीकरण

सरवर नईम बिलग्रामी

मदरसे भारत में मुस्लिम समुदायों के लिए आस्था और शिक्षा के स्थायी स्तंभों के रूप में खड़े हैं। ये संस्थान सदियों की इस्लामी शिक्षा से विकसित हुए हैं और हमेशा धार्मिक शिक्षा से अधिक प्रदान करते रहे हैं वे लोगों को पहचान की भावना देते हैं और उन्हें सामाजिक और आर्थिक कठिनाइयों के दौरान मजबूत रहने में मदद करते हैं भारत और इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे अन्य विकासशील देशों में मदरसे प्रतिस्पर्धा के स्थल रहे हैं। इन देशों में, जब भी कट्टरपंथी असामाजिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं तो मदरसों को अक्सर कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ता है, कुछ आलोचक उन्हें बंद करने या स्थायी प्रतिबंध लगाने का आह्वान करते हैं, जबकि अन्य सुधार की वकालत करते हैं। कई लोग प्रतिभा को सुव्यवस्थित करने और समकालीन शैक्षिक मानकों के साथ अनुकूलता में सुधार करने के लिए आधुनिकीकरण की सलाह देते हैं। मदरसा के छात्र अक्सर निजी क्षेत्र, उच्च शिक्षा और उत्पादन उद्योगों जैसे गैर-धार्मिक क्षेत्रों में नौकरी हासिल करने के लिए संघर्ष करते हैं।

भारतीय मदरसे, सरकार के सहयोग से, राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाने के लिए एक आधुनिक पाठ्यक्रम अपना सकते हैं और विभाजन और उग्रवाद के बाहरी और आंतरिक आख्यानों का मुकाबला करने के लिए छात्रों में जिम्मेदारी की भावना पैदा कर सकते हैं मदरसा का आधुनिकीकरण परंपरा के लिए खतरा नहीं है, बल्कि सशक्तिकरण की दिशा में एक आवश्यक कदम है। आधुनिक शिक्षा को धार्मिक अध्ययन में बुनकर, मदरसे भारतीय मुस्लिम युवाओं को आलोचनात्मक सोच कौशल से लैस कर सकते हैं जो चरमपंथी प्रभाव का विरोध करते हैं और राष्ट्रीय प्रगति में सार्थक योगदान को प्रोत्साहित करते हैं। समुदाय के नेतृत्व वाले सुधार और सरकार और नागरिक समाज के साथ सहयोग इस दृष्टिकोण की नींव बना सकता है।

**आधुनिक मदरसे आईटी और उद्यमिता में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा को रोजगार योग्यता से जोड़ सकते हैं, जो स्थिर नौकरियों के लिए मार्ग प्रदान करते हैं और बेरोजगारी को कम करते हैं। इससे मुस्लिम छात्रों के बीच उच्च ड्रॉपआउट दर को कम करने में मदद मिल सकती है मदरसों को राज्य बोर्ड के साथ एकीकृत करने से छात्रों को सिविल सेवाओं की आकांक्षा रखने के लिए एक मंच भी मिल सकता है।**

मदरसों ने लंबे समय से लाखों मुस्लिम बच्चों, विशेष रूप से कम आय वाले परिवारों के बच्चों के लिए अभयारण्य के रूप में काम किया है, जो मुफ्त शिक्षा प्रदान करते हैं, जहां मुख्यधारा के विकल्पों की अक्सर कमी होती है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के अनुसार, भारत में लगभग 38,000 मदरसे हैं, जिनमें से लगभग 28.107 आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त हैं इन संस्थानों में 20 लाख से अधिक छात्र नामांकित हैं, जो उन्हें भारत के साक्षरता परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बनाते हैं जबकि वे पारंपरिक इस्लामी शिक्षाशास्त्र को संरक्षित करते हैं, पारंपरिक पाठ्यक्रम धार्मिक विज्ञानों पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करता है और समकालीन शैक्षिक आवश्यकताओं पर सीमित ध्यान देता है। यह स्नातकों को एक नौकरी बाजार के लिए तैयार नहीं करता है जो विज्ञान, प्रौद्योगिकी और विश्लेषणात्मक तर्क में कौशल की मांग करता है



सच्चर समिति द्वारा 2006 में इस अंतर पर प्रकाश डाला गया, जो मुस्लिम समुदाय के भीतर व्यापक शैक्षिक नुकसान को दर्शाता है, जिनकी नामांकन दर राष्ट्रीय औसत से कम है। मुस्लिम युवाओं की बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय औसत 12 प्रतिशत है। आधुनिकीकरण से मदरसों के पारंपरिक महत्व में कमी नहीं आएगी, बल्कि इससे मदरसा शिक्षा की गुणवत्ता और प्रासंगिकता में सुधार होगा यह छात्रों के बीच व्यवहार परिवर्तन का समर्थन करेगा, जिससे वे पहचान और लचीलापन की एक मजबूत भावना का निर्माण करते हुए भ्रामक कथाओं का मुकाबला करने में सक्षम होंगे।

एक मदरसा आधुनिकीकरण जो कुरान के अध्ययन के साथ-साथ राजनीति विज्ञान, सार्वजनिक नीति, समाजशास्त्र, राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे धर्मनिरपेक्ष विषयों को पेश करता है, अच्छी तरह से सूचित शिक्षार्थी पैदा करेगा। इस तरह के विषय आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं-जोड़-तोड़ वाले प्रचार के खिलाफ एक प्रमुख बचाव एक छात्र जो अरस्तू से लेकर अल-गज़ाली तक दर्शन पर बहस कर सकता है या समुदाय को संबोधित करने वाले ऐप विकसित कर सकता है। घृणा के प्रतिध्वनि कक्षों को तोड़ता है और सभी धर्मों में सहानुभूति पैदा करता है।

आधुनिक मदरसे आईटी और उद्यमिता में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा को रोजगार योग्यता से जोड़ सकते हैं, जो स्थिर नौकरियों के लिए मार्ग प्रदान करते हैं और बेरोजगारी को कम करते हैं। इससे मुस्लिम छात्रों के बीच उच्च ड्रॉपआउट दर को कम करने में मदद मिल सकती है मदरसों को राज्य बोर्ड के साथ एकीकृत करने से छात्रों को सिविल सेवाओं की आकांक्षा रखने के लिए एक मंच भी मिल सकता है। आधुनिक पाठ्यक्रम में संस्कृत सहित बहुलवादी इतिहास और भारतीय ज्ञान प्रणाली को शामिल किया जा सकता है। हिंदू धर्म, ईसाई धर्म मार्क्सवाद और फिघ। यह दृष्टिकोण ज्ञान प्राप्त करने पर पैगंबर के जोर को दर्शाता है भले ही यह चीन में हो, भारतीय मुसलमानों को आधुनिकीकरण को इस्लामी दायित्व के रूप में देखने के लिए प्रोत्साहित करता है। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एन. आई. ओ. एस.) के साथ मदरसों का संरेखण उच्च शिक्षा में परिवर्तन को आसान बनाने की दिशा में एक और कदम है जागरूकता अभियानों के माध्यम से माता-पिता की भागीदारी प्रगति को बनाए रख सकती है, जबकि पोस्ट-मैट्रिक सहायता जैसी छात्रवृत्ति वित्तीय बाधाओं को दूर करने में मदद करती है मदरसा आधुनिकीकरण एक नीतिगत दृष्टिकोण है जो एक साथ कई चुनौतियों का समाधान करता है। यह मानसिक क्षमताओं को मजबूत करके, आर्थिक संभावनाओं में सुधार करके और भारत के लोकतांत्रिक ताने-बाने में इस्लाम की करुणा रखने वाले बौद्धिक रूप से आत्मविश्वास वाले मुस्लिम वर्ग को बढ़ावा देकर संदेह को समाप्त कर सकता है। सामान्य आशंकाओं के विपरीत, आधुनिकीकरण इस्लामी शिक्षा को कमजोर नहीं करता है। यदि कुछ भी है, तो यह इसे मजबूत करता है। इस्लाम का बौद्धिक इतिहास तर्क, बहस और पूछताछ में निहित है। अल-गज़ाली से इब्न रुशद तक इस्लामी विद्वता ने हमेशा अपने सभी रूपों में ज्ञान को अपनाया है। जब मदरसे कुरान के अध्ययन के साथ-साथ विज्ञान, दर्शन या प्रौद्योगिकी पढ़ाते हैं, तो वे उस परंपरा को पुनर्जीवित करते हैं एक मजबूत नैतिक नींव और एक आधुनिक शिक्षा के साथ एक आत्मविश्वासी छात्र चरमपंथियों के लिए सबसे बुरा सपना है मदरसा का आधुनिकीकरण किसी समुदाय की पुलिस व्यवस्था के बारे में नहीं है। यह कमजोर युवाओं को हेरफेर का निशाना बनने से रोकने के बारे में है यह राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

## बिजली बिल राहत योजना-2025 से लाभ उठाने की ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने की अपील

# बिजली बिल राहत शिविरों में उमड़ी भारी भीड़

अवधनामा ब्यूरो

- 20 वर्षों की पीड़ा से मिली राहत-उपभोक्ताओं ने भावुक होकर जताया आभार
- पात्र उपभोक्ताओं को योजना से वंचित न रखने के सख्त निर्देश



**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने प्रदेश के सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे सरकार द्वारा संचालित बिजली बिल राहत योजना-2025 का अधिकतम लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रदेश के गरीब, मध्यम वर्ग एवं वर्षों से बिजली बिल के बोझ से दबे उपभोक्ताओं को वास्तविक राहत देने वाली एक ऐतिहासिक, संवेदनशील और जनहितकारी योजना है, जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को आर्थिक तनाव से मुक्त करना है।योजना के प्रथम चरण के अंतिम दिवस पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आयोजित बिजली बिल राहत शिविरों में भारी भीड़ देखने को मिली। बड़ी संख्या में उपभोक्ता सुबह से ही शिविरों में पहुंचकर अपने पुराने बकाया का निस्तारण कराते दिखे। इस अभूतपूर्व सहभागिता से स्पष्ट है कि योजना को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है।

इसी क्रम में ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने संगम भवन, लखनऊ से वर्चुअल माध्यम द्वारा आजमगढ़, बलिया, मऊ, प्रयागराज सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आयोजित 50 से अधिक शिविरों से सीधे संवाद किया। वर्चुअल संवाद के दौरान उपभोक्ताओं ने अपनी समस्याएं, अनुभव और सुझाव साझा किए, जिन्हें मंत्री जी ने गंभीरता से सुना।संवाद के दौरान अनेक उपभोक्ता भावुक हो गए और उन्होंने कहा कि ÷मंत्री जी, यह योजना हमारे लिए वरदान साबित हुई है। पिछले 15-20 वर्षों से बिजली बिल को लेकर जो मानसिक पीड़ा थी, उससे अब मुक्ति मिल गई है। अब हम सम्मान के साथ अपने बिल जमा कर पा रहे हैं और चौन की नींद सो पा रहे हैं। उपभोक्ताओं ने योजना के लिए ऊर्जा मंत्री का आभार भी व्यक्त किया। कई शिविरों से यह भी जानकारी प्राप्त हुई कि स्थानीय विद्युत अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय रहा, जिससे शिविरों में कार्य सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित हुआ। मंत्री शर्मा ने इस सकारात्मक प्रयास के लिए अधिकारियों की प्रशंसा भी की। ऊर्जा मंत्री ने यूपीपीसीएल के अध्यक्ष से चर्चा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि 31 दिसंबर को जब तक शिविरों में उपभोक्ताओं की भीड़ बनी रहे, तब तक किसी भी स्थिति में शिविर बंद न किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र उपभोक्ता को योजना का लाभ दिए बिना शिविर समाप्त नहीं किया जाएगा। मंत्री शर्मा ने आजमगढ़, बलिया मऊ जनपद के राघौली, बढ़राँव ब्लॉक, घोसी, सिपाह, कटघरा शंकर, भट्टमीला, भद्दीह सहित अन्य स्थानों पर लगे शिविरों से जुड़े उपभोक्ताओं से संवाद किया तथा उनकी स्थानीय समस्याओं, तकनीकी दिक्कतों एवं सुझावों को जाना। इस दौरान यह भी संज्ञान में आया कि मार्च माह के बाद एक से अधिक किस्त जमा करने वाले कुछ उपभोक्ताओं को तकनीकी कारणों से योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर मंत्री ए.के. शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों की तत्काल समीक्षा कर योजना के दायरे का विस्तार किया जाए, ताकि कोई भी पात्र उपभोक्ता लाभ से वंचित न रहे।

अंत में ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बिजली बिल राहत योजना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को वास्तविक और स्थायी राहत मिल सके।

## कर्बला दियानुतउद्दौला बहादर में महफिल व नज़्र का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत इमाम हुसैन (अ.स) के छह महीने के मासूम बेटे हजरत अली असगर (अ.स) की विलादत के सिलसिले में बुधवार को कर्बला दियानुतउद्दौला बहादर में एक महफिल व नज्र का आयोजन किया गया। महफिल का आगाज कारी मोहम्मद ने तिलावते कुराने पाक से व संचालन शान आब्दी ने किया। महफिल को मौलाना अब्बास इरशाद ने खिताब करते हुए हजरत अली असगर (अ.स.) की फजीलत बयान की।

इसके बाद शायर जकी भारती, मौलाना दानिश जैदी, मौलाना अस्करी, सरवर दाबीरी, मिर्जा दानिश, फुरकान लखनवी और अली अब्बास ने अपने कलाम पेश किये। इस मौके पर कर्बला परिसर में हजरत अली असगर (अ.स.) के झूले की जियारत भी करायी गयी व बच्चों को उपहार दिये। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन कदीम मासूम-ए-असगर ने किया था। इसी तरह दरगाह हजरत अब्बास (अ.स) में जश्ने शीर खारे कर्बला का आयोजन किया गया। जश्न में मौलाना रजा हुसैन ने हजरत अली असगर (अ.स.) की शान बयान की। इसके बाद शायर जफर नजफी, फुरकान लखनवी, मेहदी महमूदाबादी, जाहिद कानपुरी, बश्शाश लखनवी, हैदर रिजवी, कुमैल अखतर और आरिफ सुख्नवरी ने अपने कलाम पेश किये।

### यौमे अली 3 को

इदार-ए-वारिसे काबा की ओर से 3 जनवरी को यौमे अली शीर्षक से कुल हिन्द महफिले मकासिदा का आयोजन किया जाएगा। शिया यतीमखाना गुलिस्ताने अबू तालिब काजमैन रोड में रात 9:30 बजे तिलावते कलामे पाक से महफिल का आगाज होगा। महफिल का उद्घाटन मौलाना हमीदुल हसन करेंगे।

## अल्पसंख्यक समुदाय को ज़्यादा से ज़्यादा राजनीति में हिस्सा लेना चाहिए: अदनान

अवधनामा ब्यूरो



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के मीडिया इंचार्ज तथा तेलंगाना प्रभारी सैय्यद अदनान अशरफ ने हसनपुर विधानसभा के कस्बा ढकका में एक ऑल इंडिया मुशायरे का उदघाटन किया इस मौके पर अदनान अशरफ ने कहा कि जो लोग मुशायरों कवि सम्मेलनों का आयोजन करते हैं वो लोग सेकुलर मिजाज के होते है और समाज के हिंदू मुस्लिम एकता के पैरोकार होते है और जिस तरह से देश की आजादी के वक्त आजादी के मतवाले को दिल में शेर शायरी नगमे जोश और उत्साह भरने का काम करते थे और वो इन्ही नगमों शेरों के सहारे बड़ी से बड़ी लड़ाई लड़ जाते थे वो इन शेरों नगमों की एहमियत जाहिर करता है साथ ही साथ विशाल चौधरी ने मुशायरा सुनने वाले से कहा कि आज जिस तरह से उर्दू ज़बान खत्म होती जा रही है वो बेहद तकलीफ देने वाला है आज हमारी कौम के लोग जिनकी यह ज़बान है वो इसको न पढ़ते और न अपने बच्चों को पढ़ाते और हद तो यह है कि 2 रूपये का उर्दू का अखबार ही नहीं खरीदते। अदनान अशरफ ने कहा कि आज ज्यादा से ज्यादा मुसलमानों को सियासत में हिस्सा लेना चाहिए और अपने बच्चों को सियासत में भेजना चाहिए जिससे वो मजबूत होकर अपने लोगों और कौम का सहारा बन सके और देश से नफरत का माहौल खत्म करने में अपना योगदान दे। कांग्रेस नेता अदनान अशरफ ने अपील की कि आप ज्यादा से ज्यादा अपने बच्चों को तालीम दे वरना जो अब्दुल के पंचर लगाने की बात करते हैं वो सच होती चली जाएगी और आप हर ऐतबार से अपनी जिंदगी में पिछड़ जाएंगे आज जो दल अब्दुल के पंचर लगाने की बात करते हीं उनकी देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद,शहीद वीर अब्दुल हमीद, मिसाइलमैन एपीजे अब्दुल कलाम और देश की सरहद पर पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से लड़ाई लड़ने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी के बलिदान और कारनामों को नहीं भूलना चाहिए।

### निरीक्षण में उजागर अव्यवस्थाओं पर निदेशक आयुर्वेद का सख्त रुख

**लखनऊ।** आयुर्वेद सेवाएं उत्तर प्रदेश की निदेशक चैत्रा वी. द्वारा जवाहर-इंदिरा भवन स्थित निदेशालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, ई-ऑफिस प्रणाली, विद्युत व्यवस्था और प्रशासनिक अनुशासन से जुड़ी कई गंभीर कमियां सामने आई। निदेशक आयुर्वेद द्वारा किए गए निरीक्षण में पाया गया कि निदेशालय के विभिन्न अनुभागों में वर्षों से पत्रावलियां अव्यवस्थित हैं। अभिलेखों का समुचित संधारण नहीं किया गया है एवं ई-ऑफिस के अंतर्गत की जा रही स्कैनिंग का कोई लेखा-जोखा या मॉनिटरिंग तंत्र मौजूद नहीं है। यह स्थिति न केवल आपत्तिजनक बल्कि शासन की छवि के लिए भी क्षतिजनक है। निदेशक आयुर्वेद ने निर्देश दिए कि कार्यालय परिसर की स्वच्छता, जर्जर फर्नीचर को हटाने, विद्युत तारों की मरम्मत, प्रत्येक अनुभाग में इंटरकॉम की स्थापना और अभिलेखों के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए तत्काल प्रभाव से नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## पीसीएस अभ्यर्थियों को मिलेगा देश के श्रेष्ठ शिक्षकों का ऑनलाइन मार्गदर्शन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** नए साल की पूर्व संध्या पर पीसीएस मुख्य परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन, आत्मविश्वास और दिशा देने के उद्देश्य से गोमतीनगर स्थित छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के भागीदारी भवन में बुधवार को विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए अभ्यर्थियों को पीसीएस जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा के लिए सही रणनीति, अनुशासन और योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हमें आगे बढ़ने के

### ऑनलाइन क्लास और इंटरव्यू की विशेष तैयारी

राज्यमंत्री ने कई नई पहल भी साझा कीं। उन्होंने बताया कि जल्द ही देश के बड़े शहरों के श्रेष्ठ 5 शिक्षकों को ऑनलाइन क्लास से जोड़ा जाएगा, जिससे विशेषज्ञ मार्गदर्शन मिल सके। इंटरव्यू की पूर्व तैयारी के लिए सप्ताह में एक दिन फॉर्मल ड्रेस पहनने का सुझाव भी दिया । इसके अलावा उन्होंने अभ्यर्थियों के अंदर सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए सप्ताह में एक दिन दो घंटे श्रमदान और सरकारी योजनाओं और बिजनेस से जुड़े मासिक सत्र आयोजित करने की बात कही।

### मुख्य परीक्षा के साथ इंटरव्यू की तैयारी जरूरी

समाज कल्याण विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत ने मुख्य परीक्षा के साथ इंटरव्यू की समानांतर तैयारी को जरूरी बताया। इस अवसर पर उपनिदेशक आनंद कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक पी.के. त्रिपाठी, उपनिदेशक जे राम, डीएसपी श्रीमती प्रियंका यादव और जिला समाज कल्याण अधिकारी पवन कुमार यादव उपस्थित रहे। अभ्यर्थियों ने भी संस्थान की सुविधाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

### ड्राइंग कम्पटीशन में सी.एम.एस. छात्रा को प्रथम पुरस्कार

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस की कक्षा-2 की प्रतिभाशाली छात्रा रेजल खान ने अन्तर-विद्यालयी चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त चाइल्ड ड्रीम बूस्टर हब के संयोजकत्व में आयोजित हुई, जिसमें कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स, श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. अलीगंज द्वितीय कैम्पस की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी कलात्मक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ ही रचनात्मक सोच का प्रभावशाली उदाहरण प्रस्तुत किया।

### पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने प्रदेशवासियों को दी नववर्ष की शुभकामनाएं

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने प्रदेशवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि श्नया वर्ष सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आए। उन्होंने कामना की कि यह वर्ष प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के लिए स्वास्थ्य, शांति और प्रगति का संदेश लेकर आए तथा समाज में आपसी सौहार्द और सांस्कृतिक मूल्यों को और सशक्त करे। नववर्ष की पूर्व संध्या पर मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि नया साल प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति और विरासत को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प भी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जन सहयोग और सामूहिक प्रयासों से उत्तर प्रदेश विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक पहचान की दिशा में निरंतर आगे बढ़ेगा, और नववर्ष नई संभावनाओं व उपलब्धियों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## शादी का झांसा देकर महिला का शोषण और फिर गुपचुप रचाई दूसरी शादी

- पारा पुलिस ने दर्ज की एफआईआर
- पति की मौत के बाद महिला को प्रेम जाल में फंसाया
- दूसरी शादी का विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी

अवधनामा ब्यूरो



**पारा लखनऊ।** लखनऊ के थाना पारा क्षेत्र से विश्वासघात और धोखाधड़ी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ एक विधवा महिला को शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया गया और बाद में आरोपी ने दूसरी शादी रचा ली। जानकारी के अनुसार, ग्राम मुजासा की रहने वाली पीड़िता अल्का रावत के पति की मृत्यु वर्ष 2022 में हो गई थी। इसके बाद आरोपी सुदेश, जो पारा के डिप्टीखेड़ा का निवासी है, पीड़िता के घर आने-जाने लगा और शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। दबाव बनाने पर आरोपी ने 14 जुलाई 2025 को आर्य समाज मंदिर, चिनहट में पीड़िता से प्रेम विवाह कर लिया और पति-पत्नी की तरह रहने लगा। मामले में नया मोड़ तब आया जब पीड़िता ने अपने ससुराल जाने की इच्छा जताई। आरोपी सुदेश उसे टालता रहा और इस बीच 3 दिसंबर 2025 को उसने पीड़िता को बिना बताए किसी अन्य युवती से दूसरी शादी कर ली। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसे भद्दी गालियां दीं और बाजारू औरत कहकर अपमानित किया। पीड़िता का आरोप है कि सुदेश ने उसे जान से मारकर टुकड़े-टुकड़े करने की धमकी भी दी। जब उसने आरोपी के परिजनों–पिता जगदीश प्रसाद, बहन सुलेखा और बहनोई अंकित–से शिकायत की, तो उन्होंने भी पीड़िता के साथ मारपीट की कोशिश की और उसे चुप रहने के लिए डराया-धमकाया।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुदेश और उसके परिजनों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

### गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु 09 करोड़ 61 लाख 44 हजार स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए प्रदेश के 09 जनपदों में 12 गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु 09 करोड़ 61 लाख 44 हजार रूपये की धनराशि द्वितीय किश्त के रूप में वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। स्वीकृत धनराशि से जनपद मऊ के ताजोपुर, सीतापुर के सराय, हापुड़ के पारपा, हिन्डालपुर और हिम्मतपुर, सीतापुर के गौरा, शाहजहांपुर के केवलरामपुर और अख्तियार नगर, गोण्डा के महादेवा, अयोध्या के अंजरौली, लखीमपुर खीरी के सेमैसा तथा जालौन के बन्धा में गो संरक्षण केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। प्रत्येक केन्द्र हेतु 80.12 लाख रूपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये हैं। शासनादेश में कहा गया है कि गो संरक्षण केन्द्रों हेतु निर्गत की गयी धनराशियों के नियम संगत व्यय, व्यय विवरण/उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा भौतिक प्रगति तथा गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने का दायित्व निदेशक प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग का होगा।

## उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के बढ़ते कदम : केशव प्रसाद मौर्य

- स्वयं सहायता समूहो से जुड़ी महिलायें स्थापित कर रही नित नये आयाम
- स्वयं सहायता समूह से जुड़कर बदली जिंदगी, माधुरी पाल और कालिंदी राठौर बनीं मिसाल

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन मे ग्राम्य विकास विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण व स्वालम्बन की दिशा में क्रान्तिकारी कदम उठाये गये है, जिसके सार्थक व सकारात्मक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं। स्वयं सहायता समूहो से जुड़ी दीदियो द्वारा विभिन्न गतिविधियों व क्रियाकलापो के माध्यम से जहां अपनी आमदनी मे उत्तरोत्तर बृद्धि कर रही हैं, वही समाज मे उचित आदर व सम्मान भी पा रही हैं। यही नही हर जिले मे महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कोई न कोई नयी कहानी गढ़ने वाली महिलाये, अपने आस पड़ोस की महिलाओ के लिए प्रेरणास्रोत भी बन रही हैं। इसकी बानगी लखीमपुर जिले मे देखने को मिल रही है। ग्रामीण परिवेश में रहकर आर्थिक चुनौतियों का सामना करना आसान नहीं होता, लेकिन जब हौसला, मेहनत और आत्मविश्वास साथ हों, तो राहें खुद-ब-खुद आसान हो जाती हैं। लखीमपुर जनपद की माधुरी पाल और कालिंदी राठौर ने यही कर दिखाया है। घरेलू जिम्मेदारियों और आर्थिक समस्याओं के बीच घर से बाहर निकलकर उन्होंने स्वयं सहायता समूह से जुड़ाव किया और आज नवाचारपूर्ण कृषि व पशुपालन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित भी किया गया है। निघासन क्षेत्र के ग्राम चखरा की निवासी माधुरी पाल स्नातक शिक्षित हैं। शुरुआती दौर में आर्थिक परेशानियों ने उनके जीवन को कठिन बना दिया था। सीमित संसाधन और पारिवारिक जिम्मेदारियां उनके सामने बड़ी चुनौती थीं। ऐसे में स्वयं सहायता समूह से जुड़ना उनके जीवन का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ। माधुरी दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति चखरा की सचिव बन गई हैं और कई वर्षों से दुग्ध व्यवसाय से जुड़ी हुई हैं। आज वह प्रतिदिन करीब 250 लीटर दूध पराग डेयरी को उपलब्ध करा रही हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया कि संसाधनों की कमी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकती। उनका संघर्ष आज आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन चुका है।

## आयकर मामले लुलु मॉल लखनऊ प्रबंधन द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लुलु मॉल लखनऊ और लुलु हाइपरमार्केट उत्तर प्रदेश और लखनऊ के लोगों के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं, जिनके जबरदस्त समर्थन ने मॉल को इस क्षेत्र में एक प्रमुख गंतव्य बना दिया है। लुलु ने राज्य में महत्वपूर्ण दीर्घकालिक निवेश किया है, जिसे मुख्य रूप से बैंक वित्तपोषण के माध्यम से वित्तपोषित किया गया है, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था में इसके विश्वास और सतत विकास के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

हाल ही में आयकर विभाग द्वारा बैंक खातों को फ्रीज़ किए जाने संबंधी खबरों के संदर्भ में, लुलु स्पष्ट करता है कि वह एक पूर्णतः नियमों का पालन करने वाला संगठन है और उसने लागू कानूनों के अनुसार सभी वैधानिक नोटिसों का विधिवत उत्तर दिया है।

एक पूर्णतः अनुचित आयकर मांग को माननीय उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी, जिस पर दिनांक 22 अप्रैल 2025 के आदेश द्वारा यह निर्देश दिया गया कि मामले का निस्तारण होने तक कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। अपील एवं स्थगन (स्टे) आवेदन वर्तमान में आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष लंबित हैं और मामला वर्तमान में सुलझ गया है।

लुलु सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले आधारहीन आरोपों का पुरजोर खंडन करता है और विश्व स्तरीय रिटेल अनुभव प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित रखता है। समूह लखनऊ और उत्तर प्रदेश के लोगों की सेवा करने के लिए समर्पण, ईमानदारी और राज्य में आगे निवेश करने की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के साथ काम करता रहेगा।

## परिवहन मंत्री ने यात्री उन्मुख सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश

# प्रतिवर्ष 55 करोड़ यात्रियों को सेवाएं उपलब्ध कराता है परिवहन निगम : दयाशंकर सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि वर्तमान में परिवहन निगम के 280 बस स्टेशनों से प्रतिवर्ष लगभग 55 करोड़ यात्रियों को परिवहन की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता के व नवाचार अंतर्गत यात्रियों को सुगम, सुरक्षित, उच्चीकृत सुविधाओं हेतु नीतिनिर्माण कर सुविधाओं को समुन्नत बनाना, परिवहन निगम की प्रमुख प्राथमिकता है।

परिवहन मंत्री ने ष्सिटिजन फस्ट इनिशिएटिवष् के अंतर्गत प्रदेश के बस स्टेशनों पर यात्री उन्मुख सेवाओं, साफ-सफाई, सुरक्षा एवं संचालन से सम्बन्धित व्यवस्था प्रभावी रुप से लागू करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि प्रवेश द्वार पर यात्री सहायता डेस्क किराया सूची, समय सारिणी, प्लेटफॉर्म जानकारी, शिकायत/राहत डेस्क की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। हिंदी/अंग्रेज़ी में रूट, प्लेटफॉर्म, टिकट काउंटर, शौचालय, निकास आदि के साइन बोर्ड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड-रियल टाइम बस आगमन/ प्रस्थान जानकारी उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। दिव्यांगों के लिये शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उक्त श्रेणी के यात्रियों के लिये रैम्प, व्हीलचेयर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि ए श्रेणी के बस स्टेशन पर ए0सी0/नॉन ए0सी0 वेटिंग रूम एवं अन्य श्रेणी के बस स्टेशनों पर नॉन ए0सी0 वेटिंग रूम की सुविधा यात्रियों को उपलब्ध करायी जाये। वेटिंग रूम एवं यात्री शेड में बैठने की पर्याप्त जगह, आरामदायक कुर्सियां, पंखें एवं लाइट की समुचित व्यवस्था की जाये। जी0पी0एस0 के माध्यम से वाहनों का आगमन प्रस्थान आटोमैटिकली अंकित होना सुनिश्चित किया जाय।

वाहनों का आगमन प्रस्थान डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाय।

परिवहन मंत्री ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। यात्रियों की सुरक्षा हेतु पुलिस सहायता केन्द्र के लिये स्थान उपलब्ध कराया जाय। चिकित्सा सुविधा (फर्स्टएड) की सुविधा बस स्टेशन पर अनिवार्य रूप से रखी जाय।

परिवहन मंत्री ने साफ सफाई के विशेष निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शौचालय स्वच्छता मानक निरंतर सफाई, पानी, साबुन, सेनेटाइजर, दिव्यांग अनुकूल टॉयलेट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये एव पब्लिक टायलेट की सफाई सुनिश्चित की जाय।

## आउटसोर्सिंग कंपनी पर एफआईआर प्रशासनिक जांच के आदेश

अवधनामा ब्यूरो

- भविष्य में आउटसोर्सिंग नियुक्ति में पुलिस व दस्तावेज वैरिफिकेशन अनिवार्य

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग में पारदर्शिता और पात्रता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में कोर्स कोआर्डिनेटरों की भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी गंभीर अनियमितताओं पर कड़ा रुख अपनाया है। उनके निर्देश पर थाना गोमती नगर, लखनऊ में नियमों का उल्लंघन कर नियुक्तियां कराने वाली आउटसोर्सिंग कंपनी ।राज्यमंत्री ने बताया कि 29 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत प्रदेशभर में संचालित कोचिंगों में आउटसोर्सिंग पर लगे कोचिंग कोर्स कोऑर्डिनेटरों की भर्ती में अनियमितता की शिकायत मिली थी। इसे गंभीरता से लेते हुए विभागीय जांच कराई गई, जिसमें भर्ती से जुड़े सभी दस्तावेज़ों की जांच की गई।

जांच में यह सामने आया कि नियमानुसार कोर्स कोऑर्डिनेटर पद के लिए यूपी पीसीएस मुख्य परीक्षा पास होना अनिवार्य था। इसके बावजूद कई ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्त कर दिया गया, जिन्होंने यह परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की थी। कुल 69 अभ्यर्थियों की जांच में केवल 21 अभ्यर्थी ही पात्र पाए गए। जांच रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि अपात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिलाने के लिए फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। प्रशासनिक जांच और भविष्य की सख्त व्यवस्था

राज्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी दस्तावेज सत्यापन की थी, उनकी भूमिका और लापरवाही की प्रशासनिक जांच कराई जाएगी।

# प्रधान के साथ अभद्रता निंदनीय : मुकेश धनगर

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहां की छाता ग्राम पंचायत सुपना के प्रधान कैलाश चौधरी द्वारा अपने क्षेत्र में बिजली के मामले की गई कार्यवाही के संबंध में सीओ छाता को ज्ञापन देने जा रहे तो तभी छाता कोतवाली पुलिस द्वारा गांव के प्रधान को पुलिस ने हिरासत में लेते हुए अभद्रता किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की है कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने बताया कि यह घटना दुर्भाग्य एवं बेशर्मी की पराकाष्ठा एवं अघोषित आपातकाल है

शासन प्रशासन को शर्म आनी चाहिए कि एक जनप्रतिनिधि अपनी बात भी नहीं कह पा रहा है। संभवतः सरकार के एक प्रतिनिधि के इशारे पर प्रशासनिक आतंक इस कदर कि एक जनप्रतिनिधि अर्थात ग्राम पंचायत सुपना का प्रधान कैलाश चौधरी प्रशासनिक कार्यालय तहसील छाता जाता है तो पुलिस उसे जबरन अपराधी की तरह उठा लेती है।

आखिरकार यह देश जा किस तरफ रहा है

क्या इस देश में कानून का राज है

क्या इस देश में लोग अपनी बात भी नहीं कह पाएंगे।

खैर समय परिवर्तनशील है जो लोग धक्के देकर एक प्रधान को लेकर जा रहे हैं आने वाले समय में जनता जनार्दन भी इन्हें धक्के देकर बाहर कर देगी। निंदा करने वालों में सर्वश्री पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि आदित्य तिवारी मनोज गौड़ अप्रतिम सक्सेना रमेश कश्यप आशीष अग्रवाल जिलानी कादरी हाशिम हुमेर रवि वाल्मीकि कुंवर सिंह निषाद रूपा लवानिया करन निषाद अशोक निषाद प्रेम शंकर शर्मा शैलेंद्र चौधरी मुस्लिम कुरैशी राजा गौतम अर्नब चौधरी खुशीराम पटेल पंकज चौधरी हरदेव सिंह ज्ञान सिंह प्रमोद शर्मा आसिफ कुरैशी अभय प्रताप सिंह राजेश कुमार विवेक सिंह बलवीर प्रधान सतीश शर्मा मोनू चौधरी सरवन अहमद पुनीत शर्मा सहित आदि कांग्रेस जनों ने घटना की निंदा की है।

# एसआईआर को लेकर डीएम ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के संबंध में समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई संपन्न। जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों को अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 की तिथियों में संशोधित किया गया है, जिसमें मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी 2026 को होगा तथा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 06 मार्च 2026 को होगा। जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा जी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर प्रदेश में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस0आई0आर0) की घोषित तिथियों में संशोधन करते हुए नई तिथियां जारी कर दी गई है। अब मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी 2026 को किया जाएगा। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि दिनांक 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। दिनांक 06 जनवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 06 मार्च 2026 को किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि आलेख्य प्रकाशन के उपरांत मतदाता सूची का पूर्ण मिलान करले। किसी भी प्रकार की समस्या हेतु सीधा (मुझसे) जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी या अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार वर्मा से संपर्क करे। दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण हेतु प्रशासन कटिबद्ध है। जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया कि उनके द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 में पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुए आम-जनमानस से गणना प्रपत्र भरवाकर कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद में 1573575 गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया गया है, जो 80.81 प्रतिशत है। जनपद के 166649 मतदाताओं का मैपिंग नहीं हुआ है, जिसका प्रतिशत 8.56 है। उन्होंने बताया को जनपद में 55893 मृत, 113674 अनट्रेसबल, 177763 परमानेंट शिफ्टेड, 23823 ऑलरेडी एंट्रोल्ड तथा 2640 अन्य की श्रेणी में है, इसका कुल प्रतिशत 19.19 है। बैठक में जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार वर्मा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज खंडेलवाल, राजनैतिक दलों में भारतीय जनता पार्टी से आकाश चौधरी, कांग्रेस से आदित्य तिवारी, बहुजन समाज पार्टी से मुनेन्द्र सिंह निगम व प्रेमप्रकाश तथा समाजवादी पार्टी से वीरेंद्र यादव उपस्थित रहे।

## 14वें हेमा कोहली मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट बुधवार को खेले गए पांच मैच

**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी और आईटीआई साकेत क्रिकेट मैदान में चल रहे 14वें हेमा कोहली ऑल इंडिया मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को पांच मैच खेले गए। इसमें ऋषभ क्रिकेट एकेडमी इलेवन, जीटीबी स्कूल क्रिकेट एकेडमी इलेवन, ऋषभ जूनियर, आईटीआई ब्लू और ऋषभ की टीम ने जीत प्राप्त की। पहले मैच में ऋषभ क्रिकेट एकेडमी इलेवन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 155 रन बनाए। इसमें भाविक ने 40, मन्नू ने 41 रन बनाए। आरव व कार्तिक ने तीन तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऋषभ क्रिकेट एकेडमी जूनियर की टीम 140 रन ही बना सकी। इसमें दक्ष ने 44 रन बनाए। गेंदबाजी में अविरल ने 4 व शिव ने 4 विकेट लिए। ऋषभ इलेवन ने 15 रन से मैच जीता। दूसरे मैच में जीटीबी क्रिकेट एकेडमी की टीम ने 17 ओवर में 10 विकेट खोकर 105 रन बनाए। इसमें रिहान ने 38, कबीर ने 35 रन बनाए। गेंदबाजी में रिहान ने तीन विकेट लिए।

# गीता शोध संस्थान एवं मंगलायतन विवि के मध्य एमओयू

- भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप ब्रज संस्कृति से जुडें सांस्कृतिक व साहित्यिक कार्यक्रम एक दूसरे के यहां होंगे

**अवधनामा संवाददाता**

**वृंदावन (मथुरा)।** गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी (उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद) और अलीगढ़ का मंगलायतन विश्वविद्यालय भविष्य में ब्रज की संस्कृति संरक्षण और संवर्द्धन के ध्येय से कला, साहित्य व सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन एक दूसरे के यहां करेगा। इस संबंध में आपसी सहयोग का एक महत्वपूर्ण समझौता पत्र (एमओयू) हुआ है। इस एमओयू के अंतर्गत गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी में रासलीला सीखने वाले प्रशिक्षु एवं मंगलायतन विवि के विद्यार्थी परस्पर शैक्षणिक भ्रमण करेंगे। दोनों जगह अभिनय एवं रंगमंचीय कार्यक्रमों का आयोजन होगा। रासलीला मंचन, ब्रज संस्कृति से संबंधित सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संगोष्ठियां, कार्यशालाएं तथा श्री कृष्ण चित्रांकन शिविर आदि दोनों जगह आयोजित किए जाएंगे। गीता से जुडें प्रेरक कार्यक्रम भी मंगलायतन विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए होंगे। भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप अन्य कार्यकलाप भी होते रहेंगे। एमओयू के अवसर पर मंगलायतन विश्वविद्यालय अलीगढ़ के रजिस्ट्रार ब्रिगेडियर सुमेरवीर सिंह एवं कला संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम रानी के अलावा गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन के निदेशक दिनेश खन्ना तथा संस्थान के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने हस्ताक्षर कर एमओयू को औपचारिक रूप दिया। गीता शोध संस्थान के समन्वयक श्री सिकरवार ने बताया कि ब्रज की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के संरक्षण, संवर्धन एवं शैक्षणिक प्रसार की दिशा में यह एमओयू महत्वपूर्ण पहल है।

# श्रद्धेय अटल जी का जीवन दर्शन राष्ट्र के लिए प्रेरणापुंज : योगेंद्र उपाध्याय

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी मथुरा महानगर द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित अटल स्मृति गोष्ठी बुधवार को नगर निगम सभागार में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश के उच्च शिक्षा कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी, महापौर विनोद अग्रवाल, प्रदेश सह-संयोजक (शिक्षक प्रकोष्ठ) यदवेन्द्र प्रताप सिंह एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने संयुक्त रूप से अटल जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।

**अटल जी के सुशासन को किया याद:** मुख्य अतिथि योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि अटल जी मात्र एक राजनेता नहीं, बल्कि एक युगपुरुष थे जिन्होंने भारतीय राजनीति को शुचिता और सुशासन का नया मार्ग दिखाया। वहीं मंत्री ने पोखरण परीक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि अटल जी के साहसी नेतृत्व ने दुनिया के प्रतिबंधों की परवाह किए बिना भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाया। उनके इसी निर्णय ने वैश्विक पटल पर भारत की धाक जमाई और आज हम एक सुरक्षित और समर्थ राष्ट्र के रूप में खड़े हैं।वहीं उन्होंने कहा स्वर्णिम चतुर्भुज और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की चर्चा करते हुए कहा कि अटल जी ने ही देश को सड़कों के माध्यम से जोड़ने का सपना देखा था, जिसे आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह ने उनके वैश्विक कूटनीति के कौशल पर प्रकाश डाला। वहीं, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी ने ग्रामीण विकास के प्रति अटल जी के विजन को अतुलनीय बताया। महापौर विनोद अग्रवाल ने अटल जी के मथुरा से गहरे जुड़ाव के संस्मरण साझा किए। वहीं जिलामहानगर अध्यक्ष हरीशंकर राजू यादव (एड.) ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी अटल जी के सपनों का भारत बनाने के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध है। विशिष्ट अतिथि यदवेन्द्र प्रताप सिंह ने अटल जी की कालजयी कविताओं के माध्यम से उनके साहित्यिक व्यक्तित्व को अजातशत्रु जननायक के रूप में परिभाषित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कारिंदा सिंह पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर उपसभापति मुकेश सारस्वत कमला प्रसाद पार्षद बाल किशन चतुर्वेदी संजय शर्मा कुंज बिहारी चतुर्वेदी महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा अंकुर अग्रवाल विजय शर्मा नितिन चतुर्वेदी हरिओम शर्मा प्रमोद बंसल पार्षद विकास दिवाकर पार्षद हनुमान गुर्जर पार्षद प्रतिनिधि हेमंत खंदौली पार्षद अंकुर गुर्जर पवन हिंडोल दीपेंद्र चतुर्वेदी ज्ञानेंद्र राणा मंडल अध्यक्ष लोकेश निषाद नितिन कौशिक हरीश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## 119 परीक्षा केंद्रों पर यूपी बोर्ड की परीक्षा देंगे छात्र-छात्राएं

**मथुरा।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2026 के सुचारू संचालन हेतु जनपद के 119 कालेजों को परीक्षा केन्द्र बनाने को अपनी स्वीकृति देते हुए अंतिम सूची का प्रकाशन आनलाइन कर दिया है। इनमे11राजकीय, 73 अशासकीय सहायता प्राप्त, 35 वित्त विहीन कालेजों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि 140 आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चयन समित ने 124 परीक्षा केन्द्रों की सूची माध्यमिक शिक्षा परिषद को अपनी संस्तुति भेजी। जिसके आधार पर माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के द्वारा 119 कालेजों को इस बार परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार एसकेडी इंटर कालेज सुपाना कोसीकलां, श्रीमती शिमला देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नसीटी मांट, राजकीय हाईस्कूल दधैंटा बलदेव को पहली बार परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। जबकि श्रीकृष्ण इंटर कालेज दलौता छाता, श्रीमती किरनदेवी गर्ल्स इंटर कालेज टैंटीगांव मांट, बहादुर सिंह इंटर कालेज जरैलिया, एसएस रतनी देवी इंटर कालेज सिहोरा महावन, श्री केरन सिंह इंटर कालेज धानातेजा वर्ष 2024-25 में परीक्षा केन्द्र नहीं थे इस बार इन पांचों कालेजों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

# प्रायवेट फिटनेस सेंटर मनमानी रकम वसूल रहे हैं : संजू गुप्ता

- उ. प्र. उद्योग व्यापार मण्डल के संयुक्त जिला महामंत्री ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**कन्नौज।** सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुरुप जनपद में तीन फिटनेस सेंटर खोले जाए एवं उनकी निगरानी भी की जाए। जिससे अनावश्यक लोगो को परेशान ना किया जाए। क्योंकि प्राइवेट फिटनेस सेंटर मनमानी रकम वसूल रहे हैं।

यह बात बुधवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला सयुंक्त महामंत्री संजीव गुप्ता संजू ने जनपद मुख्यालय पर सीएम योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौपनें के बाद पत्रकारों के समक्ष कही। कहा कि हाल ही मे मिनिस्टरी ऑफ ट्रांसपोर्ट एण्ड हाईवे द्वारा यह निर्देश जारी कर दिये गये है कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में तीन तीन फिटनेस सेंटर खोले जायेंगे। यह पहल सराहनीय है, जिससे पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धा और सेवा में सुधार आने की संभावना है। किन्तु वर्तमान में अधिकांश जिलो में केवल एक ही फिटनेस सेटर संचालित हो रहे है। वहां वाहन स्वामियो को अनेक समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है। क्यूकि एकमात्र फिटनेस सेंटर होने से वाहन स्वामियो से अनावश्यक शुल्क की मांग की जा रही है जाकि भ्रष्टाचार को कही न कही बढावा देता है।

प्रशासन प्राइवेट फिटनेस सेंटर के कियाशील होने के साथ सरकारी फिटनेस सेंटरो को बंद न किया जाये। सभी सेंटरो की नियमित निगरानी की जाये व एक हेल्पलाइन नंबर या पोर्टल प्रारंभ किया जाये जहां वाहन स्वामी अपनी शिकायत दर्ज करा सके। प्रत्येक जिले मे एक स्थायी निरीक्षण समिति गठित की जाये, जिसमे जिला प्रशासन, परिवहन विभाग तथा स्थानीय ट्रांसपोर्ट से संबंधित दो व्यक्तियो को शामिल किया जाये। इस प्रकार से न केवल पारदर्शिता रहेगी बल्कि वाहन मालिको को राहत मिलेगी और भ्रष्टाचार पर भी नियंत्रण होगा। इस अवसर पर सुशील दुबे, टिंकू कश्यप, केके राजपूत, सिद्धार्थ गुप्ता, प्रकाश चन्द्र अग्रवाल, गौरव गुप्ता, मुकेश पोरवाल, कयूम खान, मनीराम वर्मा सहित दर्जनों व्यापारी उपस्थित थे।

## दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के अंतर्गत पन्ना धाय माँ सुभारती नर्सिंग कॉलेज द्वारा आवश्यक नवजात शिशु देखभाल विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवजात शिशुओं की देखभाल से जुड़ी अद्यतन जानकारी, व्यवहारिक कौशल एवं सामुदायिक स्तर पर सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें डॉ. महक, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोहटा, मेरठ, डॉ. गीता परवंदा, सचिव, सोसाइटी ऑफ मिडवाइव्स इंडिया, उत्तर प्रदेश अध्याय एवं प्राचार्या, पन्ना धाय माँ सुभारती नर्सिंग कॉलेज, डॉ. पुलक, वरिष्ठ रेजिडेंट, चतुर्थ चरण सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, मेरठ, डॉ. (प्रो.) अम्ब्ली, विभागाध्यक्ष, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, पन्ना धाय माँ सुभारती नर्सिंग कॉलेज, श्री उमेश कुमार, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोहटा, श्री राहुल, स्वास्थ्य सहायक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोहटा तथा श्री विक्रांत तोमर, सहायक राजस्व अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोहटा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# परिवार परामर्श टीम की पहल से पाँच परिवारों में समझौता

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** जनपद में महिला एवं परिवार परामर्श केन्द्र की सक्रिय भूमिका एक बार फिर सामने आई है। महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा वैचारिक मतभेदों के कारण टूटने की कगार पर पहुंचे पाँच परिवारों के विवादों का सफलतापूर्वक समाधान कराया गया। परिवार परामर्श टीम के सहयोग से इन परिवारों में आपसी समझौता कराकर रिश्तों को बिखरने से बचाया गया। महिला परिवार परामर्श केन्द्र पर लगातार ऐसे पारिवारिक मामलों की सुनवाई की जा रही है, जिनमें पति-पत्नी के बीच आपसी मतभेद, घरेलू कलह, गलतफहमियां एवं पारिवारिक जिम्मेदारियों को लेकर विवाद उत्पन्न हो जाते हैं। सुनवाई के दौरान भी ऐसे ही पाँच प्रकरण सामने आए, जिनमें लंबे समय से पति-पत्नी एवं परिजनों के बीच तनाव बना हुआ था। महिला पुलिस अधिकारी एवं परामर्श केन्द्र के अन्य नामित सदस्यों द्वारा प्रत्येक मामले को गंभीरता से सुना गया। दोनों पक्षों को शांत वातावरण में अपनी बात रखने का अवसर दिया गया। इसके पश्चात परिवार परामर्श टीम द्वारा पति-पत्नी एवं उनके परिजनों की काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान टीम ने आपसी संवाद, सहनशीलता, विश्वास एवं समझदारी के महत्व को विस्तार से समझाया। परामर्श के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी गलतियों को स्वीकार किया और भविष्य में आपसी लड़ाई-झगड़ा न करने का संकल्प लिया। साथ ही पारिवारिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्रेम, सौहार्द और सहयोग के साथ जीवन व्यतीत करने पर सहमति जताई। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़ों को एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने, संवाद बनाए रखने और छोटे-छोटे मतभेदों को बातचीत के माध्यम से सुलझाने की सलाह दी गई।

# भीषण सर्दी में पालिका के अलावों से नागरिकों को मिली राहत

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर में पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता एवं अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार के निर्देश पर पालिका कर्मियों द्वारा आमजन की राहत के लिए प्रतिदिन जगह-जगह अलाव जलवाए जा रहे हैं।

ठंड के इस प्रकोप में पालिका के अलाव राहगीरों, मजदूरों, दुकानदारों और जरूरतमंद लोगों के लिए राहत का सहारा बने हुए हैं।बताते चलें कि पालिका द्वारा नगर के चौराहा, बाजारों, बस स्टैंड, अस्पतालों, रेलवे स्टेशन सहित करीब 31 भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नियमित रूप से अलाव जलाए जा रहे हैं। अलाव की व्यवस्था से सुबह और देर रात तक बाहर रहने वाले लोगों को ठंड से काफी हद तक निजात मिल रही है। ठिठुरन भरी सर्दी में जलते अलाव के पास लोग हाथ सेंकते नजर आ रहे हैं, जिससे उन्हें कुछ समय के लिए सुकून मिल रहा है। अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि शीतलहर को देखते हुए अलाव जलाने की व्यवस्था लगातार जारी रहेगी। साथ ही कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अलाव की लकड़ी समय-समय पर डलवाई जाए। पालिका की इस पहल से खासकर गरीब, असहाय और राहगीरों को बड़ी राहत मिली है। नगरवासियों ने पालिका की इस व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि कड़ाके की ठंड में अलाव जीवन रक्षक साबित हो रहे हैं।

## अखिल भारतीय जाट महासभा की बैठक पाली खेड़ा जाट हाउस में संपन्न

**मथुरा।** अखिल भारतीय जाट महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक पाली खेड़ा स्थित जाट हाउस में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बाबा रघुवीर सिंह जी ने की। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष श्री विश्वेन्द्र चौधरी ने कहा कि आगामी 13 फरवरी को महाराजा सूरजमल जी की जयंती के अवसर पर मथुरा शहर में एक भव्य रैली का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संगठन की मांग है कि महाराजा सूरजमल जी की प्रतिमा मथुरा शहर के किसी प्रमुख चौराहे पर स्थापित की जाए। इस संबंध में पूर्व में जिला अधिकारी महोदय को ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि 13 फरवरी से पहले शासन-प्रशासन द्वारा मूर्ति स्थापना हेतु भूमि आवंटित नहीं की जाती है, तो मथुरा की सड़कों पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# करीब 81 किलो गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** कोतवाली पुलिस और एएनटीएफ बाराबंकी की संयुक्त टीम ने एक बड़ी अवैध गांजा तस्करी का भंडाफोड़ किया पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में दो अभियुक्त भाइयों को 81 किलो 824 ग्राम नशीला पदार्थ (गांजा) के साथ गिरफ्तार किया गया, जिसकी कीमत 15 लाख रुपये आंकी गई है। जानकारी के मुताबिक, मुखबिर से मिली सटीक सूचना पर कोतवाली उरई पुलिस और एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स (एएनटीएफ) बाराबंकी की संयुक्त टीम ने सूचना के आधार पर थाना उरई क्षेत्र के इकलाश पुरा चौराहे के पास एक संदिग्ध अल्टो कार को रोका जैसे ही पुलिस ने चेकिंग शुरू की कार में सवार दोनों लोगों ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम ने उन्हें पकड़ लिया पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में अंकुर उर्फ पवन शिवहरे व श्याम शिवहरे हैं दोनों गिरफ्तार व्यक्ति भाई बताए जा रहे हैं। पुलिस को इनके पास से 81 किलो 824 ग्राम अवैध गांजा एक अल्टो 800 कार (क्र92रू1146), एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुआ है वहीं पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि वे सस्ते दामों पर गांजा खरीदकर महंगे दामों पर ग्राहकों को बेचते थे । इससे मिलने वाले पैसे को वे अपने शौक-शौकीन और पूर्व में चल रहे मुकदमों में पैरवी करवाने पर खर्च करते थे। उन्होंने बताया कि जिस दिन पकड़े गए वे गांजा बेचने के लिए ही जा रहे थे। अंकुर शिवहरे के खिलाफ छह मुकदमे दर्ज हैं जिनमें से दो मामले पहले से ही NDPS एक्ट के तहत हैं वहीं श्याम शिवहरे के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज हैं।

# हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद में मुरादाबाद के चार निर्यातक निर्विरोध सदस्य निर्वाचित

**अवधनामा संवाददाता**




**मुरादाबाद।** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में स्थानीय चार सदस्यों समेत देश से सात सदस्यों का निर्वाचन किया गया।

एजीएम के एजेंडे में प्रशासनिक समिति की केंद्रीय क्षेत्र की चार, उत्तरी क्षेत्र की एक और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र की दो सीटों पर चुनाव किया गया। केंद्रीय क्षेत्र से मुरादाबाद के नावेद उर रहमान, रोहित ढल,सलमान आजम और जीशान अली को निर्विरोध चुना गया है। उत्तरी क्षेत्र में नई दिल्ली के वरुण शर्मा व उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र से जयपुर के गिरीश कुमार अग्रवाल और जोधपुर की निर्मल भंडारी प्रशासनिक समिति के सदस्य चुने गए हैं। इस मौके पर आईईएमएल अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने निर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 में निर्यात को बुलंदी पर लेजाने के लिए मार्केटिंग, डिजाइनिंग और प्राइसिंग पर विशोष ध्यान देने का आह्वान किया है। अध्यक्षता ईपीसीएच अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने की। सागर मेहता, रवि के. पासी, राज कुमार मल्होत्रा, डी. कुमार, निर्मल भंडारी, लेखराज माहेश्वरी, अवधेश अग्रवाल, राजेश जैन, प्रिंस मलिक, ओ.पी. प्रहलादका, प्रदीप मुछाला, अशोक बूब, केएन तुलसी राव, नरेश बोथरा, के.एल. रमेश, अशोक अरोड़ा, अरशद मीर, विशाल अग्रवाल, जेपी सिंह, विकास भारद्वाज, कार्यकारी निदेशक आरके. वर्मा, अतिरिक्त कार्यकारी निदेशक राजेश रावत आदि शामिल रहे।

# पीडीए समाज के सजग प्रहरी थे राजनारायण

**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** बगैर जातीय दंश को भोगे सवर्ण समाज के समाजवादियों ने जाति को दरकिनार कर समाज के वंचित तबकों की तरक्की के लिए जो कार्य किया है वह अपने आप में अद्भुत है, उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर लोकबंधु राजनारायण के स्मृति दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि भूमिहार समाज में जन्मे लोकबंधु राजनारायण ने काशी - विश्वनाथ मंदिर में दलित प्रवेश करवाने से लेकर पिछड़े वर्गो को आरक्षण दिलवाने तक के लिए न केवल संघर्ष किया अपितु जेल भी गए और सरकारी यातना का भी शिकार हुए। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि पीडीए समाज की बहबूदी के लिए जीवन पर्यंत संघर्षरत रहने वाले राजनारायण ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर लोकतंत्र बचाने तक के आंदोलन में अपनी अतुलनीय कुर्बानी दी है।देश के वास्तविक समाजवादी राजनारायण को उनके स्मृति दिवस पर कोटिशः नमन है। राजनारायण स्मृति दिवस पर उपस्थित व्यास यादव,रामप्यारे यादव, मुस्तकीम, नवल किशोर यादव, संतोष मद्धेशिया, रामअशीष यादव, ज्ञानेश्वर यादव, जयनाथ यादव, मिथिला वर्मा,संजय यादव, गोविंद यादव, बिग्गू यादव आदि ने लोकबंधु राजनारायण के चित्र के समक्ष नत मस्तक हो उन्हें नमन करते हुए अपना पुरखा बताया।

# राजनायारण केवल एक नेता नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति का एक अनूठा अध्याय हैं: इकबाल

**अवधनामा संवाददाता**




**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर लोकबंधु राजनरायन की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करके फोटो के सामने पुष्पांजलि की गई। इस मौके पर लोकबंधु राजनरायण के पीडितों और वंचितों के समर्थन में किए गए संघर्ष को याद करते हुए समाजवादी आंदोलन में उनके योगदान पर चर्चा की गई। महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने कहा कि राजनरायण प्रखर समाजवादी थे। उनकी राजनीतिक यात्रा इंदिरा गांधी के खिलाफ लड़ाई और ऐतिहासिक जीत, दलितों के हक के लिए संघर्ष और सामाजिक क्रांति जनता पार्टी और आरएसएस के खिलाफ संघर्ष की रही। राजनारायण केवल नेता नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति का एक अनूठा अध्याय हैं। 23 नवंबर 1917 को काशी के राज परिवार में पैदा हुए राजनारायण ने फकीर जैसा जीवन यापन किया। जहाँ अन्याय होता देखते थे वह विरोध में खड़े हो जाते थे। उन्होंने डा. राम मनोहर लोहिया के नेतृत्व में समाजवादी आंदोलन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और आजादी के आंदोलन में भी सक्रिय भागीदारी की। उनके विचारों से प्रेरित होकर कार्य करने का आह्वान भी किया गया। इस अवसर पर मो शमशाद, अकरम अंसारी, लईक अहमद, मुशरफ खाँ, मुहम्मद आलम, नाजिर अंसारी, सुभान अंसारी, राशिद, मसरूर हसन, कमरूजमा सैफी, दाउद अंसारी, मो.अजीम, अहमद मुरादाबादी, नोमान पाशा, नसीम पाशा, फहीम मंसूरी, वसीम अकरम, हाजी शाहिद गामा, सलमान अंसारी, फरमान, अर्श अंसारी, राशिद अंसारी आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता इकबाल हुसैन अंसारी और संचालन महानगर महासचिव गजेंद्र सिंह यादव ने किया।

# पीडब्ल्यूएल की नीलामी, अमन सहरावत और युई सुसाकी का सबसे अधिक आधार मूल्य

**नई दिल्ली।** पीडब्ल्यूएल नीलामी तीन जनवरी को होनी है, जबकि लीग 15 जनवरी से एक फरवरी तक होगी। आगामी सत्र में मुकाबला करने वाली छह फ्रेंचाइजी हरियाणा थंडर्स, टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल, पंजाब रॉयल्स, महाराष्ट्र केसरी, दिल्ली दंगल वारियर्स और यूपी डॉमिनेटर्स हैं।

पेरिस ओलंपिक्स के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत 18 लाख रुपये के आधार मूल्य के साथ प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) की नीलामी में सबसे महंगे घरेलू खिलाड़ी के तौर पर शामिल हुए हैं, जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता युई सुसाकी और दिग्गज खिलाड़ी युस्नेलिस गुजमेन लोपेज को भी इतने ही आधार मूल्य के वर्ग में रखा गया है।



पीडब्ल्यूएल नीलामी तीन जनवरी को होनी है, जबकि लीग 15 जनवरी से एक फरवरी तक होगी। आगामी सत्र में मुकाबला करने वाली छह फ्रेंचाइजी हरियाणा थंडर्स, टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल, पंजाब रॉयल्स, महाराष्ट्र केसरी, दिल्ली दंगल वारियर्स और यूपी डॉमिनेटर्स हैं।

विश्व चैंपियनशिप के दौरान वजन प्रबंधन नहीं करने के कारण 21 साल के सहरावत पर लगा प्रतिबंध हाल ही में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने हटा दिया था। वह हाल के सत्रों में भारत के सबसे अच्छे खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। उन्होंने ओलंपिक खेलों और एशियाई खेलों में पदक जीते।

विश्व और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता दीपक पूनिया का आधार मूल्य 10 लाख रुपये है। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता नवीन भी इसी वर्ग में हैं। मौजूदा समय में भारत के सबसे अच्छे पहलवानों में से एक सुजीत कलकल ने हालांकि अपना आधार मूल्य सिर्फ सात लाख रुपये रखा है।

विदेशी पुरुषों के वर्ग में यूरोपीय और यूरेशियाई पहलवानों का दबदबा है। पूर्व विश्व और यूरोपीय चैंपियन रूस के अबासगदजी मागोमेदोव का आधार मूल्य 10 लाख है। इसी वर्ग में आर्मेनिया के विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता अरमान एंड्रियासियन और हंगरी के 2023 के विश्व चैंपियन इस्जमेल मुसुकाजेव भी हैं।

कई बार के विश्व और यूरोपीय पदक विजेता और ओलंपियन आर्मेनिया के आर्सेन हारुत्युनियन और मौजूदा विश्व और यूरोपीय चैंपियन रूस के उस्मानोव अखमेद पर बड़ी बोली लगाने की उम्मीद है। दोनों का आधार मूल्य 10 लाख रुपये है। महिला कुश्ती में विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता और भारत की स्टार खिलाड़ी अंतिम पंघाल को 10 लाख रुपये आधार मूल्य के वर्ग में रखा गया है जबकि फॉर्म हासिल करने के लिए जूझ रही अंशु मलिक भी इसी वर्ग में हैं।

स्वाति शिंदे, पूजा गहलोत भी उन शीर्ष भारतीय नामों में शामिल हैं जिनमें काफी दिलचस्पी होने की उम्मीद है। टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण और पेरिस खेलों की कांस्य पदक विजेता जापान की सुसाकी का आधार मूल्य 18 लाख है जो महिला पहलवानों में सबसे अधिक है। पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता क्यूबा की लोपेज को भी इसी वर्ग में जगह मिली है।

# आईएसएल को लेकर हरकत में आया भारतीय फुटबॉल महासंघ, क्लबों से टूर्नामेंट में भागीदारी की पुष्टि करने को कहा

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने क्लबों को पत्र लिखकर आईएसएल में भागीदारी सुनिश्चित करने कहा है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को क्लबों से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के देर से शुरू होने वाले सत्र और प्रस्तावित प्रारूप में अपनी भागीदारी की पुष्टि एक दिन के अंदर करने को कहा जिससे कि वह महाद्वीपीय संस्था को प्रतियोगिता में खेले जाने वाले मुकाबलों की सही संख्या बता सके। आईएसएल 2025-26 अभी शुरू नहीं हुआ है जिससे यह तय है कि क्लब एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) चैंपियन्स लीग दो में खेलने का पात्र होने के लिए शीर्ष डिविजन लीग और घरेलू कप में जरूरी 24 मैच नहीं खेल पाएंगे।

इस संदर्भ में आईएसएल क्लबों ने एआईएफएफ से अपील की थी कि वह एएफसी से कम से कम 24 मैच खेलने की जरूरत में एक





बार छूट देने का आग्रह करे जिससे कि वे एसीएल दो में खेल सकें। क्लबों के प्रतिनिधियों और एआईएफएफ द्वारा बनाई गई एक समिति ने 2025-26 आईएसएल सत्र को कैसे आयोजित किया जाए इसे लेकर 24 दिसंबर 2025 से अब तक पांच बैठक की हैं।

**आईएसएल क्लबों को लिखा पत्र**

एआईएफएफ ने आईएसएल क्लबों को एक पत्र में कहा, 28 दिसंबर 2025 को हुई बैठक में आईएसएल क्लबों ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ से आग्रह किया था कि वह 24 मुकाबलों की न्यूनतम जरूरत में एक बार की छूट के बारे में एशियाई फुटबॉल परिसंघ के साथ बात करे। एआईएफएफ ने आईएसएल क्लबों से एक जनवरी 2026 तक आईएसएल 2024-25 में हिस्सा लेने और प्रस्तावित प्रतियोगिता प्रारूप की पुष्टि करने के लिए कहा है। एएफसी, खेल मंत्रालय और उच्चतम न्यायालय को इसके बारे में बताया जाएगा।

**एआईएफएफ ने दो प्रतियोगिता का दिया सुझाव**

एआईएफएफ ने यह भी कहा कि उसे आईएसएल क्लबों के साथ हुई बैठक के नतीजे के बारे में दो जनवरी 2026 से पहले खेल मंत्रालय को बताना होगा। एआईएफएफ ने आईएसएल 2025-26 सत्र के लिए दो प्रतियोगिता प्रारूप का सुझाव दिया था जिसे वह फरवरी के पहले हफ्ते में शुरू करना चाहता है।

# 2026 में होंगे खेलों के कई महाकुंभ



**नई दिल्ली।** साल 2026 खेल प्रेमियों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं होने वाला है। ओलंपिक, वर्ल्ड कप और बहु-राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं से भरा अगला साल रोमांच, प्रतिस्पर्धा और यादगार पलों की गारंटी देता है। जैसे-जैसे 2026 के महीने आगे बढ़ेंगे, खेल की दुनिया में हर कुछ हफ्तों में कोई न कोई बड़ा आयोजन सुर्खियों में रहेगा। शीतकालीन ओलंपिक से लेकर क्रिकेट और फुटबॉल वर्ल्ड कप, राष्ट्रमंडल खेल और एशियन गेम्स, हर स्तर पर वैश्विक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

अंडर-19 वनडे विश्व कप की शुरुआत 15 जनवरी से छह फरवरी तक जिम्बाब्वे और नामीबिया की मेजबानी में होगी। इस टूर्नामेंट में 14 साल के वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे जैसे उभरते हुए युवा सितारों पर करीब से नजर रखी जाएगी। इस आयु वर्ग के फाइनल के एक दिन बाद सीनियर पुरुष टीम भारत और श्रीलंका की मेजबानी में सात फरवरी से आठ मार्च तक होने वाले टी20 विश्व कप में खिताब के बचाव के लिए उतरेगी। समर ओलंपिक की तरह ही विंटर ओलंपिक भी दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों को एक मंच पर लाता है। 2026 का विंटर ओलंपिक इसका 25वां संस्करण होगा, जिसकी संयुक्त मेजबानी इटली के मिलान और कोर्टिना डी'एम्पेजो करेंगे। यह आयोजन छह फरवरी से 22 फरवरी तक चलेगा। स्कीइंग, शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और आइस हॉकी जैसे खेलों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एथलीट अपनी ताकत और तकनीक का प्रदर्शन करेंगे। भारत के लिए भी यह ओलंपिक खास रहेगा क्योंकि स्टार अल्पाइन स्कीयर आरिफ खान बीजिंग 2022 के बाद अपने दूसरे लगातार ओलंपिक में उतरने की तैयारी में हैं। यह भारतीय विंटर स्पोर्ट्स के लिए एक अहम पड़ाव माना जा रहा है। क्रिकेट की दुनिया में 2026 का सबसे बड़ा आकर्षण आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप होगा। इस टूर्नामेंट की संयुक्त मेजबानी भारत और श्रीलंका करेंगे। प्रतियोगिता सात फरवरी से शुरू होगी, जबकि फाइनल आठ मार्च को खेला जाएगा। भारत इस टूर्नामेंट में डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में उतरेगा। टीम इंडिया ने रोहित शर्मा की कप्तानी में 2024 में खिताब जीता था। तब टीम में विराट कोहली भी थे। अब ये दोनों नहीं होंगे। ऐसे में देखना होगा कि भारतीय टीम कैसा प्रदर्शन करती है। सभी प्रमुख क्रिकेट राष्ट्र इसमें हिस्सा लेंगे, लेकिन इटली पर खास नजर रहेगी, जो पहली बार पुरुष टी20 वर्ल्ड कप में डेब्यू करेगा। क्वालिफायर में उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें डार्क हॉर्स बना दिया है। बैडमिंटन आल इंग्लैंड चैंपियनशिप तीन मार्च से शुरू होगी, जिसमें पीवी सिंधू और बाकी भारतीय खिलाड़ी 2025 की नाकामी से उबरना चाहेंगे। भारतीय फुटबॉल प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है कि एक मार्च से ऑस्ट्रेलिया में शुरू हो रहे एएफसी महिला एशियाई कप में लंबे समय बाद भारतीय टीम खेलती नजर आएगी। मार्च के आखिर से अप्रैल तक साइप्रस में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट खेला जाएगा, जिससे विश्व चैंपियनशिप खिताब के चैलेंजर का पता चलेगा। अभी भारत के डी गुकेश विश्व चैंपियन हैं। इस टूर्नामेंट के ओपन वर्ग में भारत के आर प्रज्ञानंद और महिला वर्ग में आर वैशाली, कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख भाग लेंगे। शतरंज टूर्नामेंट 16 अप्रैल तक चलेगा। वहीं, मंगोलिया में एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप खेली जाएगी।

# अमिताभ बच्चन ने याद किया 'शोले' का दौर, धर्मेंद्र को भावुक श्रद्धांजलि से नम हुईं आंखें



**मुंबई।** अमिताभ बच्चन ने शो कौन बनेगा करोड़पति 17 के मंच पर हाल ही में धर्मेंद्र को याद करके बिग बी भावुक हो गए। फिल्म इक्कीस की टीम के साथ अमिताभ ने भी उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कौन बनेगा करोड़पति 17 के हालिया एपिसोड में सवाल-जवाब से ज्यादा भावनाओं का सैलाब देखने को मिला। शो की शुरुआत एक ऐसे पल से हुई, जिसने स्टूडियो में मौजूद हर शख्स को खामोश कर दिया। बॉलीवुड के 'ही-मैन' कहे जाने वाले धर्मेंद्र को समर्पित इस खास पल में अमिताभ बच्चन भावुक हो गए।

**धर्मेंद्र को याद करके भावुक हुए अमिताभ बच्चन**

अमिताभ बच्चन ने धर्मेंद्र को सिर्फ सह-कलाकार नहीं, बल्कि अपने परिवार और प्रेरणा का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि एक कलाकार की असली पहचान उसके आखिरी काम से भी झलकती है और धर्मेंद्र ने अपने अंतिम सिनेमाई योगदान में भी यही साबित किया। उनके लिए अभिनय सांस लेने जैसा था, जिसे उन्होंने आखिरी पल तक जिया।

**श्रीराम राघवन ने भी साझा किया किस्सा**

इस मौके पर मंच पर मौजूद निर्देशक श्रीराम राघवन ने भी धर्मेंद्र के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि ऐसे कलाकार के साथ काम करना किसी सौभाग्य से कम नहीं, जिनकी मौजूदगी ही सीन को जीवंत बना देती है। वहीं अभिनेता जयदीप अहलावत ने कहा कि सेट पर कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि वे किसी बड़े सुपरस्टार के साथ काम कर रहे हैं, बल्कि ऐसा लगता था जैसे परिवार का कोई बुजुर्ग साथ बैठा हो, जो बिना बोले बहुत कुछ सिखा देता है।

कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया जब अमिताभ बच्चन ने 'शोले' के दिनों को याद किया। उन्होंने शूटिंग के दौरान का एक किस्सा साझा किया, जिसमें धर्मेंद्र की शारीरिक ताकत के बारे में पता चला।

# बॉर्डर 2 के नए गाने के लॉन्च से पहले निर्माता ने जताई उम्मीद, पिता की फिल्म को भी किया याद

फिल्म बॉर्डर 2 का गाना घर कब आओगे जल्द ही लॉन्च होने वाला है। इससे पहले फिल्म की निर्माता निधि दत्ता ने उम्मीद जताई है कि इस फिल्म का दर्शक पुरानी यादों के साथ इंतजार कर रहे हैं।

सनी देओल स्टारर फिल्म बॉर्डर 2 जनवरी में रिलीज होने वाली है। हाल ही में इसके गाने घर कब आओगे का टीजर रिलीज हुआ है। इस पर दर्शकों ने अच्छी प्रतिक्रिया दी है। इस गाने के लॉन्च होने से पहले फिल्म की प्रोड्यूसर निधि दत्ता ने कहा है कि वॉर ड्रामा को लेकर मिल रहे प्यार से वह बहुत खुश हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि फैंस नई फिल्म में 1997 की हिट फिल्म की यादों को फिर से जी पाएंगे।

**घर कब आओगे को मिला अच्छा रिस्पॉन्स**

बॉर्डर 2 के मेकर्स घर कब आओगे गाना लॉन्च करने वाले हैं।

**टीजर रिलीज**

> **सनी देओल स्टारर फिल्म बॉर्डर 2 जनवरी में रिलीज होने वाली है। हाल ही में इसके गाने घर कब आओगे का टीजर रिलीज हुआ है।**

इसमें सोनू निगम, अरिजीत सिंह, विशाल मिश्रा और दिलजीत दोसांझ जैसे बेहतरीन सिंगर्स ने अपनी आवाज दी है। इस गाने का म्यूजिक अनु मलिक ने दिया है, जिसे मिथुन ने रीक्रिएट किया है। इसके बोल मनोज मुंतशिर शुक्ला



ने लिखे हैं, जिन्होंने जावेद अख्तर के ओरिजिनल बोल को आगे बढ़ाया है। गाने घर कब आओगे के टीजर को यूट्यूब पर 4.5 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिले हैं।

**हर कोई पुरानी यादों के साथ जीना चाहता है**

निधि दत्ता के पिता जेपी दत्ता के निर्देशन में साल 1997 में बनी फिल्म बॉर्डर एक ब्लॉकबस्टर फिल्म थी। बॉर्डर 2 उसका सीक्वल है। एक बयान में निधि दत्ता ने कहा बॉर्डर 2 सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह एक भावना है जो हर भारतीय की है, चाहे वह यहां हो या दुनिया के किसी कोने में। हर कोई फिल्म का इंतजार कर रहा है और मेरे पिता की फिल्म के साथ महसूस की गई पुरानी यादों को फिर से जीना चाहता है। यह मेरे पिता और मुझे भरोसा दिलाता है कि बॉर्डर 2 का इंतजार पुरानी यादों को फिर से जीने की चाहत के साथ हो रहा है।

ऋतिक रोशन ने सबा आजाद के साथ किया डांस? अपने डबल थंब को लेकर किया बड़ा खुलासा

बॉर्डर 2 के बारे में

फिल्म बॉर्डर 2 का निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है। इसमें सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, मेधा राणा, सोनम बाजवा और अन्या सिंह जैसे दमदार कलाकार हैं। बॉर्डर 2 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# अर्जुन कपूर के एक्सप्रेशन से लेकर वीर के लंगड़ी डांस तक

## मीम्स-रील्स में छाए बॉलीवुड के अंद

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई सेलेब्स इस साल अपनी फिल्मों की बजाय मीम्स, रील्स की वजह से खबरों में बने रहे। इस लिस्ट में उर्वशी रौतेला से लेकर अर्जुन कपूर तक के अलावा कई एक्टर्स शामिल रहे। जानिए, ये एक्टर्स मीम्स, रील्स की दुनिया में क्यों ट्रेंड करते रहे।

उर्वशी रौतेला ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उनके नाम एक उत्तराखंड में एक मंदिर है। जबकि सच्चाई यह थी कि यह मंदिर देवी उर्वशी के नाम था, ना कि एक्ट्रेस के नाम पर। इस बात का विरोध उर्वशी मंदिर के पुजारियों ने किया। लेकिन यह बात मीम, रील्स की दुनिया में भी चर्चा का विषय बन गई। इंस्टाग्राम से लेकर मीम्स पेज पर उर्वशी के बयान पर मजाकिया ढंग से तंज कसा गया।

इस साल वीर पहाड़िया ने फिल्म 'स्काई फोर्स' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इस फिल्म में उन्होंने एक गाने 'रंग' में ऐसा डांस स्टेप किया, जो वायरल हो गया। इस गाने में किया गया उनका डांस स्टेप 'लंगड़ी डांस'







के तौर पर पॉपुलर हुआ। कई सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ने उनके डांस का मजाक बनाया, इस डांस को लेकर खूब मीम्स भी बने।

**अर्जुन कपूर का एंग्री एक्सप्रेशन बन गया मीम**

लगभग आठ साल पहले एक फिल्म प्रमोशन के दौरान अर्जुन कपूर ने किसी फैन को गुस्से से देखा था। यही वीडियो इस साल वायरल हुआ। अर्जुन का एंग्री एक्सप्रेशन मीम्स में बहुत इस्तेमाल किया गया। यहां तक इस वायरल मीम पर खुद अर्जुन ने भी एक एड फिल्म में एक्ट किया। इस मीम की वजह से वह इस साल काफी वायरल रहे।

**परिणीति चोपड़ा का पुराना डायलॉग हुआ ट्रेंड**

साल 2014 में परिणीति चोपड़ा ने एक फिल्म 'हंसी तो फंसी' में सिद्धार्थ मल्होत्रा के अपोजिट एक्टिंग की थी। इस फिल्म में उन्होंने एक डायलॉग बोला था, 'मेरी बॉडी में सेंसेशन होते हैं, जैसे सरसराहट, गुदगुदाहट, थरथराहटज्'। इस साल यह डायलॉग मीम्स और सोशल मीडिया की दुनिया में छाया रहा। इस वजह से परिणीति भी लाइम लाइट में बनी रहीं।

**सैयारा के फैंस रिएक्शन पर बने मीम्स**

रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'सैयारा' इस साल की हिट फिल्मों की लिस्ट में शामिल हुई। लेकिन इस फिल्म को देखने के लिए जब यंग ऑडियंस आई तो कुछ लोगों ने थिएटर में रोना शुरू कर दिया। दिल टूटे आशिकों की तरफ व्यवहार किया। यह सभी बातें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं, जो बाद में मीम्स में बदल गईं। इन बातों पर खूब फनी रील्स भी बनीं।

**धुरंधर का FA9LA गाना और हमजा वाला सीन हुआ वायरल**

इन दिनों फिल्म 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर 700 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। इस फिल्म में एक गाना 'FA9LA' बहुत ट्रेंड कर रहा है, इसमें किया गया अक्षय खन्ना का डांस स्टेप भी हर तरफ छाया हुआ है। इस पर खूब रील्स बन रही हैं। वहीं फिल्म में एक सीन है, जहां रणवीर सिंह का किरदार हमजा पाकिस्तान जाता है और वहां काम की तलाश करता है, जबकि वह असल में एक जासूस है। इस सीन को सोशल मीडिया और मीम्स में अलग ढंग से इस्तेमाल किया गया। हमजा वाला सीन बड़े ही फनी अंदाज में मीम्स, रील्स में इस्तेमाल किया गया है।

# कृति सेनन ने भावुक नोट के साथ 2025 को कहा अलविदा, लिखा- इस साल ने मुझे बहुत कुछ सिखाया

**मुंबई।** कृति सेनन ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर साल 2025 को अलविदा करते हुए एक भावुक नोट लिखा है। इसके साथ ही कृति ने कई यादगार तस्वीरें भी शेयर की हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन इन दिनों अपनी फिल्म कॉकटेल 2 को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। साल 2025 का आज आखिरी दिन है। इस मौके पर कृति ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस साल को अलविदा किया और आने वाले साल 2026 के स्वागत के लिए पूरे दिल से आगे बढ़ने का विश्वास जताया।

**कृति सेनन का पोस्ट**

कृति सेनन ने इंस्टाग्राम पर 2025 की खास यादों को फोटो के साथ शेयर किया। कैप्शन में उन्होंने लिखा, अलविदा 2025, इस साल ने मुझे सिखाया कि असली विकास जोर-शोर से नहीं, बल्कि चुपचाप, लगातार और अपने तरीके से होता है। मैंने कई ऐसी कहानियां जीं, जो मुझे चुनौती देती रहीं। जब सांस लेने की जरूरत पड़ी तो रुकी, और





समझा कि आराम करना भी उतना ही जरूरी है जितना मेहनत करना।

**कृति ने लोगों का किया शुक्रिया**

आगे कृति ने लिखा, उथल-पुथल और शांति के बीच मैंने बहुत कुछ सीखा, प्यार पाया और उन लोगों का शुक्रिया अदा किया, जो मुझे अपना घर जैसा महसूस कराते हैं। इस साल को मैं और ज्यादा नरमी, ताकत और मजबूत इरादे के साथ खत्म कर रही हूं। पूरा विश्वास और दिल से आगे बढ़ रही हूं।

**कृति सेनन का वर्कफ्रंट**

कथित तौर पर कृति सेनन जल्द ही रश्मिका मंदाना और शाहिद कपूर के साथ फिल्म कॉकटेल 2 में नजर आएंगी। हालांकि, इस फिल्म को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सोशल मीडिया पर फिल्म के सेट से कई तस्वीरें ऑनलाइन सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी हैं। कॉकटेल 2% 2012 की हिट फिल्म कॉकटेल का सीक्वल है। यह एक रोमांटिक कॉमेडी है। इसका निर्देशन होमी अदजानिया कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग हो चुकी है और यह 2026 में रिलीज होने की उम्मीद है।

# निकाय चुनाव में एमवीए को मिली मदद

**निकाय**

**महाराष्ट्र की स्वाभिमानी पार्टी ने आगामी निकाय चुनाव में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) को समर्थन देने का एलान किया है।**



**मुंबई।** निकाय चुनाव से पहले स्वाभिमानी पार्टी ने महाविकास अघाड़ी को समर्थन देने का एलान किया है। स्वाभिमानी पार्टी के नेता राजू शेट्टी ने सत्ताधारी पार्टियों पर मनमानी करने का आरोप लगाया। महाराष्ट्र की स्वाभिमानी पार्टी ने आगामी निकाय चुनाव में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) को समर्थन देने का एलान किया है। स्वाभिमानी पार्टी ने कहा कि महाविकास अघाड़ी गठबंधन ही महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रहा है। कांग्रेस के विधान परिषद के नेता सतेज पाटिल को लिखे पत्र में स्वाभिमानी पार्टी के नेता और पूर्व सांसद राजू शेट्टी ने कहा कि निकाय चुनाव ऐसे समय लड़े जा रहे हैं, जब शहरी नागरिक बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और प्रशासन की नाकामी के चलते भारी परेशानी झेल रहे हैं। शेट्टी ने सत्ताधारी पार्टियों पर विकास के नाम पर भ्रष्टाचार और मनमाने तरीके से प्रशासन करने का आरोप लगाया। पत्र में शेट्टी ने लिखा कि इसके परिणामस्वरूप गरीब और आम नागरिक परेशान हैं। महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) शामिल हैं, जबकि सत्ताधारी गठबंधन महायुति में भाजपा, शिवसेना और एनसीपी साझेदार हैं। राजू शेट्टी ने कहा कि एमवीए के उम्मीदवार जनता के मुद्दों पर आवाज उठाने और शहरी निवासियों के हितों की रक्षा के लिए मैदान में हैं। पत्र में कहा गया है, इसे देखते हुए, स्वाभिमानी पार्टी ने राज्य भर में नगर निगम चुनावों में महाविकास अघाड़ी के उम्मीदवारों को अपना समर्थन देने का फैसला किया है। राज्य भर के 29 नगर निगमों में चुनाव 15 जनवरी को होंगे और वोटों की गिनती अगले दिन होगी।

# प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी में सोने-हीरे के गहनों से भरा सूटकेस जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सर्वप्रिया विहार के एक परिसर में ईडी की छापेमारी के दौरान सोने और हीरे के आभूषणों से भरा बैग और करीब पांच करोड़ की नकदी बरामद हुई है। मामले की जांच जारी है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को दिल्ली के सर्वप्रिया विहार स्थित एक परिसर में छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में नकदी, गहने और दस्तावेज जब्त किए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, छापेमारी के दौरान 5.12 करोड़ रुपये नकद, सोने और हीरे के गहनों से भरा एक सूटकेस बरामद किया गया, जिसकी कीमत करीब 8.80 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसके अलावा, चेक बुक से भरा एक बैग और करीब 35 करोड़ रुपये की संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। ईडी ने बताया कि यह कार्रवाई अभी जारी है और मामले की आगे की जांच की जा रही है। यह तलाशी कार्रवाई इंदरजीत सिंह यादव, उसके सहयोगियों, अपोलो ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और उनसे जुड़ी अन्य संस्थाओं व व्यक्तियों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत दर्ज एक कथित धनशोधन मामले में की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, तलाशी और बरामदगी इंदरजीत सिंह यादव के सहयोगी अमन कुमार के परिसरों से की गई है। यह तलाशी 30 दिसंबर को दिल्ली के सर्वप्रिया विहार इलाके में शुरू हुई थी। इस दौरान ईडी ने 5.12 करोड़ रुपये नकद, एक सूटकेस में रखे सोने और हीरे के गहने जिनकी कीमत करीब 8.80 करोड़ रुपये बताई गई है और एक बैग में रखी चेक बुक व लगभग 35 करोड़ रुपये की संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज जब्त किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी अभियान अभी जारी है।

ईडी ने यह जांच हरियाणा पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से दर्ज 15 से ज्यादा प्राथमिकियों और दाखिल आरोपपत्र के आधार पर शुरू की है। ये मामले इंदरजीत सिंह यादव और उसके सहयोगियों के खिलाफ आयुध अधिनियम, 1959; भारतीय न्याय संहिता, 2023 और भारतीय दंड संहिता, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किए गए हैं।

# खरगे का केंद्र सरकार पर तंज



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए 2025 में भाजपा सरकार की विफलताओं और कुप्रशासन का आरोप लगाया। नए साल की पूर्व संध्या पर उन्होंने कामना की कि आने वाले वर्ष में सरकार अच्छा शासन दे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को केंद्र पर तंज कसते हुआ कहा कि उम्मीद करता हूं कि सरकार आने वाले साल में सुशासन देगी। उन्होंने कर्नाटक के बंगलूरू में बुधवार को कहा, मैं प्रार्थना करता हूं कि यह साल अच्छा बीते, और सब खुश रहें। मुझे उम्मीद है कि नया साल सभी के लिए समृद्धि और अच्छी सेहत लेकर आएगा और सरकारें अगले साल अच्छा शासन देंगी। मल्लिकार्जुन खरगे के आरोपों पर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने एक्स पर लिखा, मल्लिकार्जुन खरगे जी, झूठ परोसने के अलावे कांग्रेस के पास और कोई काम नहीं है क्या? 2025 में देश की जनता ने आपके हर झूठ को खारिज किया। इसके बावजूद आप झूठ की खेती करने से बाज नहीं आ रहे। इससे पहले दिन में एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे ने भाजपा पर तीखा हमला बोला था। उन्होंने भाजपा पर मनरेगा का नाम बदलने,रुपये के गिरते मूल्य,महंगाई सहित 14 मुद्दों पर सरकार को घेरा। खरगे ने एक्स पर लिखा कि साल के आखिरी दिन ये याद दिलाना जरूरी है कि 2025, भाजपा के 11वें साल में देश कैसा चला? मनरेगा खत्म कर, करोड़ों गरीबों के काम का अधिकार÷ छीना। बिना तैयारी कर, बिना बीएलओ ट्रेनिंग के एसआईआर से करोड़ों लोगों का वोटिंग का अधिकार छीना, भाजपा की वोट चोरी पकड़ी गई मनरेगा और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का हवाला देते हुए खरगे ने आरोप लगाया कि केंद्र ने लोगों से काम और वोट का अधिकार छीना। उन्होंने मनरेगा की जगह लाए गए विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 की आलोचना की। इसके साथ ही उन्होंने बढ़ती आर्थिक असमानता, डॉलर के मुकाबले रुपये के 91 के पास पहुंचने,आरबीआई के 32 अरब डॉलर (2.8 लाख करोड़ रुपये) की बिक्री का कोई फर्क न पड़ने, युवाओं की बेरोजगारी और पेपर लीक का भी जिक्र किया।

उन्होंने भारतङ्कपाक तनाव में अमेरिका और चीन की मध्यस्थता के दावों, मणिपुर, महंगाई, जीएसटी, सामाजिक अत्याचार, प्रदूषण, पर्यावरणीय नुकसान और हादसों पर भी सरकार को घेरा। इसके जवाब में भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पलटवार करते हुए कहा कि पीएम मोदी के सुधारों से भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। यह नारों से नहीं, बल्कि सुधारों से हुआ है।

# चुनावी हलचल के बीच एनसीपी नेता धनंजय मुंडे को बड़ी राहत



**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड जिले की अदालत ने एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री धनंजय मुंडे के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने कहा शिकायतकर्ता पहली पत्नी होने का दावा साबित नहीं कर पाई हैं, इसलिए कोई मामला नहीं बनता। महाराष्ट्र के बीड जिले के न्यायालय ने बुधवार को पूर्व राज्य मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता धनंजय मुंडे को बड़ी राहत दी है। न्यायालय ने नेता के खिलाफ उनकी पहली पत्नी होने का दावा करने वाली एक महिला की याचिका खारिज कर दी। महिला ने आरोप लगाया था कि मुंडे ने 2024 के चुनावी नामांकन पत्रों में आवश्यक जानकारी छिपाई है। मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट (परली वैजनाथ) दीपक बोरडे ने फैसला सुनाया कि शिकायतकर्ता करुणा मुंडे आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्ट्या में कोई मामला साबित नहीं कर पाई हैं। न्यायालय ने यह भी कहा कि तथ्यों को चुनाव जीतने के उद्देश्य से नहीं छिपाया गया था। अदालत ने कहा, ÷ऐसा लगता है कि शिकायतकर्ता की ओर से बताए गए तथ्यों को छिपाने से उनकी चुनावी जीत पर कोई असर नहीं पड़ा है। इसलिए ऐसे तथ्य को न बताने का मकसद चुनाव में जीतने का नहीं लगता। मामले में करुणा मुंडे ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत अदालत का रुख किया था। उन्होंने खुद को एनसीपी नेता की पहली कानूनी रूप से विवाहित पत्नी बताया था। उनकी मुख्य शिकायत थी कि पहली पत्नी होने के बावजूद, नवंबर 2024 में जब धनंजय मुंडे ने बीड जिले के परली से विधानसभा चुनाव लड़ा, तो नामांकन पत्रों में उनका नाम शामिल नहीं था। दूसरी ओर, एनसीपी नेता ने न्यायालय में कहा कि उनका संबंध आपसी सहमति से था, जिससे दो बच्चे हुए। पूर्व मंत्री ने बच्चों के दस्तावेजों में केवल अपना नाम और उपनाम प्रयोग करने की अनुमति दी थी। धनंजय मुंडे के अधिवक्ता बी. कावड़े ने तर्क दिया कि शिकायतकर्ता को पूरी जानकारी थी कि एनसीपी विधायक पहले से शादीशुदा हैं, फिर भी उन्होंने स्वेच्छा से रिश्ता बनाया, जो नवंबर 2020 में खत्म हो गया।

महिला के मामले में कई विसंगतियों को उजागर करते हुए, न्यायालय ने बताया कि शिकायत में 1996 के विवाह का उल्लेख है, जबकि उनके सत्यापन बयान में तिथि 1 सितंबर, 1998 बताई गई है। न्यायालय ने कहा कि शिकायतकर्ता ने विवाह का कोई कानूनी दस्तावेज जैसे पंजीकरण प्रमाण पत्र या अन्य साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए हैं, जो यह सिद्ध करें कि वह परली विधायक की पहली कानूनी रूप से विवाहित पत्नी हैं।

# चुनाव कर्मचारियों की सुरक्षा पर आयोग सख्त




**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में चुनाव कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने राज्य सरकार से बीएलओ को बढ़ा हुआ मानदेय तुरंत जारी करने को कहा है। साथ ही अभिषेक बनर्जी के आरोपों के बाद आयोग ने टीएमसी को चेतावनी दी कि चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को धमकाने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

पश्चिम बंगाल में चुनावी तैयारियों के बीच चुनाव आयोग ने बड़ा और सख्त संदेश दिया है। आयोग ने साफ कहा है कि चुनाव ड्यूटी में लगे किसी भी कर्मचारी को डराने-धमकाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चाहे वह बीएलओ हों, ईआरओ, एईआरओ या ऑब्जर्वर। सभी की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि है। बता दें, आज टीएमसी दल का प्रतिनिशि मंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकता की थी। इसके बाद उन्होंने बाहर आकर आयोग पर कई सवाल उठाए। वहीं, चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रतिनिधिमंडल को स्पष्ट रूप से बताया कि राज्य सरकार को तुरंत प्रत्येक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को बढ़ा हुआ मानदेय जारी करना चाहिए, जिसे आयोग की मंजूरी मिल चुकी है। साथ ही आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनावी प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए नए कदम उठाए जा रहे हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार को बिना किसी देरी के बीएलओ को स्वीकृत बढ़ा हुआ मानदेय जारी करना चाहिए। आयोग का मानना है कि बीएलओ चुनावी व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके अधिकारों व सुविधाओं की अनदेखी चुनावी निष्पक्षता को प्रभावित कर सकती है। टीएमसी प्रतिनिधिमंडल को आयोग ने जानकारी दी कि मतदाताओं की सुविधा के लिए ऊंची आवासीय इमारतों, गेटेड कॉलोनियों और झुग्गी-बस्तियों में भी मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इसका उद्देश्य यह है कि किसी भी मतदाता को वोट डालने में परेशानी न हो और मतदान प्रतिशत बढ़े। चुनाव आयोग ने दो टूक कहा कि टीएमसी यह सुनिश्चित करे कि उसके जमीनी स्तर के राजनीतिक प्रतिनिधि या कार्यकर्ता चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को धमकाने में शामिल न हों। आयोग ने चेतावनी दी कि अगर कोई भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में लेने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। आयोग ने स्पष्ट किया कि किसी भी चुनावी कर्मचारी चाहे वह बीएलओ हो या ऑब्जर्वर को डराना गंभीर अपराध माना जाएगा। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं द्वारा की गई किसी भी तरह की धमकी को आयोग कतई बर्दाश्त नहीं करेगा और दोषियों पर कठोर कदम उठाए जाएंगे। चुनाव आयोग ने कहा कि वह स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर कड़े निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि चुनावी कर्मचारियों पर किसी भी तरह का दबाव न डाला जा सके और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर लोगों का भरोसा बना रहे।

## डीआरडीओ ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

**नई दिल्ली।** डीआरडीओ ने बुधवार को ओडिशा तट के पास एक ही लॉन्चर से प्रलय मिसाइल का सफल सैल्वो लॉन्च किया। यह परीक्षण यूजर इवैल्यूएशन ट्रायल्स के तहत हुआ, जिसमें दोनों मिसाइलों ने सभी लक्ष्य पूरे किए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे बड़ी उपलब्धि बताया। भारत की रक्षा क्षमता को नई मजबूती देते हुए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन यानी डीआरडीओ ने प्रलय मिसाइल का सफल सैल्वो लॉन्च किया है। यह परीक्षण देश की स्वदेशी मिसाइल तकनीक और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा है। एक ही लॉन्चर से कम समय के अंतराल में दो मिसाइलों का सफल प्रक्षेपण अपने आप में अहम उपलब्धि है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बुधवार की सुबह करीब 10:30 बजे ओडिशा तट के पास एक ही लॉन्चर से दो प्रलय मिसाइल दागी गईं।

# यूरोप की नई उत्सर्जन नीति से प्लैटिनम की कीमतों में आया उछाल



**नई दिल्ली।** यूरोप की एमिशन पॉलिसी में बदलाव का असर ग्लोबल ऑटोमोटिव सप्लाई चेन पर पड़ रहा है। जिससे प्लैटिनम की कीमतों में ऐतिहासिक उछाल आया है और ऑटोमेकर्स की लागत पर असर पड़ा है। यह इस बदलाव के दौर में कम्बशन इंजन की अहमियत को दिखाता है। यूरोप की वाहन उत्सर्जन नीति में आए बदलाव का असर अब वैश्विक ऑटोमोबाइल सप्लाई चेन और कमोडिटी बाजारों पर साफ दिखाई देने लगा है। इस बदलाव के चलते प्लैटिनम की कीमतें लगभग चार दशकों की सबसे तेज मासिक बढ़त की ओर बढ़ गई हैं। दिसंबर में यूरोपियन यूनियन (यूरोपीय संघ) ने 2035 से नई इंटरनल कंबशन इंजन (आईसीई) कारों पर पूर्ण प्रतिबंध की अपनी योजना को प्रभावी रूप से नरम कर दिया। इसके बजाय, प्रतिबंध की समयसीमा को खुला रखा गया और टेलपाइप उत्सर्जन मानकों को और सख्त करने का फैसला किया गया।

इस नीति बदलाव से वाहन निर्माताओं और सप्लायर्स को साफ संकेत मिला है कि पारंपरिक पेट्रोल और डीजल इंजन पहले की अपेक्षा ज्यादा समय तक सड़कों पर बने रहेंगे। हालांकि, इसके साथ यह शर्त भी जुड़ी है कि भविष्य के मानकों को पूरा करने के लिए उन्हें ज्यादा स्वच्छ और एडवांस्ड एग्जॉस्ट सिस्टम अपनाने होंगे। यही कारण है कि प्रदूषण नियंत्रण से जुड़ी धातुओं की मांग में अचानक तेजी आई है। नई उत्सर्जन सीमाओं ने प्लैटिनम ग्रुप मेटल्स खासकर प्लैटिनम और पैलेडियम की मांग बढ़ा दी है। ये धातुएं पेट्रोल और डीजल वाहनों के कैटेलिटिक कन्वर्टर में इस्तेमाल होती हैं, जो हानिकारक उत्सर्जन को कम करते हैं। विश्लेषकों का कहना है कि सख्त नियमों के चलते प्रति वाहन इन कीमती धातुओं की मात्रा बढ़ानी पड़ेगी।

## मुनीर ने भतीजे को बनाया दामाद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने रावलपिंडी में अपनी बेटी की शादी की। बेटी का विवाह उनके पहले चचेरे भाई अब्दुल रहमान से हुआ। पाकिस्तान के सेना प्रमुख और फील्ड मार्शल असीम मुनीर को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि पिछले सप्ताह मुनीर ने अपनी बेटी की शादी की। शादी रावलपिंडी शहर में हुई, जो पाकिस्तानी सेना का बड़ा ठिकाना (गारिसन सिटी) है। मीडिया रिपोर्ट्स में इस बात का भी दावा किया गया है कि उनकी बेटी की शादी उनके पहले चचेरे भाई, अब्दुल रहमान से हुई है। बता दें कि मुनीर की बेटी की शादी पाकिस्तान में जरूर चर्चा का विषय बना, लेकिन इस बात की जानकारी ज्यादा बड़े स्तर पर नहीं फैली।

# सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान-ईरान-तुर्किये मालगाड़ी सेवा फिर टली, बलूचिस्तान में हिंसा बनी बाधा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान-ईरान-तुर्किये मालगाड़ी सेवा की बहाली एक बार फिर टल गई है। यह रेल सेवा बलूचिस्तान जैसे अशांत क्षेत्रों से होकर गुजरती है, जहां बढ़ती हिंसा और आतंकवादी हमलों के चलते रेलवे परिचालन बार-बार बाधित हो रहा है।

क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देने वाली पाकिस्तान-ईरान-तुर्किये मालगाड़ी सेवा की बहाली एक बार फिर सुरक्षा मंजूरी न मिलने के कारण टल गई है। पाकिस्तान रेलवे के शीर्ष अधिकारियों के अनुसार, बुधवार से शुरू होने वाली इस सेवा को सुरक्षा संबंधी चिंताओं के चलते फिलहाल रोक दिया गया है।

साल 2009 में परीक्षण के साथ शुरू की गई यह मालगाड़ी सेवा तेहरान जाते समय बलूचिस्तान प्रांत से होकर गुजरती है। तब से लेकर अब तक, कई बार इसका परिचालन कभी शुरू हुआ तो कभी रोक दिया गया। इसको लेकर कराची क्षेत्र में पाकिस्तान रेलवे के मंडल अधीक्षक, महमूद उर रहमान लखो ने मीडिया को बताया कि संबंधित अधिकारियों से सुरक्षा अनुमति न मिलने के कारण बुधवार को यह सेवा बहाल नहीं हो सकी।

बलूचिस्तान में विद्रोही समूहों के हिंसक आतंकवादी हमलों के कारण स्थिति तनावपूर्ण है। पिछले साल से इन हमलों में वृद्धि हुई है और इस साल क्वेटा मार्ग पर अन्य प्रांतों की यात्री गाड़ियों को विद्रोहियों ने नियमित रूप से निशाना बनाया है। सुरक्षा अनुमति में देरी के कारण रेलवे अधिकारियों को जाफर एक्सप्रेस जैसी यात्री गाड़ी सेवाओं को भी स्थगित करना पड़ा है।

इसको लेकर पाकिस्तानी रेल मंत्री हनीफ अब्बासी और इस्लामाबाद स्थित ईरानी राजदूत रजा अमीरी ने हाल ही में घोषणा की थी कि मालगाड़ी सेवा 31 दिसंबर से फिर से शुरू होगी। बता दें कि अतीत में इस सेवा को परिचालन, सीमा शुल्क, बुनियादी ढांचे और सुरक्षा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा है। इसे 2011 में रोका गया था 2021 में फिर शुरू किया गया, लेकिन 2022 में इसे पुनः स्थगित कर दिया गया।

एक शोध संस्थान सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज की 3 दिसंबर की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में 2025 के पहले 11 महीनों के दौरान हिंसा में 25 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई। यह हिंसा मुख्य रूप से देश के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा और दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांतों में केंद्रित रही। जनवरी से नवंबर 2025 तक दर्ज की गई कुल मौतों में से 96 प्रतिशत से अधिक और हिंसा की 92 प्रतिशत घटनाएं इन्हीं दो क्षेत्रों में हुईं।

## बीजिंग में हुई क्वाड देशों के राजदूतों की बैठक

**बीजिंग।** चौंकाने वाले तौर पर क्वाड देशों के राजदूतों ने चीन की राजधानी बीजिंग में बैठक की। गौरतलब है कि चीन क्वाड का कड़ा आलोचक रहा है। यह बैठक अमेरिका के चीन स्थित दूतावास में हुई, जिसमें भारतीय राजदूत भी शामिल हुए।

क्वाड देशों के राजदूतों ने मंगलवार को चीन की राजधानी बीजिंग में बैठक की। यह बैठक चीन स्थित अमेरिकी दूतावास में हुई, जिसमें चारों क्वाड देशों अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान के राजदूत शामिल हुए। बैठक के बाद अमेरिकी राजदूत डेविड पर्ड्यू ने सोशल मीडिया पर बैठक की तस्वीर भी जारी की। पोस्ट में उन्होंने लिखा क्वाड एक स्वतंत्र और मुक्त हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र को बनाए रखने में एक अच्छी ताकत है।

# रूस ने यूक्रेन के ओडेसा शहर में किए ड्रोन हमले



**कीव।** यूक्रेन के ओडेसा शहर में रूस के ड्रोन हमले में आवासीय इमारतों और बिजली ढांचे निशाना बनाया गया, जिसमें बच्चों सहित छह लोग घायल हुए। इससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब युद्ध रोकने के कूटनीतिक प्रयास जारी हैं। लेकिन लगातार हमलों से तनाव और बढ़ गया है।

रूस के ड्रोन ने रात के समय दक्षिणी यूक्रेन के शहर ओडेसा में आवासीय इमारतों और बिजली ग्रिड पर हमला किया। इस हमले में बच्चों सहित कुल छह लोग घायल हुए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेह कीपर के मुताबिक, बमबारी में चार अपार्टमेंट की इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। बिजली कंपनी डीटीईके ने कहा कि उसकी दो ऊर्जा सुविधाओं को भारी नुकसान हुआ है। कंपनी ने बताया कि दिसंबर में ही ओडेसा क्षेत्र में बिजली वितरित करने वाले 10 उप स्टेशन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

रूस ने इस साल यूक्रेन के शहरी इलाकों पर लंबी दूरी के हमले बढ़ा दिए हैं। रूस ने करीब चार साल पहले अपने पड़ोसी पर हमला किया था। तब से उसने सबसे ज्यादा निशाना उर्जा ढांचे को बनाया है, ताकि कड़ाके की सर्दी में यूक्रेन के लोगों को पानी से वंचित किया जा सके। संयुक्त राष्ट्र ने इस महीने की शुरुआत में बताया कि जनवरी से नवंबर के बीच 2,300 से अधिक यूक्रेनी नागरिक मारे गए और 11 हजार से ज्यादा घायल हुए। यह संख्या 2024 की इसी अवधि की तुलना में 26 फीसदी और 2023 की तुलना में 70 फीसदी अधिक है। रूस के लगातार ड्रोन और मिसाइल हमले ऐसे समय में हो रहे हैं, जब जंग रोकने के लिए नए कूटनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को फ्लोरिडा में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की मेजबानी की और कहा कि समझौता पहले से कहीं ज्यादा करीब है। यूक्रेनी राष्ट्रपति अगले हफ्ते यूरोपीय देशों के नेताओं से बातचीत करेंगे, जो उनके प्रयासों का समर्थन कर रहे हैं। इस बीच, जारी हमलों से तनाव और बढ़ गया है।

ओडेसा पर रात में हुए हमले को लेकर क्षेत्रीय प्रमुख कीपर ने कहा कि यह दुश्मन की आतंकवादी रणनीति का एक और सबूत है, जिसमें जानबूझकर नागरिक ढांचे को निशाना बनाया जाता है। मॉस्को ने दावा किया कि यूक्रेन ने रविवार देर रात उत्तर-पश्चिमी रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आवास पर 91 लंबी दूरी के ड्रोन से हमला करने की कोशिश की। यूक्रेन ने इस आरोप को खारिज किया और कहा कि यह शांति वार्ता को पटरी से उतारने की चाल है।

रूसी वायुसेना के मेजर जनरल अलेक्जेंडर रोमानेंकोव ने बुधवार को कहा कि ड्रोन यूक्रेन के सुमी और चेर्निहिव क्षेत्रों से उड़ान भरकर आए थे। एक ब्रीफिंग में उन्होंने एक नक्शा दिखाया जिसमें ड्रोन के उड़ान मार्ग दर्शाए गए थे। उन्होंने कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने इन्हें ब्रांस्क, तवेर, स्मोलेंस्क और नोवगोरोद क्षेत्रों के ऊपर मार गिराया। इन रिपोर्ट की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो पाई है।

यूक्रेन की वायुसेना ने बुधवार को कहा कि रूस ने रात में देश पर 127 ड्रोन दागे, जिनमें से 101 को वायु रक्षा प्रणाली ने मार गिराया।

# खालिदा जिया के लिए बांग्लादेशी संसद परिसर में पढ़ी गई नमाज-ए-जनाजा



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया का पार्थिव शरीर ढाका के गुलशन स्थित आवास फिरोजा पहुंचा, जहां परिवार ने उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी। 80 वर्ष की उम्र में निधन के बाद देश में शोक है। तीन बार प्रधानमंत्री रहीं खालिदा जिया के सम्मान में तीन दिन का राजकीय शोक घोषित है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर अंतिम संस्कार में शामिल होने ढाका पहुंच गए हैं। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया का पार्थिव शरीर बुधवार को ढाका के गुलशन इलाके में स्थित उनके आवास 'फिरोजा' पहुंचा। यहां परिवार के सदस्यों और करीबी रिश्तेदारों ने उनकी नमाज-ए-जनाजा से पहले अंतिम श्रद्धांजलि दी। इस बात की जानकारी बांग्लादेशी अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट करके दी। उन्होंने बताया कि खालिदा जिया का पार्थिव शरीर फिरोजा लाया गया, जहां उनके परिवार और रिश्तेदारों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। बता दें कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की प्रमुख बेगम खालिदा जिया का मंगलवार को 80 वर्ष की उम्र में ढाका में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन के बाद से देशभर में शोक का माहौल है। खालिदा जिया बांग्लादेश की तीन बार प्रधानमंत्री रह चुकी थीं। देश की राजनीति में उनके अतुल्य योगदान को देखते हुए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने तीन दिनों के लिए राजकीय शोक और एक दिन की छुट्टी का एलान किया है। खालिदा जिया के निधन निधन की खबर के बाद आज ढाका में बड़ी संख्या में लोग उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए जमा हुए। उनकी अंतिम नमाज (फ्यूनरल प्रेयर) आज दोपहर 2 बजे मनिक मिया एवेन्यू, दक्षिण प्लाजा, बांग्लादेश की नेशनल पार्लियामेंट बिल्डिंग में पढ़ी गई।

# कृतिदेव यहां अटल जी ने देश को हमेशा राजनीति से ऊपर रखा: गिरीश

- साहित्य के अमूल्य निधि थे भारत रत्न अटल जीः सुरेन्द्र
- पूर्व प्रधानमंत्री के जन्म शताब्दी वर्ष पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता




**जौनपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर बुधवार को नगर के होटल रिवर व्यू में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी की शख्सियत बेजोड़ थी। राजनैतिक क्षेत्र में अटल जी को महारत हासिल थी। उन्होंने हमेशा पार्टी के कार्यकर्ताओं को सर्वोपरि स्थान दिया। उनका कहना था कि पार्टी ताला है तो पार्टी के कार्यकर्ता ही चाबी हैं। अटल जी ने देश को हमेशा राजनीति से ऊपर रखा। उन्होंने कहा कि पहली बार वाजपेयी जी की सरकार ने सीमा पर शहीद होने वाले सैनिकों के शव को सम्मानपूर्वक घर पहुंचाने की जो परिपाटी शुरू की थी वह आज भी जारी है। कारगिल युद्ध के समय शहीद सैनिकों के उनके स्वजनों को पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी आवंटित करने तथा नौकरी देने जैसी योजनाएं भी वाजपेयी सरकार ने शुरू की थी। यह शहीदों के प्रति सम्मान और उनके परिवारों के कल्याण के प्रति एक बड़ी पहल थी। उन्होंने कहा कि अटल जी ने राजनैतिक क्षेत्र में जो आयाम तय किए थे, सब कार्यकर्ताओं को प्रेरणा का स्रोत दिए उससे प्रेरणा लेकर हम सब कार्यकर्ताओं को काम करने की आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने कहा कि अटल जी 1999 से 2004 तक बतौर प्रधानमंत्री, पूर्ण कार्यकाल पूरा करने वाले पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे। अटल जी भारतीय जनता पार्टी के सह-संस्थापकों में से एक और वरिष्ठ नेता थे। वे हिंदू राष्ट्रवादी स्वयंसेवी संगठन आरएसएस के सदस्य और हिंदी कवि और लेखक भी थे। पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व बहुत विशाल व अलौकिक था। साहित्य के वे अमूल्य निधि थे। वे सरल स्वभाव के थे। उनकी बाल सुलभ वाणी थी। बातों से वे गुदगुदाते थे। आने वाली पीढ़ियां उनको याद करेगा। अमित श्रीवास्तव व सुरेन्द्र जायसवाल व विकास ने कहा कि अटल जी लोकतंत्र पर विश्वास करते थे। राष्ट्रवादी कवि हृदय अटल जी ने लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए जो उदाहरण पेश किए थे वो हम सबके लिए अनुकरणीय है। इससे पूर्व उपस्थित लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर अटल जी को नमन किया। मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद यादव सहित मंचासीन भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रागिनी सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिश्चन्द्र सिंह, पूर्व विधायक बांकेलाल सोनकर, डीसीएफ के चेयरमैन धनंजय सिंह, सुरेन्द्र सिंघानिया, पीयूष गुप्ता आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। संचालन पूर्व मण्डल अध्यक्ष उत्तरी विकास शर्मा ने किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह, नगर अध्यक्ष दक्षिणी डा0 कमलेश निषाद, सारिका सोनी, प्रशान्त सिंह दीपक, उपेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र मिश्रा, मिडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, राजकेशर पाल, श्याम मोहन अग्रवाल, कृष्ण कुमार जायसवाल, ब्रह्मेश शुक्ला, गिरीश सिंह पप्पू, रविन्द्र सिंह राजू दादा, सुनील यादव मम्मन, राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया, मनोज तिवारी, अतुल सिंह मुन्ना, राहुल निषाद, मनीष अस्थाना, सिपिन सिंह सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 2026 में साइबर अपराधियों से केवल 'जीरो ट्रस्ट' ही करेगा सुरक्षाः डॉ. दिग्विजय

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के साइबर क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने कहा है कि वर्ष 2026 साइबर सुरक्षा की दृष्टि से एक ऐतिहासिक और चुनौतीपूर्ण वर्ष साबित होने वाला है। नए साल में साइबर अपराधियों से प्रभावी ढंग से लड़ने के लिए आमजन को मानसिक और तकनीकी रूप से तैयार होना होगा।डॉ. राठौर ने बताया कि साइबर दुनिया में 'जीरो ट्रस्ट मॉडल' अपनाए बिना अब सुरक्षा संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आभासी दुनिया में किसी भी व्यक्ति, कॉल, लिंक या संदेश पर बिना सत्यापन के विश्वास करना सबसे बड़ी भूल है। जब तक लोग डिजिटल संदेशों पर अंधविश्वास करना बंद नहीं करेंगे, तब तक साइबर अपराधों से पूरी तरह बचाव संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी डर और विश्वास इन दो भावनाओं को हथियार बनाकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। 'साइबर अरेस्ट' जैसे नए-नए तरीक़े इसका जीवंत उदाहरण हैं, जिनके माध्यम से लोग भय के कारण तुरंत अपराधियों के जाल में फँस जाते हैं। डॉ. राठौर ने बताया कि आज के साइबर अपराधी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का प्रयोग कर रहे हैं, जिससे वे बड़ी आसानी से लोगों का विश्वास जीत लेते हैं। 2026 में ए आई का इस्तेमाल कर साइबर अपराधी बड़े पैमाने पर साइबर अपराध कर सकते हैं। ओटीपी मांगना पुराना पैटर्न हो चुका है और नए पैटर्न में मोबाइल हैक कर ओटीपी अपने आप हासिल कर ले रहे।ऐसे में केवल सतर्कता ही नहीं, बल्कि तकनीकी समझ और निरंतर जागरूकता भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों से लड़ाई केवल तकनीक या केवल जागरूकता से नहीं, बल्कि दोनों के समन्वय से ही जीती जा सकती है। समय की माँग है कि प्रत्येक नागरिक 'पहले सत्यापन, फिर विश्वास' की नीति अपनाए।

# महापौर कप कराटे इवेंट हर्षित सोनकर ने जीता स्वर्ण

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** महापौर कप में कराटे इवेंट में बालक वर्ग की प्रतियोगिता अमिताभ बच्चन स्टेडियम प्रयागराज में हुई। जिसका उद्घाटन पार्षद पंकज जयसवाल, टेनिस सचिव ऋषि शर्मा, ताइक्वांडो सचिव रंजीत ने किया। ऑफिशियल जानवी शर्मा, अतुल सोनकर, अरविंद कुमार, संजीव कुमार, लक्ष्मी यादव, उमा सेन, लवकुश भारतीय, मनीष कुमार सोनकर और बीबी गुरु ने रेफरी की भूमिका निभाई।

कराटे एसोसिएशन प्रयागराज के अध्यक्ष राजेश कुशवाहा ने बताया कि आज बालक वर्गो की प्रतियोगिता संपन्न हुई। बालिकाओं की प्रतियोगिता 2 जनवरी से होगी। 35 किलो भार नाच मोरिया स्वर्ण पदक, अयांश यादव रजत पदक, आराध्या वर्मा और मृत्युंजय यादव ब्रांज पदक जीता। 45 किलो भार वर्ग मदन मोहन मालवीय स्टेडियम के खिलाड़ी हर्षित सोनकर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। मानव सोनकर ने रजत और सिध्दिविनायक तथा अनिकेत विश्वकर्मा ने कांस्य पदक हासिल किया।

50 किलो से कम भर वर्ग बालक में सुजीत यादव (स्वर्ण पदक) शिवम मौर्य (रजत पदक ) अर्पित मिश्रा अमित सिंह (कांस्य पदक) तथा 40 किलो से कम बालक वर्ग में सम्राट सिंह ( स्वर्ण पदक ) लोकेश शुक्ला(रजत पदक) अनमोल मिश्रा एवं अंश कुशवाहा (

## प्रिंस की गेंदबाजी से फोर्ड स्कूल को मिली जीत

**प्रयागराज।** फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब ने क्रिसमस कप अंडर -12 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में साई क्रिकेट क्लब को दस विकेट से हराकर प्रतियोगिता में एक बड़ी जीत हासिल किया हैं। इस जीत में प्रिंस यादव के उम्दा गेंदबाजी (3 - 0 - 4 - 3) कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। बुधवार को फोर्ड स्कूल मैदान पर साई क्रिकेट क्लब पहले बल्लेबाजी करते हुए साई क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 14 ओवर में महज 50 रन (प्रिंस यादव 3/04, हर्षित दुबे 3/14, आदित्य निषाद 1/05, शिवम सरोज 1/10) पर सिमट गई। जवाब में फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब की टीम ने 7.3 ओवर में बिना नुकसान के 51 रन (विराट 23 नाबाद, आनंद 20 अविजित रन) पर बना लिए।

# वन्देमातरम सदा प्रासंगिक था है और रहेगा : आलोक

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** सपा नेता आलोक त्रिपाठी ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान वंदेमातरम को लेकर सदन में चल रहे वंदेमातरम भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के युगपुरुष बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय की तपस्या का प्रसाद था। जिसने भारतीय क्रांतिवीरों को आंदोलित किया जिसका परिणाम भारतीय स्वतंत्रता रहा।अतः यदि यह कहा जाय कि वंदेमातरम भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का सूत्र वाक्य था तो अतिशयोक्ति नहीं होगा। भारतीय स्वतंत्रता सेनानीयो में से शायद ही कोई ऐसा रहा हो जो इससे प्रेरित ना हुआ हो। जिस प्रकार गीता में ब्रह्म को पाने के लिए ज्ञान मार्ग, भक्ति मार्ग और योग मार्ग की व्याख्या योगेश्वर श्री कृष्ण ने की है मार्ग चाहे अलग अलग हों पर लक्ष्य कृष्णत्व की प्राप्ति ब्रह्म की प्राप्ति थी। उसी प्रकार आजादी के लिए क्रांतिकारीयो ने चाहे जो मार्ग चुना हो क्रांति का मार्ग अहिंसा का मार्ग या कोई अन्य मार्ग पर लक्ष्य एक था आजादी का। उसी क्रम में देश के कुछ विचारक थे जो अपनी रचनाओं से लोगों में क्रांति लाने का काम कर रहे थे। उसी क्रम में बंकिम चंद्र चटर्जी के उपन्यास आनंद मठ की रचना हुई और उसी का एक गीत वन्देमातरम प्रचलित हुआ। आनंद मठ 1770 के संन्यासी विद्रोह की कथा पर आधारित उपन्यास था जिसका क्रांतिकारियों द्वारा गाया जाने के कारण बाद के क्रांतिकारियों ने भी खूब गया।1882 में यह उपन्यास प्रकाशित हुआ और 1896 के कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में पहलीबार गुरुदेव रविन्द्र नाथ टैगोर ने गया। इस गीत में भारत भूमि से संबंधित इस प्रकार का उल्लेख है कि क्रांतिकारी अपने फंसी पर यही गीत व नारे को बोलते हुए जाते थे। क्रांतिकारी खुदीराम बोस व अशफाक उल्लाह खान ने अपनी फंसी के समय यही गीत वन्देमातरम गाया और फंसी के तख्ते पर झूल गए। वर्तमान समय में इसी वन्देमातरम की पक्तियों आदि पर बड़ा विवाद सा खड़ा किया गया। कुछ संप्रदायों के ऊपर आरोप लगाया जाता है कि वे वन्देमातरम नहीं बोलते तो उदाहरण सामने है क्यों नहीं बोते भाई शहीद अशफाक उल्लाह खान जी ने तो अपनी फंसी के समय 1927 में बोला जबकि लोग कहते है कि जीवन के अंतिम समय में भगवान/खुदा का नाम लेना चाहिए पर उन्होंने तो वन्देमातरम बोला। यहां विवाद खड़ा करने की ही कोशिश है। भारत का हर नागरिक भारत की एकता व अखंडता के लिए अपने जन की बाज़ी लगाया था और लगाएगा। इसी लिए हम खुदीराम बोस को पूजते है तो अशफाक उल्लाह खान को भी पूजते हैं, बापू और बोस,भगत सिंह को पूजते हैं। वन्देमातरम सुजलाम सुफलम संस्य श्यामला... भारत भूमि की अनुशंसा करती है क्या सुंदर जल हमे मिल रहा है पानी भी साफ नहीं है, पानी तो छोड़ दीजिए जीवन रक्षक दवाइयां कोडिंन युक्त कफ़ सिरफ मिल रहा है बड़े व्यापारी मुनाफाखोर बन बैठे है और वर्तमान सरकार इनकी दलाल बनी बैठी है।

# मुबारकपुर पालिका बोर्ड बैठक में विकास को लेकर गरमाई बहस




अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर/ आजमगढ़।** मुबारकपुर नगरपालिका परिषद सभागार में बोर्ड की बैठक की गई जिसमें मुबारकपुर नगर के विभिन्न मुद्दों सहित विशेष रूप से विकास कराने को लेकर चर्चा विस्तार से चली। मुबारकपुर नगर पालिका परिषद में विभिन्न वार्डो में की समस्याओं और आम आदमी जन्म प्रमाण पत्र,नाम अन्तरण कराने को लेकर परेशान हैं। बैठक में सभी वार्डो के सभासदों ने अलग-अलग अपने वार्डो की समस्याओं को उठाया और उसका समाधान कराने की मांग किया। सभासद नईमुद्दीन ने कहा कि वार्ड में जगह-जगह गन्दगी से बुरा हाल है। गली में चबूतरे बनाने व टूटी हुई पटिया को ठीक कराने की मांग किया। वहीं सभासदों ने चेयर पर्सन डाक्टर सबा शमीम पर यह आरोप लगाया कि मुबारकपुर नगर में विकास कार्य को देखने का समय तक नहीं है। चेयर पर्सन डाक्टर सबा शमीम ने कहा कि विकास कार्यो का जो टेण्डर हुआ है उसे समय से पूरा किया जाना चाहिए। यदि इसमें अनावश्यक विलम्ब हो रहा है तो सम्बन्धित को नोटिस जारी किया जाय। नोटिस जारी करने के बाद उस हटा दिया जाए।इसका सभी सभासदों ने समर्थन किया। वार्ड एक में कब्रिस्तान में मिट्टी पटाने का मामला भी उठाया गया। सभासद शमसुज्जमां ने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र और नाम अन्तरण को लेकर लोग काफी परेशान हैं। कर्मचारीयों की संख्या बढ़कर इसका निराकरण कराया जाय। अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मिश्र ने कहा कि पन्द्रहवां वित्त और राजस्व में करोड़ों रुपए पड़ा हुआ है। विकास कार्यो में तेजी लाने के लिए सभासदों से सहयोग करने का विशेष आग्रह किया। मुबारकपुर नगर के मोहल्ला अमिलो के जूनियर हाईस्कूल को माडल रूप में विकसित करने का कार्य चल रहा है। वहीं मुबारकपुर में रात्रिकालीन सफाई और सोलर लाइट लगाने का आश्वासन दिया। इस प्रकार बैठक में नोंक झोंक, बहस, शोर शराबा हंगामा के बीच चर्चा सुनी चली।इस अवसर पर मुख्य रूप से बशीर अहमद, तनवीर, नूरूलहोदा, वकार अहमद, शफीनवाज नाजिर गुड्डू सहित तमाम लोग मौजूद थे।

## सभी पेंशनर्स के पेंशन रिवीजन सहित 31 मांगों का प्रस्ताव भेजा

**प्रयागराज।** ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवे मेंस वेलफेयर एसोसिएशन प्रयागराज जोन एवं मंडल उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज की मासिक बैठक लाल बहादुर शास्त्री तपोवन पार्क प्रयागराज में हुई जिसमें रेलवे पेंशनर तथा अन्य पेंशनर्स संगठन के पदाधिकारी गण शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता शिवचरण सिंह एवं संचालन पूर्व सूबेदार श्याम सुंदर सिंह पटेल महामंत्री यूनाइटेड फोरम आफ पेंशनर्स एसोसिएशन प्रयागराज , संयोजन संतपाल स्वरूप ने किया।

इस अवसर पर बैठक में श्याम सुंदर सिंह पटेल ने एजेंडा प्वाइंट बताते हुए कहा कि 17 दिसंबर 25 को पेंशनर दिवस समारोह यही पर धूम धाम से मनाया था। जिसमें रेलवे पेंशनर्स के साथ 47 पेंशनर्स संगठन, पूर्व सैनिक सहित एक साथ पेंशनर्स एकता पदयात्रा निकालते हुए पेंशनर दिवस समारोह धूमधाम से मनाया। जिसमें सभी विभागों की 31 मांगों का प्रस्ताव पारित किया जिसे केंद्र सरकार को भेजा गया जिसमें प्रमुख मांग पुरानी पेंशन बहाली, आठवें वेतन आयोग में सभी पेंशनर्स का पेंशन रिवीजन हो सहित पेंशनर के कल्याण व उनकी जायज मांगों को शामिल किया गया है।

इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे शिव चरण सिंह ने कहा कि संगठन में शक्ति है। वही सफलता की सोपान है। इसी प्रकार अन्य वक्ताओं ने भी उक्त से मिली जुली बातें कहीं।

# पूर्व सांसद स्व. राजनारायण को सपाइयों ने दी श्रद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** देश की समाजवादी राजनीति के पुरोधा, निर्भीक जननेता और पूर्व सांसद स्वर्गीय राजनारायण एवं सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व जवाहर सिंह यादव की पुण्यतिथि 31 दिसंबर को पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाई गई। दोनों महा पुरुषों की मूर्ति पर माल्यार्पण के उपरांत गोष्ठी आयोजित कर याद किया गया। एमएलसी डॉ मानसिंह यादव ने कहा कि स्व. राजनारायण भारतीय राजनीति में सादगी, संघर्ष और सिद्धांतों के प्रतीक रहे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन शोषित-वंचित वर्गों, किसानों, मजदूरों और आम जनता के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया।वहीं स्व जवाहर सिंह यादव ने डॉ लोहिया की नीतियों को आजीवन आगे बढ़ाया। जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन ने कहा कि स्व. राजनारायण का नाम लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष से विशेष रूप से जुड़ा है। उन्होंने सत्ता के दुरुपयोग और तानाशाही प्रवृत्तियों के विरुद्ध निर्भीक होकर आवाज़ उठाई। आपातकाल के दौर में उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए जो संघर्ष किया, वह भारतीय राजनीतिक इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। उनकी ईमानदारी, स्पष्टवादिता और जनपक्षधर राजनीति आज भी प्रेरणा का स्रोत है। प्रवक्ता दान बहादुर मधुर ने कहा कि वे न केवल एक कुशल सांसद थे, बल्कि एक विचारशील समाज सुधारक भी थे। समाजवाद, समानता और सामाजिक न्याय उनके राजनीतिक जीवन के मूल आधार रहे। स्व. राजनारायण की जयंती पर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सर्व श्री डॉ मानसिंह यादव, अनिल यादव, पप्पूलाल निषाद, कुलदीप यादव, मृत्युंजय पाण्डेय, नाटे चौधरी, अरविन्द वर्मा, संगम लाल मौर्य, हरे कृष्ण ओझा, मो जैद एडवोकेट, सचिन श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिजनौर जनपद-बिजनौर

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

दूरभाषः 01342-260073

ई. मेल-eonppbijnor@gmail.com

पत्रांक सं0 : 545/न0पा0परि0बिज0/2025-26 दिनांक- 31-12-2025

## दर आमंत्रण सूचना

समस्त डीलर्स/फर्म को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् बिजनौर, के सफाई एवं स्वास्थ्य अनुभाग मे कार्यरत स्थाई सफाई कर्मचारी मुख्य कार्यालय चतुर्थ श्रेणी कर्मी, संविदा कर्मी, आउटसोर्सिंग कर्मी, 2025-26 की कर्मचारियों को गर्म व ठंडी वर्दी मय सिलाई सहित की दरे आमंत्रित करती है। अतः इच्छुक फर्म/ठेकेदार/सम्बन्धित डीलर्स नगर पालिका परिषद् बिजनौर के सफाई एवं स्वास्थ्य अनुभाग में निविदा फार्म अंकन रू 1000/- जमा कर दिनांक 10-01-2026 सांय 05.00 बजे तक क्रय कर सकते है। निविदा दिनांक- 11-01-2026 को सफाई एवं स्वास्थ्य अनुभाग में अपरान्ह 04.00 बजे अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदया, नगर पालिका परिषद् बिजनौर द्वारा खोली जायेगी। विलम्ब एवं सशर्त कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। तथा एक निविदा अथवा समस्त निविदाओ को स्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष महोदया, नगर पालिका परिषद् बिजनौर को होगा। अधिक जानकारी/शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद् बिजनौर के सफाई एवं स्वास्थ्य अनुभाग में देखी जा सकती है।

**(विकास कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बिजनौर**

**(इंन्दिरा सिंह)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद बिजनौर**


## सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई लोकबंधु राज नारायण की पुण्यतिथि

**शाहजहांपुर।** जनपद में बुधवार को समाजवादी पार्टी के बिजली पुरा स्थित जिला कार्यालय पर लोकबंधु राज नारायण की 39 वीं पुण्यतिथि मनाई गई इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की व समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष तनवीर खान की अध्यक्षता में एक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया जिसको पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, तनवीर खान, प्रदेश सचिव विजय सिंह आदि नेताओं द्वारा संबोधित करते हुए लोकबंधु राजनारायण जी के योगदान पर चर्चा की गई इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा,सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद,सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी,सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी, सपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव सरताज खान,सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरैशी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत मखानें की खेती करें किसान : उद्यान अधिकारी

**बहराइच (अवधनामा संवाददाता)।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि मखाना की गुणवत्ता उसकी सफेदी, अखंडता (टूटे हुए न हों) और पोषक तत्वों से भरपूर होने (कैल्शियम, प्रोटीन, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट्स) पर निर्भर करती है, अच्छी गुणवत्ता वाले मखाने हल्के, कुरकुरे और बिना दाग के होते हैं, जो हड्डियों, हृदय और पाचन के लिए फायदेमंद है। मखाना की गुणवत्ता को देखते हुए उद्यान विभाग, उत्तर प्रदेष द्वारा मखाने की खेती को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत सम्मिलित किया गया है। जनपद बहराइच में मखाना की खेती को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत लक्ष्य की माँग की गई है, जिसके अन्तर्गत रू. 80,000.00 प्रति हे. की दर से अनुदान अनुमन्य है। उन्होंनें बताया कि मखाना की खेती मुख्य रूप से पानी में सिंघाड़ें की भाँति की जाती है। मखाना की बाजार में अच्छी मॉग है और इसके बाजार में अच्छे दाम भी है। जल भराव वाले क्षेत्र में मखाना की खेती अधिक लाभकारी है। मखाना की खेती पर लाभ प्राप्त करने के लिए किसान भाई आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नम्बर की सहायता से उद्यान विभाग के पोर्टल डीबीटी, यूपीहर्टीकल्चर डाट काम पर पंजीकरण स्वयं/ जनसेवा केन्द्र से कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में सम्पर्क कर सकते हैं।

## रोशन और अर्जुन ने भवम क्लब को जिताया

**प्रयागराज(अवधनामा संवाददाता)।** रोशन कुशवाहा के अर्धशतक (60 रन, 64 गेंद, आठ चौके, दो छक्के) और अर्जुन दुबे की अचूक गेंदबाजी (6-0-22-5) के दम पर भवम क्लब ने फोर्ड स्कूल क्लब को पांच विकेट से हराकर सेंट पीटर्स का अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में फोर्ड स्कूल क्लब ने 30 ओवर में 9 विकेट पर 144 रन (आर्य श्रेष्ठ 27, राहुल 23, इशांत कुमार निषाद 22, सौरभ तिवारी 17, अर्जुन दुबे 5/22, श्लोक चतुर्वेदी 2/14, अतुल विश्वकर्मा 1/18, अग्रिम तिवारी 1/24) बनाए। जवाब में भवम क्लब ने 24 ओवर में पांच विकेट पर 150 रन (रोशन कुशवाहा 60, सौम्य तिवारी 42, इशांत कुमार निषाद 2/19, मयंक गौरव अर्चित सिंह एक-एक विकेट) बना लिए।

## 2500 पुलिसकर्मी तैनात, कैमरे और कंट्रोल रूम से होगी नव वर्ष जश्न की निगरानी

**शाहजहाँपुर।** कड़ाके की ठंड के बीच नववर्ष के स्वागत को लेकर शहर में जश्न की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। होटल, क्लब, बार और रेस्टोरेंट में होने वाली पार्टियों को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर राजेश द्विवेदी ने बताया जश्न के दौरान हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आधी रात के बाद तक पुलिस बल सड़कों पर मुस्तैद रहेगा।


**PUBLIC NOTICE**

Be It known to all that my name Syed Mohammad Mahdi Naqvi S/o Syed Sarwar Abbas Naqvi R/o Vill-Gauri Khalsa Post-Subhan Kheda Tahsil-Sandila Distt.-Hardoi (U.P.) is entered in my Passport No. U0238695 as Syed Mohammad Mahdi. Hence, my correct name Syed Mohammad Mahdi Naqvi should be written in my passport and in future I will be known as Syed Mohammad Mahdi Naqvi in all documents and records.



# जिला पंचायत बदायूँ

पंत्राक : 1250/जि0पं0/नि0अनु0/2025-26 दिनांक:- 31-12-2025

## पुनः ई-निविदा सूचना

उ0प्र0 शासन के आदेश सं0 05/2019/2902/33-2-2019-198जी/2018 दिनांक 16 अगस्त, 2019 व शासनादेश सं0 1129/33-2-2020-167जी/2018 दिनांक 03 जून, 2020 में दी गई व्यवस्था के अधीन समस्त जिला पंचायत में पंजीकृत ठेकेदारों, लो0नि0वि0 एवं सिंचाई विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग. 15 वॉ वित्त (टाइड/अनटाइड) अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत 18 कार्यो की ई-निविदाये दिनांक 08.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक बेवसाइड http://etender.up.nic.in पर अपलोड करने हेतु आमन्त्रित की जाती है जो इसी दिनांक 08.01.2026 की दोपहर 02.00 बजे से कार्यालय जिला पंचायत, बदायूँ में खोली जायेगी। निविदा शुल्क की धनराशि आर0टी0जी0एस0 (RTGS)/ एन0ई0एफ0टी0 (NEFT) के माध्यम से जिला निधि के खाता सं0 09830100009167 आई0एफ0एस0सी0 कोड BARBOBADAUN मे जमा करना अनिवार्य होगा और जमा निविदा शुल्क की युनिक नम्बर रसीद व 10% (दस प्रतिशत) धरोहर (जमानत) धनराशि की एफ0डी0आर0 जो अपर मुख्य अधिकारी के पद नाम से बंधक हो के साथ-2 जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र, आयकर व ठेकेदारी का नवीनीकरण/पंजीकरण प्रमाण पत्र को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य है। किसी भी निविदा पर बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी/अध्यक्ष, जिला पंचायत में निहित होगा। सन्दर्भित वेबसाइड पर निविदा दिनांक 01.01.2026 की अपर्रान्ह 12.00 बजे से देखी व अपलोड की जा सकती है। सशर्त प्राप्त निविदा तथा नियत तिथि व समय उपरान्त कोई भी वाद व प्रार्थना पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। निविदा सम्बन्धी अन्य समस्त जानकारी बेवसाइड http://etender.up.nic.in व BUDAUN.NIC.IN पर भी देखा जा सकता है। निविदा सम्बन्धी अन्य कोई जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय आकर प्राप्त की जा सकती है।

**(पवन कुमार गोयल)**
**अभियन्ता**
**जिला पंचायत, बदायूँ**

**(दिनेश प्रताप सिंह)**
**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, बदायूँ**

**(वर्षा सिंह)**
**अध्यक्ष**
**जिला पंचायत, बदायूँ**

# भारतीय अर्थव्यवस्था में बनी रहेगी मजबूत बढ़त

## आरबीआई की रिपोर्ट में बैंकिंग सेक्टर की सेहत पर मुहर

**मुंबई।** वैश्विक अनिश्चितताओं और चुनौतीपूर्ण अंतरराष्ट्रीय माहौल के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी मजबूत विकास दर को बरकरार रखने के लिए तैयार है। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से बुधवार को जारी फाइनेंशियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट (एफएसआर) के अनुसार, मजबूत घरेलू मांग, नियंत्रित मुद्रास्फीति और सतर्क व्यापक आर्थिक नीतियों ने भारत की आर्थिक स्थिति को सुरक्षित किया हुआ है।

आरबीआई की रिपोर्ट में सबसे महत्वपूर्ण बात अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की सेहत के बारे में कही गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय बैंकों की स्थिति बेहद मजबूत है। उनके पास पर्याप्त पूंजी और नकदी मौजूद है। बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है और उनका मुनाफा भी मजबूत है। आरबीआई की रिपोर्ट वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद की उप-समिति के सामूहिक मूल्यांकन पर आधारित है, जो भारतीय वित्तीय प्रणाली की लचीलापन और संभावित जोखिमों की समीक्षा करती है।

रिपोर्ट में साफ किया गया है कि घरेलू वित्तीय प्रणाली मजबूत और लचीली बनी हुई है, इसे मजबूत बैलेंस शीट, आसान वित्तीय स्थिति और वित्तीय बाजार में कम उतार-चढ़ाव से समर्थन मिल रहा है। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने सचेत किया है कि भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार संबंधी बाहरी अनिश्चितताओं से निकट भविष्य में कुछ जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं।

आरबीआई की ओर से किए गए मैक्रो स्ट्रेस टेस्ट के परिणाम भी सकारात्मक रहे हैं। ये नतीजे पुष्टि करते हैं कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक किसी भी काल्पनिक प्रतिकूल स्थिति में होने वाले नुकसान को सह सकते हैं। बैंकों के पास नियामकीय न्यूनतम सीमा से कहीं अधिक पूंजी बफर मौजूद है। इसके अतिरिक्त, म्यूचुअल फंड और क्लियरिंग कॉरपोरेशन की स्थिति भी संकट के समय स्थिर रहने की पुष्टि हुई है।




गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां ([illegible]) भी अपनी मजबूत पूंजी स्थिति, ठोस कमाई और बेहतर होती एसेट क्वालिटी के कारण सुरक्षित मानी गई हैं। वहीं, बीमा क्षेत्र की बैलेंस शीट में भी लचीलापन देखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, बीमा कंपनियों का समेकित शोधन क्षमता अनुपात न्यूनतम सीमा से ऊपर बना हुआ है, जो उनकी वित्तीय स्थिरता का प्रमाण है।

रिपोर्ट की प्रस्तावना में आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने वित्तीय प्रणाली की मजबूती पर जोर देते हुए लिखा, वित्तीय स्थिरता बनाए रखना और वित्तीय प्रणाली को सुदृढ़ करना हमारा नार्थ स्टार (मुख्य मार्गदर्शक) बना हुआ है। गवर्नर ने साफ किया कि नीति निर्माताओं का सबसे महत्वपूर्ण योगदान एक ऐसी वित्तीय प्रणाली तैयार करना है, जो झटकों को सह सके, सेवाओं के वितरण में कुशल हो और जिम्मेदार नवाचार को बढ़ावा दे। मल्होत्रा के अनुसार, नियामक केवल स्थिरता पर ही नहीं, बल्कि इनोवेशन, उपभोक्ता सुरक्षा और दक्षता पर भी समान रूप से ध्यान दे रहे हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस का कहना है कि मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था और निर्यात विविधीकरण ने भारत को टैरिफ युद्ध के बावजूद लचीला बनाए रखा है। वहीं, इक्रा (आईसीआरए) की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2027 में विकास दर 6.5 से 7 प्रतिशत के बीच रहेगी, जबकि मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत के आरामदायक स्तर पर बनी रह सकती है। क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने चेतावनी दी है कि भारत पर वैश्विक चुनौतियों का असर कम है, लेकिन अमेरिका के मनमाने टैरिफ का असर विदेशी निवेशकों की धारणा पर असर डालना जारी रख सकता है।

भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस के नितिन मेहता ने 2025 के सुधारों को बीएफएसआई (बीएफएसआई) क्षेत्र के लिए एक क्रांतिकारी कदम बताया है। उनके अनुसार, 100% एफडीआई और बीमा सुगम जैसी पहलों ने बीमा क्षेत्र में पूंजी और पहुंच की दोहरी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान किया है। मेहता का मानना है कि बैंकिंग कानूनों में संशोधन, विशेष रूप से नामांकित व्यक्तियों की लचीली व्यवस्था और जोखिम-आधारित जमा प्रीमियम, ग्राहक सुरक्षा और भरोसे को मजबूत करते हैं। भारती एक्सा अपनी फिजिटल रणनीति के माध्यम से पार्टनर्स को जोखिम सलाहकार के रूप में सशक्त बना रही है, ताकि 2047 तक सभी के लिए बीमा के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

## केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा बजट अनुमान का 62.3% तक पहुंचा



**नई दिल्ली।** नवंबर के अंत में केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 9.76 लाख करोड़ रुपये रहा, जो 2025-26 के वार्षिक बजट लक्ष्य का 62.3 प्रतिशत है, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 52.5 प्रतिशत था। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह बात कही गई है।

केंद्र का अनुमान है कि 2025-26 के दौरान राजकोषीय घाटा (व्यय और राजस्व के बीच का अंतर) जीडीपी का 4.4 प्रतिशत या 15.69 लाख करोड़ रुपये रहेगा। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, केंद्र सरकार को नवंबर 2025 तक कुल प्राप्तियों के लिए लगभग 19.49 लाख करोड़ रुपये या संबंधित बजट अनुमान का 55.7 प्रतिशत प्राप्त हुआ है। केंद्र सरकार की ओर से किया गया कुल व्यय 29.25 लाख करोड़ रुपये (संबंधित बीई 2025-26 का 57.8 प्रतिशत) था, जिसमें से 22.67 लाख करोड़ रुपये राजस्व खाते पर और 6.58 लाख करोड़ रुपये पूंजी खाते पर नवंबर तक खर्च किए गए।

# 2025 का अंत बाजार में हरियाली के साथ

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजारों ने वर्ष 2025 के अंतिम कारोबारी सत्र का समापन एक मजबूत बढ़त के साथ किया। पिछले कुछ दिनों से जारी सुस्ती और गिरावट के सिलसिले को तोड़ते हुए, बुधवार को बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी करीब 1 प्रतिशत तक चढ़कर बंद हुए। इस तेजी का मुख्य श्रेय घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की निरंतर खरीदारी और साल के अंत में हुई शॉर्ट कवरिंग को जाता है।

बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे सत्र के बाद, बीएसई (बीएसई) का 30 शेयरों वाला प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 545.52 अंक या 0.64% की बढ़त के साथ 85,220.60 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, एक समय सेंसेक्स ने 762.09 अंकों की छलांग लगाते हुए 85,437.17 के स्तर को भी छुआ था।

वहीं, एनएसई (एनएसई) का 50 शेयरों वाला इंडेक्स निफ्टी 190.75 अंक या 0.74% चढ़कर



26,129.60 के स्तर पर बंद हुआ। उल्लेखनीय है कि यह बढ़त लगातार चार दिनों की गिरावट के बाद दर्ज की गई है।

पूरे वर्ष 2025 पर नजर डालें तो भारतीय बाजारों ने वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद सकारात्मक रिटर्न दिया है। सेंसेक्स सालभर में 7,081.59 अंकों की वृद्धि दर्ज की गई, जो 9% की वार्षिक बढ़त है। निफ्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2,484.8 अंकों का लाभ कमाया, जो 10.50% की वार्षिक बढ़त दर्शाता है।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, टाइटन और ट्रेंट आज के सबसे बड़े टॉप गेनर्स रहे। इन शेयरों में खरीदारी ने बाजार को निचले स्तरों से उबारने में मदद की। दूसरी ओर, आईटी और फार्मा सेक्टर के कुछ दिग्गजों में दबाव देखा गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस और सन फार्मा पिछड़ने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे।

बाजार के रुख पर टिप्पणी करते हुए एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर. ने कहा, भारतीय इक्विटी बाजारों ने वर्ष के अंतिम सत्र का समापन सकारात्मक नोट पर किया। बाजार का सेंटिमेंट स्पष्ट रूप से तेजी की ओर मुड़ गया है, हालांकि प्रमुख रेजिस्टेंस लेवल अभी भी बरकरार हैं। साल के अंत में रिस्क लेने की क्षमता में सुधार देखा गया, जो मुख्य रूप से शॉर्ट कवरिंग और चुनिंदा शेयरों में खरीदारी से प्रेरित था।

एक्सचेंज डेटा के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का रुख अभी भी सावधानी भरा है। मंगलवार को FIIs ने 3,844.02 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इसके विपरीत, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने बाजार को सहारा देते हुए 6,159.81 करोड़ रुपये की बड़ी खरीदारी की।

# स्टीलबर्ड हेलमेट्स 2026 में ऐतिहासिक हैट-ट्रिक के बेहद करीब

**नई दिल्ली।** एक बार फिर स्टीलबर्ड ने भारत और दुनिया भर के दो-पहिया वाहन चालकों का अटूट विश्वास जीता है। वर्ष 2024 और 2025 में विश्व का नंबर-1 हेलमेट निर्माता बनने के बाद, स्टीलबर्ड हाई-टेक इंडिया लिमिटेड वर्ष 2026 में ऐतिहासिक हैट-ट्रिक की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। कंपनी ने इस वर्ष 93 लाख हेलमेट की बिक्री की है। यह उपलब्धि जनवरी 2025, नई दिल्ली में मिली उस आधिकारिक घोषणा के बाद आई है, जब स्टीलबर्ड को विश्व का सबसे बड़ा हेलमेट निर्माता घोषित किया गया था। उस समय कंपनी ने रिकॉर्ड 87.5 लाख हेलमेट की बिक्री की थी। स्टीलबर्ड द्वारा अत्याधुनिक तकनीक, विश्व-स्तरीय विनिर्माण प्रणालियों और नई पीढ़ी की सुरक्षा नवाचारों में लगातार निवेश किया जा रहा है। यही कारण है कि हर स्टीलबर्ड हेलमेट सुरक्षा, भरोसे और स्टाइल का प्रतीक बन चुका है। कंपनी द्वारा प्रतिदिन 60,000 हेलमेट के उत्पादन विस्तार की योजना, लगातार तीसरे वर्ष वैश्विक नेतृत्व हासिल करने की उसकी मजबूत तैयारी को दर्शाती है। स्टीलबर्ड केवल बाजार




का अग्रणी नहीं है, बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए एक वैश्विक आवाज भी है। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजीव कपूर विश्व के एकमात्र हेलमेट उद्योग नेता हैं, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र और विश्व स्वास्थ्य संगठन के अंतरराष्ट्रीय सड़क सुरक्षा मंचों पर दो बार आमंत्रित किया गया है।भारत में, जहां दो-पहिया वाहन दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों की संख्या विश्व में सबसे अधिक है, स्टीलबर्ड ने इस पहल को मिशन सेव लाइव्स 2.0 के रूप में आगे बढ़ाया है। इसका उद्देश्य नकली और घटिया गुणवत्ता वाले हेलमेट के खिलाफ जागरूकता फैलाना है। इसका मुख्य कारण है हेलमेट न पहनना, नकली हेलमेट पहनना या हेलमेट को सही तरीके से न बांधना। इस मानसिकता को बदलना आज देश की सबसे बड़ी सड़क सुरक्षा चुनौतियों में से एक है। हमेशा असली, आईएसआई प्रमाणित हेलमेट पहनें। नकली हेल-मेट का उपयोग बंद करें। हर सवारी में हेलमेट को सही तरीके से बांधें। स्टीलबर्ड परिवार में 5,000 से अधिक कर्मचारी शामिल हैं। कंपनी उन्हें पूर्ण सुविधाएं, पेशेवर विकास के अवसर और प्रतिदिन पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराती है। प्रत्येक संयंत्र में ध्यान और पूजा के लिए विशेष स्थान भी बनाए गए हैं, ताकि कर्मचारियों का मानसिक और शारीरिक संतुलन बना रहे भारत में स्टीलबर्ड के 330 से अधिक एक्सक्लूसिव स्टीलबर्ड राइडर आउटलेट्स हैं। इसके साथ ही 2,000 मास्टर डिस्ट्रीब्यूटरों का मजबूत नेटवर्क है, जो 1 लाख से अधिक रिटेल पॉइंट्स तक उत्पादों की आपूर्ति करता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी स्टीलबर्ड एशिया, यूरोप, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में अपनी उपस्थिति लगातार मजबूत कर रहा है, जिसे निरंतर अनुसंधान एवं विकास, वैश्विक प्रमाणन और प्रीमियम उत्पाद विकास का समर्थन प्राप्त है।स्टीलबर्ड हाई-टेक इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजीव कपूर ने कहा, स्टीलबर्ड को एक बार फिर विश्व का नंबर-1 हेलमेट निर्माता बनाने के लिए हम सभी का दिल से धन्यवाद। इस वर्ष 93 लाख हेलमेट की बिक्री उस भरोसे को दर्शाती है, जो उपभोक्ताओं ने हम पर जताया है। वर्ष 2030 तक हमारा लक्ष्य 93 लाख से बढ़कर 2.5 करोड़ हेलमेट प्रतिवर्ष का उत्पादन करना है, ताकि हर व्यक्ति तक सुरक्षित हेलमेट पहुंच सके।

## वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत बना चमकता सितारा, 2025 में घरेलू ताकत ने रची विकास की कहानी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक और आरबीआई के आकलन बताते हैं कि 2025 में भारत की आर्थिक कहानी केवल बाहरी परिस्थितियों से नहीं, बल्कि आंतरिक संरचनात्मक मजबूती से गढ़ी गई। आईएमएफ के वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक 2025 के मुताबिक, भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 2025 में करीब 6.8 फीसदी रही। यह वैश्विक औसत 3.2% से अधिक है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अग्रिम अनुमानों में भी सेवा क्षेत्र, निर्माण और सार्वजनिक निवेश को विकास का प्रमुख इंजन बताया गया। सीएमआईई के अर्थशास्त्री महेश व्यास का कहना है कि भारत की वृद्धि का सबसे बड़ा आधार घरेलू मांग है, जिसने निर्यात और वैश्विक व्यापार की सुस्ती के असर को संतुलित किया।

2025 में भारत में खुदरा महंगाई औसतन 5.4 फीसदी रही, जो कई उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कम थी। खाद्य कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद मुख्य महंगाई अपेक्षाकृत नियंत्रित रही। इससे आरबीआई को भी राहत मिली और उसने मौद्रिक नीति के मोर्चे पर विकास-समर्थक लेकिन सतर्क नीति अपनाई।

2025 में केंद्र का पूंजीगत खर्च जीडीपी के 3.4 फीसदी तक पहुंच गया। सड़क, रेलवे, रक्षा उत्पादन और हरित ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश ने मांग एवं रोजगार दोनों को सहारा दिया। विश्व बैंक की इंडिया डेवलपमेंट अपडेट 2025 रिपोर्ट के मुताबिक, सार्वजनिक निवेश ने निजी क्षेत्र के लिए क्राउड-इन इफेक्ट पैदा किया। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के मुताबिक, भारत की विकास रणनीति अब निवेश और उत्पादकता बढ़ाने पर आधारित है, जो इसे लचीला बनाती है।

अमेरिकी टैरिफ को इस वर्ष का सबसे बड़ा बाहरी आर्थिक झटका माना गया।

## सीपीआई की गणना पद्धति में होगा बदलाव

खुदरा महंगाई को लक्षित करने के लिए सरकार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति की गणना पद्धति में बदलाव और मौद्रिक नीति में संशोधन करने की तैयारी कर रही है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी और जीएसटी दरों में कमी के कारण इस वर्ष उच्च महंगाई से राहत मिली है। सीपीआई आधारित खुदरा महंगाई अगर 2 से 6 फीसदी के दायरे में बनी रही, तो आरबीआई रेपो दर में एक बार और कटौती कर सकता है।

खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी के अलावा सरकार के सितंबर में लगभग 400 वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कमी करने के निर्णय ने देश में मूल्य स्थिति को और बेहतर बनाने में मदद की। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) ने भी 2025 तक मुद्रास्फीति के दबाव में कमी के स्पष्ट संकेत दिखाए। शुरुआती महीनों में सकारात्मक लेकिन घटती डब्ल्यूपीआई महंगाई दर्ज की गई, जो विशेष रूप से खाद्य और ईंधन श्रेणियों में मूल्य दबाव में नरमी को दर्शाती है।

खुदरा महंगाई नवंबर, 2024 से घटनी शुरू हुई और तब से जून, 2025 तक यह रिजर्व बैंक के 2 से 4 फीसदी के दायरे में बनी रही। इसके बाद यह 2 फीसदी से भी नीचे आ गई। सीपीआई में लगभग 48 फीसदी हिस्सा रखने वाली खाद्य महंगाई जनवरी में लगभग 6 फीसदी से घटनी शुरू हुई और जून में नकारात्मक स्तर पर यानी शून्य से नीचे पहुंच गई। नवंबर में खाद्य महंगाई (-)3.91 फीसदी थी।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, अगले वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में शीर्ष महंगाई के 4 फीसदी के लक्ष्य के करीब रह सकती है। कीमती धातुओं को छोड़कर महंगाई काफी कम रहने की संभावना है, जैसा 2024 की शुरुआत से ही रुझान रहा है। अच्छे कृषि उत्पादन, कम खाद्य कीमतों और वैश्विक कमोडिटी कीमतों के असाधारण रूप से अनुकूल दृष्टिकोण से संकेत मिलता है कि पूरे वर्ष (2025-26) के लिए खुदरा महंगाई करीब 2 फीसदी रह सकती है, जो वर्ष की शुरुआत में अनुमानित दर का आधा है।

# आईएमए नैटकॉन 2025 में हृदय रोग विशेषज्ञों ने सैचुरेटेड फैट और पाम ऑयल पर वैज्ञानिक पुनर्विचार की मांग की

**लखनऊ।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के 100वें राष्ट्रीय सम्मेलन (नैटकॉन 2025) में देश के जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञों ने आहार वसा (डायटरी फैट्स) और हृदय स्वास्थ्य के पारस्परिक संबंधों पर विज्ञान-आधारित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता जताई। विशेषज्ञों ने इस बात पर बल दिया कि बदलते वैज्ञानिक शोध के परिप्रेक्ष्य में पुरानी धारणाओं का पुनर्मूल्यांकन अनिवार्य है। आईएमए नैटकॉन के इस शताब्दी सत्र में देशभर के हजारों चिकित्सकों और शोधकर्ताओं ने सहभागिता की, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य की दिशा निर्धारित करने वाले एक प्रमुख मंच के रूप में इसकी भूमिका फिर से मजबूत हुई है। इस सम्मेलन में डॉ. वरुण बंसल और डॉ. केतन मेहता के विशेषज्ञ सत्रों ने उन विषयों पर चिकित्सकीय स्पष्टता प्रदान की, जिन्हें लेकर अक्सर भ्रांतियाँ बनी रहती हैं। वैश्विक शोध और क्लिनिकल साक्ष्यों के आधार पर इन सत्रों में आहार वसा, पाम ऑयल




और हृदय संबंधी रोगों (कार्डियोमेटाबॉलिक) के उपचारों का गहन विश्लेषण किया गया।

**एथेरोस्क्लेरोसिस, सैचुरेटेड फैट और पाम ऑयल:** क्या वास्तव में इनका परस्पर संबंध है? विषय पर अपनी प्रस्तुति में डॉ. बंसल ने उन उन मान्यताओं पर प्रश्न उठाए जो सैचुरेटेड फैट को सीधे तौर पर हृदय रोगों का कारक मानती थीं। बहु-देशीय अध्ययनों का संदर्भ देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी सैचुरेटेड फैट पोषण की दृष्टि से एक समान नहीं होते। हृदय रोगों का जोखिम केवल किसी एक तत्व पर नहीं, बल्कि व्यक्ति की आहार पद्धति, जीवनशैली और कुल कैलोरी सेवन पर निर्भर करता है। उन्होंने यह भी बताया कि वसा के कुछ विकल्पों से कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम हो सकता है, किंतु वे हृदय संबंधी मृत्यु दर को कम करने में सदैव प्रभावी नहीं रहे हैं। इसके विपरीत, ट्रांस फैट की तुलना में पाम ऑयल के परिणाम कहीं अधिक सकारात्मक पाए गए हैं। डॉ. बंसल का यह सत्र विश्व स्वास्थ्य संगठन और आईसीएमआर-एनआईएन के उन दिशा-निर्देशों के अनुरूप रहा जो संतुलित आहार, विविध खाद्य तेलों के प्रयोग और इसके संयमित उपभोग पर बल देते हैं। डॉ. वरुण बंसल ने कहा, पोषण विज्ञान को मात्र सरल लेबलों या सीमित परिभाषाओं में नहीं समेटा जा सकता।

वर्तमान में डर से किसी खाद्य पदार्थ को छोड़ने के बजाय संतुलित आहार, विविधता और तथ्यों पर आधारित चुनाव करना अधिक महत्वपूर्ण है। इसी विमर्श को आगे बढ़ाते हुए डॉ. मेहता ने कार्डियोमेटाबोलिक सिंड्रोम में पाम टोकोट्रिएनोल्स की भूमिका÷ पर अपनी शोधपरक प्रस्तुति दी। उन्होंने भारत में मधुमेह, मोटापा, उच्च रक्तचाप और डिस्लिपिडेमिया के बढ़ते संकट की ओर संकेत किया। उन्होंने रेड पाम ऑयल में मौजूद विटामिन-ई के विशिष्ट स्वरूप, टोकोट्रिएनोल्स पर प्रकाश डालते हुए इनके एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और हृदय-संरक्षी (कार्डियोप्रोटेक्टिव) गुणों के साक्ष्य प्रस्तुत किए। डॉ. मेहता ने पाम-आधारित टोकोट्रिएनोल्स की सुरक्षित छवि का उल्लेख करते हुए बताया कि इन्हें यूएस एफडीए द्वारा 'GRAS' की मान्यता प्राप्त है।

### कमलेश राव, चेयरपर्सन - इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी (IAC-Life) का दृष्टिकोण

Sabse Pehle Life Insurance

वर्ष 2025 भारतीय बीमा क्षेत्र में कुछ ऐसे लैंडमार्क ग्राहक-केंद्रित सुधारों का साक्षी रहा, जो जीवन बीमा को सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा का मुख्य आधार बनाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाएंगे। इस वर्ष की शुरुआत सरेंडर वैल्यू नियमों में हुए सकारात्मक बदलावों से हुई, जिसके बाद जीएसटी छूट और बीमा सुगम पोर्टल की शुरुआत जैसे कदमों ने इस क्षेत्र के विकास पथ को और अधिक सुदृढ़ बनाया है। वर्तमान में जीवन बीमा की मांग मूल रूप से सुरक्षा, एन्युटी और बचत उत्पादों के इर्द-गिर्द केंद्रित है। जैसे-जैसे भारतीय परिवार अपनी वित्तीय प्राथमिकताओं में सुरक्षा और रिटायरमेंट समाधानों को ऊपर रख रहे हैं, वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने में इन उत्पादों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2026 में हम बीमा कंपनियों द्वारा और भी सशक्त और नवोन्मेषी उत्पाद पेश किए जाने की उम्मीद कर सकते हैं। अगले वर्ष, एफडीआई नियमों में दी गई ढील के बाद भारतीय बाजार में अधिक अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के प्रवेश की प्रबल संभावना है। नए खिलाड़ियों के आने से उद्योग में आपसी तालमेल बढ़ेगा और जीवन बीमा समाधानों की पहुँच और दक्षता में सुधार होगा। अनुकूल नियामक परिवेश, डिजिटल तकनीक की बढ़ती रफ्तार और उपभोक्ताओं में बढ़ती जागरूकता के मेल से, 2026 में जीवन बीमा क्षेत्र में निरंतर और स्वस्थ विकास के एक नए दौर की शुरुआत होगी।

## देश के बाहर ईडी की बड़ी कार्रवाई, लंदन में बकिंघम पैलेस के पास 150 करोड़ की संपत्ति कुर्क




**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने बैंक ऋण धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक बड़ी सफलता हासिल की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने प्रसिद्ध कपड़ा कंपनी एस. कुमार्स नेशनवाइड लिमिटेड और इसके पूर्व सीएमडी नितिन कासलीवाल के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लंदन में बकिंघम पैलेस के पास स्थित 150 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति को कुर्क कर लिया है। यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत की गई है। एजेंसी के अनुसार, यह संपत्ति नितिन शंभुकुमार कासलीवाल और उनके परिवार के सदस्यों के लाभकारी स्वामित्व में है।

**1,400 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला**

नितिन कासलीवाल पर भारतीय बैंकों के एक कंसोर्टियम (समूह) के साथ लगभग 1,400 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। जांच में सामने आया है कि एस. कुमार्स नेशनवाइड लिमिटेड के माध्यम से बैंकों से लिए गए ऋण को गलत तरीके से विदेशी निवेश के नाम पर भारत से बाहर भेजा गया। ईडी के बयान के अनुसार, नितिन कासलीवाल ने बैंकों के फंड को डाइवर्ट किया और विदेशी न्यायक्षेत्रों में निजी ट्रस्टों और कंपनियों की एक जटिल संरचना के माध्यम से इन संपत्तियों को छुपाया।

**विदेशी ट्रस्टों और शेल कंपनियों का जाल**

एजेंसी की ओर से 23 दिसंबर को की गई छापेमारी और जब्त किए गए दस्तावेजों के विश्लेषण से एक बेहद जटिल नेटवर्क का खुलासा हुआ है। जांच में पाया गया कि कासलीवाल ने ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स, जर्सी और स्विट्जरलैंड जैसे टैक्स हेवन देशों में ट्रस्टों और कंपनियों का जाल बिछाया था।

## वोडा-आइडिया को राहत, कैबिनेट ने 87,695 करोड़ के AGR बकाये पर लगाया फ्रीज

**मुंबई।** केंद्र सरकार ने कर्ज के बोझ से दबी टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया को एक बड़ी राहत दी है। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को एक विशेष राहत पैकेज को मंजूरी दी, इसके तहत कंपनी के एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (AGR) बकाये को 87,695 करोड़ रुपये पर फ्रीज कर दिया गया है। सरकार के इस फैसले का टेलीकॉम सेक्टर में प्रतिस्पर्धा बनाए रखना और वोडाफोन आइडिया में सरकार की 49% हिस्सेदारी के मूल्य की रक्षा करना है। कैबिनेट द्वारा मंजूर किए गए इस पैकेज के अनुसार, वोडाफोन आइडिया को इस फ्रीज किए गए बकाये का भुगतान तत्काल नहीं करना होगा। सूत्रों ने जानकारी दी है कि ?87,695 करोड़ के इस बकाये का भुगतान वित्त वर्ष 2031-32 (FY32) से वित्त वर्ष 2040-41 (FY41) के बीच किया जाना है। AGR बकाया राशि को 31 दिसंबर, 2025 की स्थिति के अनुसार फ्रीज किया गया है।

दूरसंचार विभाग इस बकाये की राशि का फिर से आकलन करेगा ताकि सटीकता सुनिश्चित की जा सके। राहत के बावजूद, कंपनी को कुछ भुगतानों के लिए मौजूदा समयसीमा का पालन करना होगा। सूत्रों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2017-18 और 2018-19 से संबंधित AGR बकाये के भुगतान की शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह राशि वोडाफोन आइडिया को वित्त वर्ष 2025-26 से 2030-31 के बीच पूर्व-निर्धारित किस्तों में चुकानी होगी।

सरकार फिलहाल वोडाफोन आइडिया में सबसे बड़ी शेयरधारक है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 49% है। सूत्रों का कहना है कि कैबिनेट के इन कदमों का उद्देश्य न केवल सरकारी निवेश को सुरक्षित करना है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि देश का टेलीकॉम बाजार डुओपॉली (केवल दो कंपनियों का वर्चस्व) बनने से बचा रहे। राहत पैकेज से कंपनी को अपनी सेवाओं के विस्तार, विशेषकर 5G रोलआउट और नेटवर्क अपग्रेडेशन के लिए जरूरी पूंजी जुटाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

कैबिनेट का यह फैसला ऐसे समय पर सामने आया है जब वोडाफोन-आइडिया लंबे समय से वित्तीय संकट और ग्राहकों की घटती संख्या से जूझ रही है। अक्तूबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट की ओर से एजीआर बकाये के पुनर्मूल्यांकन को सरकार के नीतिगत दायरे में बताया गया था। उसके बाद से ही सरकार की ओर से राहत देने की खबर सामने आने की उम्मीद थी।

विशेषज्ञों का मानना है कि बकाये के भुगतान में पांच साल से अधिक की अतिरिक्त मोहलत मिलने से कंपनी के कैश फ्लो में सुधार होगा। हालांकि, कंपनी की लंबी अवधि की स्थिरता अब इस बात पर निर्भर करेगी कि वह आने वाले महीनों में नए निवेशकों से कितनी जल्दी फंड जुटा पाती है और अपने औसत प्रति ग्राहक राजस्व यानी एआरपीयू में कितना इजाफा कर पाती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से दो प्रमुख सड़क परियोजनाओं को हरी झंडी दे दी है। इन परियोजनाओं पर कुल 20,668 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जिससे महाराष्ट्र और ओडिशा में कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। कैबिनेट का सबसे बड़ा फैसला महाराष्ट्र के लिए रहा, जहां 374 किलोमीटर लंबे नासिक-सोलापुर ग्रीनफील्ड कॉरिडोर के निर्माण को मंजूरी दी गई है। इस 6-लेन कॉरिडोर के निर्माण पर 19,142 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह कॉरिडोर न केवल यात्रा के समय को कम करेगा, बल्कि नासिक और सोलापुर जैसे औद्योगिक और कृषि केंद्रों के बीच लॉजिस्टिक्स दक्षता को भी बढ़ाएगा। ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट होने के कारण यह पूरी तरह से नए एलाइनमेंट पर विकसित किया जाएगा, जिससे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम होगा।

इसके अलावे, कैबिनेट ने ओडिशा में सड़क नेटवर्क को अपग्रेड करने के लिए 1,526 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट को भी मंजूरी दी है।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने अवैध टैक्सी स्टैंडों और अवैध वाहनों का संचालन रोकने के सख्त निर्देश दिए

**गौरीगंज में बस स्टेशन के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया एक महीने के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए**



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** मंगलवार की शाम हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डी एम ने अवैध टैक्सी स्टैंडों को बंद करके और अवैध एवं अपंजीकृत ई-रिक्शा संचालन रोकने के चेकिंग अभियान चलाने के सख्त निर्देश दिए हैं। डी एम ने जिला मुख्यालय पर बस स्टेशन के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि ई-रिक्शा चार्जिंग के लिए किसी भी स्थान पर विद्युत चोरी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए, तथा केवल वैध विद्युत कनेक्शन से ही चार्जिंग की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा के लिए निश्चित रूट प्रणाली लागू की जानी चाहिए। इसके लिए उन्होंने सीओ ट्रैफिक, एआरटीओ और अधिशासी अभियंता (लोनिवि) की तीन सदस्यीय समिति गठित कर जनपद में ई-रिक्शा रूट निर्धारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगर क्षेत्रों में अनधिकृत टैक्सी स्टैंडों का चिन्हांकन कर छोटे-छोटे पिक एंड ड्रॉप स्टेशन बनाए जाएं ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने स्कूल वाहनों की फिटनेस जांच और परिवहन सुरक्षा पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूलों में संचालित वाहनों की फिटनेस, कागजात और निर्धारित क्षमता की नियमित जांच की जाए। यदि किसी विद्यालय द्वारा क्षमता से अधिक छात्रों को वाहन में बैठाया जाता है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी स्कूली वाहनों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगे हों।

जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेसवे पर हो रही दुर्घटनाओं पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रमुख मार्गों पर साइनेज बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, निर्धारित गति सीमा बोर्ड लगाए जाएं तथा अनधिकृत कटों को बंद किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात अनुशासन बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग द्वारा नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट और स्पीड लिमिट के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि एआरटीओ और यातायात विभाग संयुक्त रूप से नियमित जनजागरूकता अभियान चलाएं और लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, अधिशासी अभियंता लोनिवि शैलेंद्र कुमार व रमेश चंद्र, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, एआरटीओ महेश बाबू गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अधिकारियों ने दी नव वर्ष की हार्दिक बधाई

**बस्ती।** मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक संजीव त्यागी, जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने लोगों को नव वर्ष की बधाई देते हुए उनके सुख एवं समृद्धि की कामना किया है।

## प्रशिक्षण में कृषकों को दी गई निर्यात संबंधी जानकारी

**बस्ती।** जनपद में एफ0पी0ओ0 फार्मर प्रोड्यूसर आर्गेनाईजेशन एवं प्रगतिशील कृषकों को अपने औद्यानिक फसलों एवं प्रसंस्कृत उत्पादों को निर्यात करने के उद्देश्य उनमें क्षमता निर्माण एवं संवेदीकरण को बढ़ावा देने के लिये भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की संस्था एपीडा एवं उद्यान विभाग द्वारा 30 दिसम्बर को सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस फार फ्रूट्स, बंजरिया बस्ती में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एपीडा के प्रतिनिधि शुभम राय एवं जिला उद्यान अधिकारी अरूण कुमार तिवारी द्वारा कृषकों को अपने उत्पादों के निर्यात हेतु एपीडा से लाईसेंस प्राप्त करने एवं निर्यात के विभिन्न चरणों के विषय में व्यापक जानकारी दी गई।

# गौ आश्रय नहीं, तो फसलें शिकार : मथौली के किसान छुट्टा पशुओं से बेहाल

**नगर पंचायत की लापरवाही खेतों में उतर रहे आवारा मवेशी, किसानों में आक्रोश**



सिरसिया में गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचाते छुट्टा पशुएं

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली, कुशीनगर।** कस्बे में गौ आश्रय स्थल न होने से नगर में आवारा व छुट्टा पशुओं की भरमार सी हो गई है। पशुओं का झुंड किसानों की खड़ी फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा रहे है लेकिन नगर प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

बता दें कि नगर पंचायत मथौली गठन के करीब साढ़े तीन वर्ष हो है। ऐसे में यहां विकास की गंगा बह रही है, लेकिन इतने वर्षों में नगर के जिम्मेदारों द्वारा एक गौ आश्रय स्थल नहीं बनवाया गया जबकि जिले के समस्त नगर पंचायतों में आश्रय स्थल बनवाकर पशुओं को सुरक्षित रखा गया है लेकिन मथौली नगर अब तक आश्रय स्थल नहीं बनवाया गया है। बता दें कि छह गांवों को मिलाकर मथौली नगर पंचायत का गठन हुआ जिसका क्षेत्रफल करीब 15 से 20 किमी में फैला है। बुधवार को सिरसिया घुस व बहुआस में आवारा पशुओं का झुंड किसानों का गेहूं, सरसों, मटर व दलहन की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे थे। किसानों का कहना है कि नगर में आवारा व छुट्टा पशुओं से हम लोग परेशान है। नगर में आश्रय स्थल अब तक नहीं बनवाया गया है, जिससे ये पशुवें फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ खूंखार भी हो रहे। कभी नीलगाय तो कभी ये आवारा पशुवें ने हम लोगों का जीना दूभर कर दिए है, लेकिन नगर के जिम्मेदार इन पशुओं के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे है। इनके आक्रमण से कई लोग घायल भी हो चुके है।

उल्लेखनीय है जिले भर में घूम रहे छुट्टा व आवारा पशुओं को एकत्र करने के लिए खड्डा क्षेत्र के कोप जंगल में आश्रय स्थल बनवाया गया है, जहां इन पशुओं को रख रखाव किया जा रहा है, लेकिन नगर प्रशासन इन पशुओं को वहां भी नहीं भेजवा रहे हैं, जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी सर्वेश कुमार श्रीवास्तव से बात करने की कोशिश की गई तो उनके फोन का घंटी बजता रहा लेकिन फोन नहीं उठाए।

# रामकोला चीनी मिल ने किसानों के खाते में 26 दिसंबर तक का भुगतान 36 करोड़ रुपए भेजा

**किसान भाई अपनी गन्ना आपूर्ति चीनी मिल को ही करें**

**अवधनामा संवाददाता**

**रामकोला, कुशीनगर।** त्रिवेणी चीनी मिल, रामकोला ने 11 दिसंबर से 26 दिसंबर तक के गन्ना मूल्य का भुगतान किसानों के बैंक खातों में भेज दिया है। जनपद में सबसे पहले पेराई शुरू करने के साथ-साथ समयबद्ध भुगतान कर मिल ने अपने उत्कृष्ट रिकॉर्ड को बरकरार रखा है।

प्रधान प्रबंधक यशराज सिंह ने बताया कि वर्तमान पेराई सत्र के दौरान 11 दिसंबर से 26 दिसंबर तक खरीदे गए गन्ने का कुल 36 करोड़ रुपये का एकमुश्त सर्वाधिक गन्ना मूल्य भुगतान किसानों के खातों में अंतरित कर दिया गया है। यह इस पेराई सत्र का अब तक का एकमुश्त सर्वाधिक गन्ना मूल्य भुगतान है। उन्होंने कहा कि किसान हित हमारे लिए सर्वोपरि है। हमारा प्रयास है कि किसानों को समय पर भुगतान मिले और किसी प्रकार की असुविधा न हो।

प्रधान प्रबंधक ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे ताजा एवं साफ-सुथरा गन्ना ही मिल पर आपूर्ति करें, जिससे पेराई प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके। साथ ही उन्होंने आग्रह किया कि किसान भाई अपनी गन्ना आपूर्ति चीनी मिल को ही करें, जिससे उनका बेसिक कोटा बढ़े और आगामी वर्षों में उन्हें और अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने किसानों से यह भी अनुरोध किया कि वे निर्धारित तौल से अधिक गन्ना लेकर न आएँ, ताकि गन्ना उतारने में विलंब न हो तथा बिचौलियों द्वारा औने-पौने दामों पर गन्ना बेचने की नौबत न आए। प्रेस वार्ता के दौरान कारखाना प्रबंधक मानवेंद्र राय तथा गन्ना प्रबंधक इन्द्र कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

# चाकू गोदकर युवक की हत्या, आक्रोशित लोगों ने जाम किया सड़क

**कसया थाना क्षेत्र के नैका छपरा गांव का मामला**

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर बाद एक युवक की चाकू गोदकर सनसनीखेज हत्या की घटना को अंजाम दिया गया। युवक की हत्या की सूचना मिलते ही इलाके में भारी आक्रोश फैल गया। हत्यारोपियों की गिरफ्तारी को लेकर ग्रामीणों ने नैका छपराङ्कजुड़वनिया मार्ग जाम कर दिया। चूंकि मामला दो समुदाय का बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची लोगों को काफी समझाने के बाद जाम समाप्त कराया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। गांव भारी पुलिस बल तैनात कर दिए गए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उक्त थाना क्षेत्र के जुडवनिया गांव के सामने दो युवकों द्वारा नैका छापरा निवासी निशांत सिंह पुत्र संतोष सिंह की बाइक रुकवाई और उसके दोस्त कुंदन से मारपीट शुरू कर दी। जब निशांत ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो एक आरोपी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपियों ने पहले गले और पेट में कई बार वार किए। जिससे निशांत गंभीर रूप से घायल हो गया।

वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों और ग्रामीणों ने गंभीर हालत में निशांत को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा कि निशांत खेत के लिए खाद लेने कसया जा रहा था। जबकि उसके दोस्त जूते खरीदने की बात कह था। इसी दौरान आरोपियों ने गाड़ी रोककर विवाद शुरू कर दिया, जो देखते ही देखते जानलेवा हमले में बदल गया। निशांत अपने माता-पिता का इकलौता संतान था। उसके पिता संतोष सिंह किसान हैं।

### घटना के बाद गांव में तनाव, ग्रामीणों ने जाम किया सड़क

युवक की हत्या के बाद गांव सहित क्षेत्र में तनाव पैदा हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने नैका छपरा मार्ग पर जाम लगा दिया। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने एहतियातन आरोपियों के घरों के पास पुलिस बल तैनात कर दिया है। मृतक के गांव में भी भारी पुलिस बल और पीएसी की एक गाड़ी तैनात की गई है। सूचना पर मौके से पहुंचे एडिशनल एसपी पर सिद्धार्थ वर्मा, कसया सीओ कुंदन सिंह और थाना प्रभारी अभिनव मिश्रा लोगों को समझाने लगे। पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के पूर्व में घोषित कार्यक्रम की संशोधित तिथि घोषित

**बस्ती।** अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के क्रम में 01.01.2026 के आधार पर समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के पूर्ण में घोषित कार्यक्रम को संशोधित करते हुए निम्नानुसार कार्यक्रम की तिथि घोषित की गयी है। मतदाता सूची के आलेख्य का प्रकाशन 06.01.2026, दावे और आपत्तियॉ प्राप्त करने की अवधि 06.01.2026 से 06.02.2026, नोटिस चरण (जारी करना, सुनवाई और सत्यापन) गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे और आपत्तियों का निस्तारण 06.01.26 से 27.02.2026 तक, स्वास्थ्य मापदण्डों की जॉच करना और अन्तिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करना 03.03.2026 एवं निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 06.03.2026 को आयोग द्वारा निर्धारित किया गया है।

# डीएम व एसपी ने जनपदवासियों को दी नव वर्ष की बधाई

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, एवं मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

अपने संयुक्त संदेश में जिलाधिकारी ने कहा कि नव वर्ष जनपदवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वर्ष 2026 में जनपद विकास, सुशासन एवं जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छुएगा। पुलिस अधीक्षक ने अपने संदेश में कहा कि पुलिस विभाग जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पूर्ण प्रतिबद्ध है। उन्होंने नव वर्ष में सभी नागरिकों से शांति, अनुशासन एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि वर्ष 2026 में ग्रामीण विकास, आजीविका संवर्धन, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार एवं सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को और अधिक गति दी जाएगी, ताकि विकास का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच सके। तीनों अधिकारियों ने नव वर्ष के अवसर पर जनपदवासियों से सामाजिक समरसता, भाईचारे एवं सकारात्मक सोच के साथ नए वर्ष का स्वागत करने का आह्वान करते हुए कुशीनगर को सुरक्षित, विकसित एवं समृद्ध जनपद बनाने के लिए सामूहिक प्रयास का संकल्प लिया। अंत में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के समस्त नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया बंधुओं एवं समाज के सभी वर्गों को नव वर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# बुद्ध स्थलीय व रामकोला धाम का दर्शन कर नए वर्ष का करें आगाज



भगवान बुद्ध का मंदिर

**बुद्ध नगरी में हर वर्ष लगता है मेला, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी फोर्स**



पनियहवा पुल के नीचे बना पिकनिक स्पॉट

**शकील अहमद**

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** नव वर्ष पर आज कुशीनगर में आने वाले श्रद्धालु को मुख्य मंदिर में भगवान बुद्ध की छठी शताब्दी की प्रतिमा का दर्शन करने में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसके लिए जिला प्रशासन ने पूरी तरह से मुस्तैद है। रामा भार स्तूप और माथा कुंवर मंदिर परिसर भी खुला रहेगा। मुख्य मंदिर के बगल में स्थित बर्मी मंदिर में भी श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर सकेंगे। पूरे मेला क्षेत्र की सुरक्षा के लिए पुलिस फोर्स तैनात रहेगी। मंदिर क्षेत्र में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने जगह-जगह बैरिकेडिंग लगा रखा है। ताकि मेला में कोई दुर्व्यवस्था न हो। सड़क पर हुडदंग करने वालो को साल के पहले दिन हवालात में रात गुजारना पड़ेगा। इसके लिए पुलिस प्रशासन भी पुरी तरह से सख्त है। इसी तरह रामकोला स्थित विश्व दर्शन मंदिर में एक साथ दुनिया के विभिन्न धर्मों व पंथों के प्रमुख देवी-देवता व महापुरूषों का दर्शन कर सकते हैं। मंदिर क्षेत्र में लगने वाले नव वर्ष मेला की सभी तैयारियां पुरी हो चुकी है। कुशीनगर पुलिस चौकी से झुंगवा मोड़ तक सर्विस रोड पर पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी। किसी भी वाहन की पार्किंग हाइवे पर पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी।

## पनियहवा में पिकनिक स्पॉट सजधज कर तैयार

नव वर्ष के स्वागत के लिए पनियहवा रेल पुल के नीचे पिकनिक स्पॉट सजधज कर तैयार है। नए साल के जश्न में सैलानियों का जत्था भ्रमण कर नए साल का शुरूआत अपने अंदाज में करते है। पनियहवा चौराहे पर मछली की दुकान व बगहा-पनियहवा पुल के नीचे पिकनिक के लिए बैठने वाले नाव से नदी में भ्रमण, स्नान के बाद धूप सेकने की व्यवस्था हुई है। मछली भुजा के लिए दूर-दूर तक मशहूर पनियहवा में लोग जायका लेने जुटेंगे। इसके लिए सैकड़ों की संख्या में मछली की दुकान सज गई है। गंडक नदी की ताजी मछली और भुजा का स्वाद लेने के लिए सीमावर्ती जनपद महराजगंज, देवरिया, गोरखपुर व बिहार के हजारों लोग यहां पिकनिक मनाने आते हैं। गंडक नदी की चेपुआ, मांगुर, टेंगर आदि प्रजाति की मछलियां दूर दूर तक प्रसिद्ध है। वही पिकनिक मनाने आए सैलानी विटीआर व बगहा का भी भ्रमण कर आनंद लेते है। सैलानी पनियहवा में मछली का आनंद उठा इन स्थानों भ्रमण करते है और पुल व अन्य स्थानों पर सेल्फी लेते है। सबसे अधिक देखने योग्य स्थान रेत पर बना पिकनिक स्पॉट है। यहां पर पिकनिक मनाने आए लोगों को गंडक नदी में नौका विहार, स्नान के बाद धूप सेकने की व्यवस्था आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। गंडक नदी के दो धाराओं के बीच रेत पर पिकनिक स्पॉट बनाया गया है। यहां पर आने वाले लोगों को बैठने, धूप में सेकने, नाश्ता, नदी में नौका विहार व स्नान की पूरी व्यवस्था की है। इसको देखते हुए इस वर्ष यहां पर सैलानियों की संख्या में बृद्धि के कयास लगाए जा रहे है। इसको देखते हुए प्रशासन भी अपनी तैयारी कर ली है।

# नव वर्ष को लेकर मजिस्ट्रेट तैनात, हुड़दंग मचाया तो जाना पड़ेगा हवालात

**सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में बुद्ध नगरीय, चप्पे छापे पर फोर्स तैनात**

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** नव वर्ष पर लगने वाले मेले को संपन्न कराने के लिए मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए गए है। पूरा बुद्ध स्थलीय सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में है। चप्पे चप्पे पर भारी सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया है। नव वर्ष के जश्न में अगर किसी ने हुड़दंगई की तो हवालात में जाना पड़ सकता है।

बता दें कि कुशीनगर स्थित महापरिनिर्वाण बौद्ध स्थल क्षेत्र में कुशीनगर, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज व पड़ोसी प्रान्त बिहार से काफी भीड़ आती है तथा जनपद में अन्य तहसील थाना क्षेत्रों में नववर्ष पर अत्यधिक भीड को देखते हुए उक्त स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था तथा शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने सुपर जोनल मजिस्ट्रेट/जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट तहसील/पुलिस चौकीवार बुधवार से ही नियुक्त किया है। डीएम द्वारा निर्देशित किया गया है कि तैनात सभी मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कानून व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, आपात स्थिति से निपटने एवं किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम सुनिश्चित करेंगे। सभी अधिकारी तैनाती स्थल परभ्रमणशील रहेंगे तथा किसी भी स्थिति की तत्काल सूचना उच्चाधिकारियों को देंगे। इसके अतिरिक्त रिजर्व जोनल मजिस्ट्रेट एवं रिजर्व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की भी तैनाती की गई है, जिन्हें आवश्यकता पड़ने पर सक्रिय किया जा सकेगा। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि लापरवाही क्षम्य नहीं होगी तथा सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी सजगता एवं जिम्मेदारी के साथ करेंगे। प्रशासन द्वारा आमजन से भी अपील की गई है कि वे शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। इसके अतिरिक्त कलेक्ट्रेट में एक कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसका नम्बर 05564-240590 है, जिसके प्रभारी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधन सहकारिता एवं डीपीआरओ को कंट्रोल रूम प्रभारी बनाया गया है।

# जनता के खोए 51 मोबाइल फोन को बरामद कर स्वामियों को सौंपा



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में खोए मोबाइल फोनों को सर्विलांस सेल ने बरामद कर स्वामियों को सौंप दिया। खोए मोबाइल पाकर स्वामियों के चेहरे खिल उठे। पुलिस के इस सराहनीय कार्य पर लोगों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा के द्वारा जनता के खोए हुए मोबाइल के संबंध में C.E.I.R. पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर सर्विलांस सेल को गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके क्रम में सर्विलांस सेल की टीम द्वारा कठिन परिश्रम करते हुए जनपदीय, गैर जनपदीय व गैर प्रान्तो से कुल 51 विभिन्न कम्पनियों के मल्टी मीडिया मोबाइल सेटों को बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई, बरामद किए गए मोबाइल सेटों की कुल कीमत लगभग 11 लाख रुपये है। बरामद मोबाइल सेटों को अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर सिद्धार्थ वर्मा एवं क्षेत्राधिकारी लाइन जयन्त यादव के द्वारा बुधवार को पुलिस कार्यालय में उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। उल्लेखनीय है कि माह नवंबर में भी जनता के खोये हुए करीब डेढ़ सौ मोबाइल फोन उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया था।

# जिले के विकास व आय-व्यय प्रस्ताव पर गहन चर्चा

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** जिला पंचायत अध्यक्ष हर्षिता सुमित प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत की बैठक जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुई, इस बैठक में जिले के विकास और आगामी वित्तीय वर्षों के लिए बजट प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई, बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित आय व्यय तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के मूल आय व्यय के प्रस्ताव पर गहन विचार विमर्श के बाद सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

जनपद में ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनरेगा योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए तैयार की गई कार्य योजना की समीक्षा की गई और उसे मंजूरी दी गई, इसी तरह पंचम वित्त राज्य आयोग के अंतर्गत वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्य योजना को भी अनुमोदित किया गया, 15 वें केंद्रीय वित्त आयोग के अंतर्गत मिलने वाले टाइड एवं अनटाइड फंड के सदुपयोग हेतु वर्ष 2026-27 की कार्य योजना पर चर्चा कर स्वीकृति दी गई, जिससे जिले के बुनियादी ढांचे और स्वच्छता को गति मिले, जिला पंचायत की आय बढ़ाने के उद्देश्य वर्ष 2025-26 की कर निर्धारण सूची के अनुमोदन पर भी विचार किया, ताकि विकास कार्यों के लिए वित्तीय संसाधन जुटाए जा सके, बैठक में सदस्यों ने अपने क्षेत्र की सड़क, बिजली, पानी, चकरोड, सिंचाई इत्यादि के कार्यों के संबंध में मुद्दे उठाए गए। सदस्यों ने समस्या उठाते हुए कहा कि गांव में विद्युत की आपूर्ति समुचित तरीके से नहीं हो रही है, इससे ग्रामीणों को समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, साथ ही साथ सदस्यों ने गांव में साफसफाई और छोटे माईनरो की साफसफाई के मुद्दे को भी उठाया, अध्यक्ष महोदया ने कहा कि सभी सदस्यों की समस्याओं पर विचार किया जाएगा और उनको शीघ्र ही दूर किया जाएगा।

इस अवसर पर अध्यक्ष सहकारी बैंक अतुल प्रताप सिंह द्वारा सदन को संबोधित करते हुए जनपद में सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं की जानकारी दी गई उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि विकास हेतु जो भी सुझाव देंगे उनके अनुसार कार्य कराए जाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक के दौरान परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने आवास योजना के बारे में सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी और सभी सदस्यों से अपील की सभी सदस्य पात्र नागरिकों को आवास दिलाने में मदद करें, अंत में सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए नए वर्ष की शुभकामनाएं भी दी, इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आवश्यकताओं को देखते हुए जन सामान्य की सुविधा के अनुसार विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिसमें सभी का सहयोग प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर दो मार्गो का जिला पंचायत ऑफिस के ठीक सामने 100 मीटर की सीसी सड़क और जिला सहकारी बैंक के सामने 200 मीटर की सीसी सड़क का लोकार्पण भी अध्यक्ष द्वारा किया, इस अवसर पर सहकारिता बैंक के अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख डॉ लक्ष्मी नारायण यादव, ब्लाक प्रमुख, फिरोजाबाद-नारखी एवं हाथवंत के अतिरिक्त कु0 सीमा यादव, अर्चना यादव, मनोज कुमार, राजीव कुमार, दिनेश सिंह, सुशील कुमार, प्रदीप कुमार, रिंकी, अरूण कुमार, उर्मिला, राधेश्याम आदि सदस्य जिला पंचायत के अतिरिक्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन मणीन्द्र सिंह, अपर मुख्य अधिकारी, जिला-पंचायत द्वारा किया गया, एवं ि अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण पर किया विचार

**32 इकाईयों के प्रस्ताव पर 1600 करोड़ रूपए का निवेष सम्भावित**

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित की गई, बैठक में जनपद के औद्योगिक विकास की गति को तेज करने और उद्यमियों की समस्याओं को निस्तारण पर विस्तार से चर्चा हुई, बैठक के दौरान जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के समीप बन रहे विशाल औद्योगिक गलियारे में भूमि आवंटन हेतु अब तक कुल 32 इकाइयों के प्रस्ताव कार्यालय को प्राप्त हो चुके हैं, इन प्रस्तावों के माध्यम से क्षेत्र में लगभग 1600 करोड रुपए का निवेश संभावित है, जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी उद्यमियों, व्यापारिक प्रतिनिधि से आह्वान किया कि वे सरकार की औद्योगिक नीतियों का लाभ उठाएं, नए औद्योगिक गलियारे में अधिक से अधिक इकाइयां स्थापित करें, जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों को भूमि आवंटन और अन्य प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की बाधा न आए, सही समय पर समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

इसी तरह उद्यमियों द्वारा ककरऊ कोटी से नवीन सिक्स लैन तक सड़क चौड़ीकरण एवं सड़क के बीच आए बिजली के पोल हटवाने व जल निकासी हेतु सड़क के किनारे नाले बनवाने एवं संदर्भित रोड के चौड़ीकरण का मुद्दा भी जिलाधिकारी के समक्ष रखा, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता निर्माण खंड, नगर निगम फिरोजाबाद को निर्देश दिए कि वह उक्त के संबंध में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने हेतु समिति को अवगत करें, इसी तरह मिनी औद्योगिक आस्थान उसायनी में जल भराव की समस्या और क्षतिग्रस्त सड़क व बाउंड्री वॉल का मुद्दा भी उठा, इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को इस क्षेत्र में जल भराव की समस्या का समाधान शीघ्र करने हेतु निर्देशित किया, इसी तरह इस क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक करने हेतु यूपीएसआईडी को निर्देशित किया, बैठक में ओडीओपी योजना अंतर्गत जनपद हेतु द्वितीय उत्पाद के रूप में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा निवेश करने हेतु जिलाधिकारी ने उद्यमियों का आह्वान किया, जिससे इस क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा रोजगार लोगों को मिल सके।

इस तरह व्यापारियों ने भी जिलाधिकारी के पास अपनी समस्याओं को प्रमुखता से रखा, व्यापारियों ने नगर की जर्जर और क्षतिग्रस्त सड़कों की और जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित किया, उन्होंने बताया कि सड़कों की खराब स्थिति के कारण न केवल आवागमन बाधित होता है, बल्कि व्यापार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, व्यापारियों ने शिकोहाबाद के प्रसिद्ध बुध बाजार के कारण लगने वाले भीषण जाम की समस्या भी जिलाधिकारी के समक्ष रखी, जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराया जाए।

# कार्यालय नगर पंचायत माँ कामाख्या, जनपद-अयोध्या

पत्रांक- 1078/न0पं0मॉ0 कामाख्या0/ विविध कर (शुल्क)/नियमावली/ अधि0/2025-26 दिनांक-30/12/2025

## अधिसूचना

उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत माँ कामाख्या अयोध्या में नगर पंचायत क्षेत्र की सीमा में **''विविध कर (शुल्क) उपविधि नियमावली-2025** प्रस्तावित करती है। उपरोक्त नियमावली के धारा 301 के अन्तर्गत प्रकाशन के पश्चात, उसके किसी बिन्दु या सभी बिन्दुओ पर किसी व्यक्ति/समूह को आपत्ति हो या सुझाव हो तो अपनी लिखित आपत्ति/सुझाव नगर पंचायत माँ कामाख्या अयोध्या के कार्यालय में प्रकाशन तिथि के 15 दिन के अन्दर प्राप्त करा सकता है, जिसका नियमानुसार निस्तारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया जायेगा परन्तु 15 दिन के बाद प्राप्त आपत्तियों व सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। नगर पंचायत माँ कामाख्या अयोध्या प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावो के निस्तारण के उपरान्त प्रस्तावित **''विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली-2025''** उ0प्र0 राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी मानी जायेगी।

## ''विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली-2025''

उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 जो नगर पंचायत, पर प्रवृत्त है, के अंतर्गत नगर पंचायत माँ कामाख्या अयोध्या में विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली-2025 कहलायेगी, जिसका विवरण निम्नानुसार है। :-

1. **संक्षिप्त नाम, प्रसार एवं प्रारम्भ :-**

- यह उपविधि **विविधकर (शुल्क) उपविधि नियमावली-2025** कहलायेगी।
- यह नगर पंचायत माँ कामाख्या अयोध्या की सीमा में प्रवृत्त होगी।
- यह उपविधि उ0प्र0 राजपत्र में प्रकाशन होने के दिनांक से नगर पंचायत माँ कामाख्या अयोध्या में प्रवृत्त होगी।

2. **परिभाषायें:-** उपरोक्त नियमावली मे विषय या प्रयोग में कोई शर्त प्रतिकूल न होने पर इस अधिनियम में उल्लिखित शब्द का अर्थ यह पढ़ा व समझा जाये -

- ''अध्यक्ष/प्रशासक''का तात्पर्य ''नगर पंचायत माँ कामाख्या अयोध्या के अध्यक्ष/प्रशासक से है।
- ''अधिशासी अधिकारी'' का तात्पर्य नगर पंचायत माँ कामाख्या अयोध्या के अधिशासी अधिकारी से है।
- ''प्रभारी अधिकारी'' का तात्पर्य, नगर पंचायत माँ कामाख्या अयोध्या के प्रभारी अधिकारी से है।
- ''लाइसेंसिंग अधिकारी'' का तात्पर्य, नगर पंचायत माँ कामाख्या अयोध्या के लाइसेंसिंग अधिकारी से है।
- ''अधिनियम'' का तात्पर्य उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 से है।
- ''नगर पंचायत'' का तात्पर्य नगर पंचायत माँ कामाख्या, अयोध्या से है।

3. **उपनियम**

- इस उपनियम के अन्तर्गत कोई भी दुकानदार व अन्य व्यवसायी लाईसेंस प्राप्त किये बिना अपनी दुकान/व्यवसाय नही चला सकेगा एवं इस उपनियम के लागू होने के पूर्व चल रहे समस्त दुकान/व्यवसाय का लाइसेन्स दुकानदार/व्यवसायी को प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
- इस उपनियम के अन्तर्गत प्राप्त लाइसेन्स की अवधि 03 वर्ष की होगी जो 1 अप्रैल से लागू हो 31 मार्च को समाप्त होगी।
- प्रत्येक दुकानदार/व्ययसायी को पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क की धनराशि को अदा करके लाइसेन्स प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
- दुकानदार/व्यवसायी को लाइसेन्स प्राप्त करने के लिए अपेक्षित धनराशि कार्यालय, नगर पंचायत माँ कामाख्या में जमा कर अथवा पंचायत कार्यालय द्वारा अधिकृत कर्मचारी को जमा करके रसीद प्राप्त कर सकता है।
- दुकानदार/व्यवसायी को सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बॉटो का मापो में प्रयोग करना अनिवार्य होगा।
- इस उपनियम के अन्तर्गत प्राप्त लाइसेन्स केन्द्र/राज्य सरकार/अन्य किसी विधिक संस्था द्वारा तालिका में उल्लिखित व्यवसायों के नियन्त्रण हेतु प्राप्त लाइसेन्स से भिन्न होगा।
- कोई ऐसा व्यक्ति जो किसी छुआ-छूत की बीमारी से ग्रस्त है, वह उल्लिखित तालिका में वर्णित व्यवसाय नहीं करेगा एवं ऐसे व्यक्ति को उल्लिखित व्यवसायों में सहायक अथवा नौकर भी रखने का अधिकार नहीं होगा।
- नगर पंचायत माँ कामाख्या अयोध्या के अध्यक्ष/प्रशासक/प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी/अधिकृत कर्मचारी किसी भी समय दुकान के लाईसेन्स का निरीक्षण कर सकते है और प्रत्येक दुकानदार/व्यवसायी लाईसेन्स दिखाने के लिए बाध्य होंगे तथा प्रत्येक दुकान के अन्दर आवश्यक स्थिति में प्रवेश के लिए अधिकृत होंगे।
- अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत माँ कामाख्या अयोध्या के द्वारा लाईसेन्स निर्गत किया जायेगा।
- जो शुल्क इस तालिका में नहीं है उसे सम्बन्धित व्यवसाय के समकक्ष मानकर उसी के अनुरूप लाइसेंस शुल्क लिया जायेगा।
- इस उपनियम के प्रभावी होते ही पूर्व मे प्रभावी फैक्ट्री/दुकान/ वाहन लाइसेन्स उपनियमावली की शुल्क की दरे स्वतः निरस्त हो जायेंगी।
- वाहन के लाइसेंस न बनाने अथवा चेकिंग में पकडें जाने पर वाहन जमा कराकर इसे अधिकृत कर्मचारी रसीद दे देंगे तथा वाहन बन्द किये जा सकते है तत्पश्चात 15 दिन में लाइसेन्स न बनवाने पर लाईसेसिंग अधिकारी द्वारा उक्त वाहनों की सार्वजनिक नीलामी करायी जा सकती है।
- उपनियमों मे संशोधन पंचायत बोर्ड किसी भी समय कर सकता है, एवं शर्तो के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश आवश्यकतानुसार किसी भी समय निर्गत किये जा सकते है।
- वित्तीय वर्ष के माह-जून तक प्रत्येक दुकानदार/व्यवसायी को लाइसेंस बनवाना अनिवार्य होगा अन्यथा उनसे प्रतिमाह रू0 100.00 विलम्ब शुल्क के रूप मे वसूल किया जायेगा।
- दुकानदार/व्यवसायी द्वारा लाइसेंस शुल्क वर्तमान वित्तीय वर्ष के अन्दर जमा नही करने पर इसकी वसूली भू-राजस्व की भाँति करायी जायेगी।
- नगर पंचायत बोर्ड/शासनादेश के निर्णयानुसार लागू लाइसेंस शुल्क में आवश्यक वृद्धि की जा सकती है।
- दुकानदार/व्यवसायी अपना व्यवसाय/दुकान चाहे अपने निजी मकान/दुकान/खुली जमीन अथवा किराये के मकान/दुकान/खुली जमीन पर करता है, उसे अपने दुकान/व्यवसाय के अनुरूप लाइसेंस बनवाना अनिवार्य होगा।
- सक्षम अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह किसी भी लाइसेंस को किसी भी समय निरस्त कर सकता है अथवा उचित नही होने पर लाइसेंस देने से इन्कार करने का अधिकार होगा।
- व्यवसायिक लाईसेन्स प्राप्त करने हेतु अन्य आवंटन विभागों से एन0ओ0सी0 इत्यादि प्राप्त करने की समस्त जिम्मेदारी आवेदक की होगी।

4. **लाइसेंस शुल्क-** शासनादेश सं0 541/नौ-9-99-23ज/97टी0सी0 दिनांक 15 फरवरी 1999 समहित सं0 1241/नौ-9-98-23ज/97 दिनांक 10 जून 1998 नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298, के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारो का प्रयोग करते हुये लाइसेंस शुल्क (35 मद) अनुसूची दरे वसूली प्रभाव रहेगा।

**वार्षिक दरें-**

| क्र.सं. | दुकान/व्यवसाय का नाम | लाइसेंस हेतु निर्धारित दरें प्रति वर्ष |
|---|---|---|
| 01 | पॉच सितारा होटल | 12000.00 |
| 02 | तीन सितारा होटल | 9000.00 |
| 03 | होटल/लॉजिंग/गेस्ट हाऊस (10 शैय्या तक) | 900.00 |
| 04 | प्राइवेट नर्सिंग होम (20 बेड से ऊपर) | 5000.00 |
| 05 | प्राइवेट नर्सिंग होम (20 बेड तक) | 3000.00 |
| 06 | प्राइवेट प्रसूति गृह (20 बेड से ऊपर) | 5000.00 |
| 07 | प्राइवेट प्रसूति गृह (20 बेड तक) | 3000.00 |
| 08 | प्राइवेट अस्पताल (बिना ऑपरेशन) | 2000.00 |
| 09 | प्राइवेट अस्पताल (ऑपरेशन युक्त) | 5000.00 |
| 10 | एक्स-रे क्लीनिक | 2000.00 |
| 11 | पैथालॉजी सेन्टर | 2000.00 |
| 12 | प्राइवेट क्लीनिक | 1000.00 |
| 13 | ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा 07 सीटर तक | 500.00 |
| 14 | ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा 04 सीटर | 250.00 |
| 15 | ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा 02 सीटर | 150.00 |
| 16 | बस | 1500.00 |
| 17 | मिनी बस | 1000.00 |
| 18 | टैम्पों/जीप/टैक्सी आदि | 500.00 |
| 19 | तॉगा | 30.00 |
| 20 | रिक्शा किराये पर चालित | 100.00 |
| 21 | रिक्शा निजी चालित | 50.00 |
| 22 | रिक्शा चालक शुल्क | 20.00 |
| 23 | ठेला | 75.00 |
| 24 | हाथ ठेला | 20.00 |
| 25 | ट्रॉली मशीन चालित | 500.00 |
| 26 | अन्य चार पहिया व्यापारिक वाहन | 750.00 |
| 27 | धुलाई गृह लॉण्ड्री | 500.00 |
| 28 | ड्राई क्लीनर लॉण्ड्री | 1000.00 |
| 29 | फाइनेन्स कम्पनी | 10000.00 |
| 30 | इंश्योरेंस कम्पनी | 15000.00 |
| 31 | फाउण्डिंग इण्डस्ट्रीज | 500.00 |
| 32 | हड्डी/खाल/बाल गोदाम | 1000.00 |
| 33 | पशु पालन (प्रति पशु) | 10.00 |
| 34 | कांजी हाउस में बन्द जानवरों पर जुर्माना<br>(क) प्रतिदिन खुराकी बडे जानवर<br>(ख) प्रतिदिन खुराकी छोटे जानवर | 500.00<br>100.00<br>50.00 |

5. **जलमूल्य वसूली-**

- उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश सं0 1010-19-2-96 (2)-96 दिनांक 08 जनवरी, 1997 के द्वारा नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 के अंतर्गत की निम्नवत् दरे प्रस्तावित है-

| क्रमांक | घरेलू संसोधित दरे (रू0 प्रतिमाह) वर्तमान |
|---|---|
| 1 | 3 |
| 1 | रु. 50.00 |
| | **व्यावसासिक संसोधित दरे (रू0 प्रतिमाह) वर्तमान** |
| 2 | रु. 100.00 |

- नगर पंचायत के अन्तर्गत ऐसे भवन स्वामियों के घरेलू समरसेविल पानी का उपयोग करते है का वार्षिक शुल्क रू0 1000.00 देय होगा।
- ऐसे भवन स्वामी जो व्यावसायिक समरसेविल का प्रयोग करते है वार्षिक मूल्य रू0 2000.00 देय होगा।
- वसूली अवधि 01 अप्रैल से 31 मार्च होगी।
- नगर पंचायत वार्षिक बिल वितरण कराकर वसूली करायेगी।
- नगर पंचायत समुचित अभिलेखो को प्रत्येक वित्तीय वर्षवार अनुरक्षित रखेगी, जिसमे डिमाण्ड रजिस्टर को तैयार कराना तथा निर्धारित समय मे बिल तैयार कर वितरित करना।

6. **शो टैक्स-** नगर पंचायत माँ कामाख्या सीमान्तर्गत मनोरंजन के माध्यम से फिल्म प्रदर्शित किया जाता है तो ऐसे स्वामियों से 50.00 रू0 प्रति शो की दर से वसूला जायेगा।

7. **विज्ञापन शुल्क-** सचिव, उत्तर प्रदेश, नगर विकास अनुभाग-9 शासनादेश सं0 618/नौ-9-2012-277ज/2011 दिनांक 05.04.2012 के द्वारा विज्ञापन/ प्रचार के संबंध में दिशा निर्देश-

- विज्ञापन या विज्ञापन पट के लिये ऐसे स्थल चिन्हित किये जायेंगे जो प्रत्येक दृष्टि से निरापद, निर्वाद, गमनागन और सुगम यातायात के लिये सर्वथा उपयुक्त हो।
- विज्ञापन पटों की सुदृढ़ता प्रत्येक दशा मे सुनिश्चित की जाये ताकि कोई दुर्घटना न होने पाये।
- विज्ञापन को वृक्षों, बल्लियों, बॉस या लकड़ियों से बांधा नहीं जायेगा। उस बात पर विशेष ध्यान दिया जाये कि विज्ञापन से आस-पास के कलात्मक सौन्दर्य नष्ट न हो और लोक सम्पत्ति किसी भी प्रकार से विरूपित न हो।
- विज्ञापन कर रू0 6.00 प्रति वर्गफुट प्रतिमाह देय है।
- कोई भी विज्ञापन या विज्ञापन पट किसी भी दशा मे जनहित और निकाय के प्रतिकूल नही होने चाहिये और उसमे सम्प्रदर्शित विज्ञापन किसी भी प्रकार से अशिष्ट, अश्लील, स्वास्थ्य के लिये हानिकारक अथवा आपत्तिजनक प्रवृत्ति के नही होने चाहिये।

8. **ट्रांसफार्मर सबस्टेशन पर शुल्क-**

- पंचायत सीमा में अधिष्ठापित बिजली के ट्रान्सफार्मर 250 के0वी0ए0 क्षमता तक शुल्क रु0 5000/- एवं 400 के0वी0ए0 क्षमता तक शुल्क रू0 10000/- वार्षिक प्रति ट्रान्सफार्मर, 400 के0बी0 की अधिक की क्षमता के लियें - 25000/- वार्षिक
- पंचायत सीमा में अधिष्ठापित बिजली के पावर हाउस/सब स्टेशन पर शुल्क रू0 50000.00 वार्षिक।

9. **नगर पंचायत दुकान एवं बारात घर पर किराया शुल्क-**

- नगर पंचायत दुकान एवं सम्पत्तियों को भली-भाँति रख-रखाव करने हेतु प्रत्येक तीन वर्ष मे 10 प्रतिशत किराये मे वृद्धि करेगी।
- ऐसे किरायेदारों द्वारा अनुबन्ध पत्र उल्लंघन करने पर नगर पंचायत द्वारा बेदखल नोटिस जारी कर पुनः नीलामी की कार्यवाही कर दी जायेगी।
- दुकान का किराया- 2000/- प्रतिमाह
- नगर पंचायत माँ कामाख्या द्वारा स्थित बारात घर का किराया रू0 5000.00 प्रतिदिन तथा कार्यक्रम के उपरांत बारात घर की सफाई एवं जनित कूड़े का निस्तारण शुल्क अलग से देय होगा। इस सन्दर्भ में शासन द्वारा समय-2 पर जारी शासनादेश प्रभावी होंगे।

10. **अनापत्ति प्रमाण पत्र शुल्क प्रति वर्षः-**

- मछली फुटकर बिक्री — रू0 500.00
- मछली थोक बिक्री — रू0 1000.00
- फल फुटकर बिक्री — रू0 500.00
- फल थोक बिक्री — रु0 2000.00
- सब्जी फुटकर बिक्री — रू0 500.00
- सब्जी थोक बिक्री — रू0 2000.00
- अण्डा फुटकर बिक्री — रू0 500.00
- अण्डा थोक बिक्री — रू0 2000.00
- मुर्गा, बकरा, भैंस-भैंसा बिक्री — रू0 50000.00

11. **विविधकर (शुल्क) की दरें :-**

- प्रमाण पत्र शुल्क-रू0 100.00 (एक सौ रु0 मात्र) प्रति प्रमाण पत्र।
- पानी टैंकर का किराया (नगर पंचायत सीमा में वैवाहिक कार्य/सामाजिक कार्य हेतु) 500.00 रू0 पाच सौ मात्र प्रति टैंकर एवं नगर पंचायत सीमा में निर्माण कार्य हेतु 800.00 रू0 आठ सौ मात्र प्रति टैंकर प्रतिदिन।
- पानी टैंकर का किराया (नगर पंचायत सीमा के बाहर 20 कि0मी0 अधिकतम में वैवाहिक कार्य/सामाजिक कार्य हेतु) 1500.00 रू0 एक हजार पांच मात्र प्रति टैंकर एवं नगर पंचायत सीमा के बाहर 20 कि0मी0 अधिकतम में निर्माण कार्य हेतु 2500.00 रु0 दो हजार पाँच सौ मात्र प्रति टैंकर प्रतिदिन।
- सीवरेज टैंकर उपयोग शुल्क (नगर पंचायत सीमान्तर्गत) रू0 2000.00 प्रति चक्कर/प्रति टैंकर एवं नगर पंचायत सीमा के बाहर 20 कि0मी0 अधिकतम मे शुल्क रू0 4000.00 प्रति चक्कर/ प्रति टैंकर।
- पंचायत सीमा में स्थित पैट्रोल पम्प पर व्यावसायिक शुल्क रु0 3000.00 (तीन हजार मात्र) वार्षिक।
- पंचायत सीमा में स्थित कोचिंग संस्थानों पर व्यावसायिक शुल्क रु0 1000.00 (एक हजार मात्र) वार्षिक।
- पंचायत सीमा में व्यवसाय करने वाले गेस्ट हाउस/अतिथि गृह पर व्यावसायिक शुल्क रु0 5000.00 (पाँच हजार मात्र) वार्षिक।
- पंचायत सीमा में व्यवसाय करने वाले रेस्टोरेन्ट/ढ़ाबा पर व्यावासायिक शुल्क रु0 2500.00 (दो हजार पाँच सौ मात्र) वार्षिक।
- पंचायत सीमा में स्थित आटा चक्की/पालेशर मशीन/तेल पिराई मशीन/रूई धुनाई मशीन पर व्यवसायिक शुल्क रू0 500.00 (रू0 पाँच) वार्षिक।
- गाय/भैंस/सुअर इत्यादि सभी प्रकार के पालतू जानवरों को खुला छोड़ने पर पकड़े जाने पर शुल्क रू0 500.00 प्रति प्रकरण/प्रति दिन।
- पंचायत सीमा में निर्मित होने वाले सार्वजनिक शौचालयों के मूत्रालय प्रयोक्ता प्रति व्यक्ति से शुल्क रु0 5. 00 एवं शौचालय प्रयोक्ता प्रति व्यक्ति से शुल्क रू0 10.00 लिया जायेगा।
- पंचायत सीमा में स्थित नाली/नाला/सड़क/अन्य सार्वजनिक सम्पत्ति पर अवैध कब्जा पाये जाने पर पेनाल्टी शुल्क रू0 1000.00 प्रति प्रकरण तथा पुनरावृत्ति करने पर रू0 5000.00 प्रति प्रकरण।
- पंचायत सीमा में स्थित व व्यवसाय करने वाले छोटे दुकानदारो (200 वर्ग फिट क्षेत्रफल या उससे कम कवर्ड एरिया) से व्यावयसायिक शुल्क रू0 500.00 वार्षिक तथा बडे दुकानदारो (200 वर्ग फिट क्षेत्रफल या उससे अधिक कवर्ड एरिया) से व्यावसायिक शुल्क रू0 1000.00 वार्षिक।
- छोटी बाउण्ड्री युक्त भूखण्ड या मकानों के मध्य खाली भूखण्ड पर पड़ोसियों के द्वारा कूड़ा करकट फेकने को दृष्टिगत रखते हुए उनके द्वारा अपने खाली भूखण्डों एवं छोटी बाउण्ड्रीवाल पर न्यूनतम दो मीटर ऊँची बाउण्ड्रीवाल निर्मित न कराने पर पेनाल्टी शुल्क प्रति प्रकरण रू0 2500.00 (रू0 दो हजार पाँच सौ) मात्र।
- नगर पंचायत सीमा मे स्थित राइस, गन्ना मिल पर व्यावसायिक शुल्क रू0 5000.00 वार्षिक।
- नगर पंचायत सीमा में संचालित आरा मशीन, आइस फैक्ट्री पर व्यावसायिक शुल्क रू0 2000.00 (दो हजार) वार्षिक।
- नगर पंचायत सीमा में स्थित डेरी, प्रेशर मशीन (गाड़ी धुलाई केन्द्र) पर व्यावसायिक शुल्क रू0 2000.00 (दो हजार) वार्षिक।
- नगर पंचायत सीमा में स्थित आर0ओ0 प्लांट/निजी जलापूर्ति प्रणाली पर व्यावसायिक शुल्क रू0 2000.00 (दो हजार) वार्षिक।
- नगर पंचायत सीमा में स्थित मोटर साइकिल एजेन्सी, ट्रैक्टर एजेन्सी पर व्यावसायिक शुल्क 3000.00 (तीन हजार) वार्षिक ।
- नगर पंचायत जे0सी0बी0 किराया रू0 1000.00 (एक हजार) रू0 प्रति घंटा नगर पंचायत सीमान्तर्गत तथा आने जाने का समय सहित।
- मोबाइल टायलेट किराया रू0 1000.00 प्रति दिन/प्रति बुकिंग।
- नगर पंचायत सीमान्तर्गत संचालित ईट भट्ठों पर लाइसेंस शुल्क 10,000.00 (रू0 दस हजार) वार्षिक शुल्क।
- नगर पंचायत सीमा में गल्ला/अनाज की आढ़त व्यावसायिक शुल्क रू0 2000.00 (दो हजार) वार्षिक।
- नगर पंचायत सीमा में स्थित समस्त बैंको पर व्यावसायिक शुल्क 5000.00 (पांच हजार) वार्षिक प्रति शाखा।
- नगर पंचायत सीमा में जल कनेक्शन के उद्देश्य से रोड कटिंग चार्ज रू0 2000.00 (दो हजार) रूपया प्रति कनेक्शन।
- नगर पंचायत सीमा में जल कनेक्शन हेतु जमानत धनराशि रू0 500.00 (पाँच सौ) रूपया प्रति कनेक्शन।
- नगर पंचायत सीमान्तर्गत समस्त विकास कार्य सम्बन्धी ठेकेदार पंजीकरण शुल्क रू0 15,000.00 (रू0 पन्द्रह हजार) मात्र वार्षिक, वित्तीय वर्ष के प्रथम मास तक। तदोपरान्त 1,000.00 (एक हजार) मासिक विलम्ब शुल्क के साथ।
- ठेकेदार नवीनीकरण शुल्क रू0 5,000.00 (रू0 पांच हजार) मात्र वार्षिक, वित्तीय वर्ष के प्रथम मास तक। सिक्योरिटी हेतु एफ0डी0आर0 25000/- रूपया के साथ।
- शटरिंग/तख्ता बल्ली को किराये पर उठाने के व्यवसाय पर रू0 2000.00 वार्षिक (रू0 दो हजार) मात्र।
- देशी शराब व्यावसायिक शुल्क प्रति दुकान रू0 5,000.00 (रू0 पांच हजार) वार्षिक।
- विदेशी शराब व्यावसायिक शुल्क प्रति दुकान रू0 10,000.00 (रू0 दस हजार) वार्षिक।
- बार/बियर दुकान पर व्यावसायिक शुल्क प्रति दुकान रू0 5,000.00 (रू0 पाँच हजार मात्र) वार्षिक।
- मॉडल शाप व्यावसायिक शुल्क प्रति दुकान रु0 15,000.00 (रु0 पन्द्रह हजार) वार्षिक।
- समस्त प्रकार की भवन निर्माण सामग्री सीमेंट/सरिया/मौरंग इत्यादि विक्रेता व्यावसायिक शुल्क रू0 5000. 00 (पांच हजार) वार्षिक।
- मा0 राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के आदेशों के क्रम में एनजीटी एक्ट 2010 की धारा 15/16 के अन्तर्गत नगर क्षेत्र में खुले में कूड़ा जलाने पर अर्थदण्ड प्रति प्रकरण रू0 5000.00 (पांच हजार) मात्र एवं सड़क के किनारे भवन निर्माण सामग्री एकत्रित करने/मलबा रखे जाने पर रू0 50,000.00 (पचास हजार) मात्र अर्थदण्ड।
- अन्य जो अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्धारित किया जाय।

## दण्ड

उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 299 (1) के अधीन अधिकारों का प्रयोग करते हुये निर्देश दिया जाता है कि कोई व्यक्ति उपरोक्त नियमों के किसी भी धारा का उल्लंघन करेगा या करने में प्रोत्साहित करेगा उस व्यक्ति पर अर्थदण्ड लगाया जायेगा जो इस उपनियम में दिये गये निर्धारित शुल्क के दो गुना से दस गुना तक हो सकता है। यदि अपराध निरन्तर जारी रहेगा तो अतिरिक्त दण्ड लगाया जायेगा, जो प्रथम दोष सिद्ध होने की तिथि से या प्रमाणित हो जाने पर की अपराधी ने निरन्तर अपराध जारी रखा है तो 25 (पच्चीस रूपये) प्रतिदिन तक हो सकता है एवं जुर्माना के साथ-साथ तीन मास का कारावास तक का दण्ड सक्षम न्यायालय से दिया जा सकता है।

**(निखिलेश कुमार मिश्र)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत माँ कामाख्या,**
**जनपद-अयोध्या**

**(शीतला प्रसाद शुक्ल)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत माँ कामाख्या,**
**जनपद-अयोध्या**

# मानस पाठ के आठवें दिन हुआ रावण वध

**जय श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हो गया पूरा पंडाल**



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** नगर के आरटीएस क्लब मैदान में चल रहे हैं श्री रामचरितमानस नवाह पाठ महायज्ञ के आठवें दिन श्री राम दरबार का भव्यता के साथ श्रृंगार किया गया। इसके पश्चात मुख्य व्यास श्री सूर्य लाल मिश्र एवं भूदेव ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और यहां से ही आठवें दिन की पाठ की शुरुआत हुई जिसमें रावण वध का प्रसंग हुआ।

मुख्य आचार्य सूर्यलाल मिश्र के मुखारविंद से जैसे ही याद दोहा प्रसारित हुआ ङ्क खैची सरासन श्रवन लगी छाडेड़ सर एकतीस। रघुनायक सायक चले मानहूब काल फ़ीस ।। भगवान श्री राम कान तक धनुष को खींचकर 31 बाण छोड़े वह बाण ऐसे चले मानो कालसर्प हो और इन बाणो ने दशानन के नाभि के अमृत कुंड को सोख और वह पृथ्वी पर गिर पड़ा। देखकर देवताओं, मुनियों, किन्नरों गंधर्वों के समूह भगवान श्री राम के ऊपर फूल बरसाने लगे कहते हैं कृपालु की जय हो, मुकुल की जय हो जय हो।

इस भव्य मनोरम दृश्य को देखकर मानस पंडाल में उपस्थित भक्तजनों ने भगवान श्री राम की जय हो का लगगनभेदी उद्घोष किया और इस अवसर पर पटाखे छोड़े गए, भगवान श्रीराम की भव्य झांकी का दर्शन कर भक्तो आध्यात्मिक आनंद उठाया इस आनंदमई बेला में भगवान श्री राम पर पुष्पों की वर्षा की गई। इसके पूर्व लंकापति रावण ने उपस्थित भूदेव की परिक्रमा किया और राम रावण संवाद बड़े ही रोचक ढंग से संपन्न हुई। वही एक दिन पूर्व रात्रि प्रवचन में प्रसिद्ध कथावाचक हेमंत त्रिपाठी, मधुसूदन शास्त्री व मुरारी जी शास्त्री ने हनुमान जी की भगवान राम से मिलन की एवं राम सुग्रीव की मित्रता की कथा एवं जब सीता जी अशोक वाटिका में रावण द्वारा बंदी थीं और अत्यंत दुखी थीं, तब श्री राम के दूत हनुमान जी ने अशोक वाटिका पहुंचे और सीता जी को विश्वास दिलाने के लिए श्री राम की दी हुई अंगूठी (मुद्रिका) दिखाई, जिसे देखकर सीता जी को प्रभु के आने का यकीन हुआ और उनका दुःख कम हुआ। इस अवसर पर महामंत्री सुशील पाठक, अध्यक्ष सत्यपाल जैन, अवधेश पांडे, इंद्रदेव सिंह, अविनाश कुशवाहा, शिशु त्रिपाठी, मुरली अग्रवाल, डॉ. चंद्रभूषण देव पांडे, नवीन अग्रवाल, पारब्रह्म सरदार, अयोध्या दुबे, घनश्याम सिंहल, संगम गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# इटावा में 13 वीं जिला शूटिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जिला राइफल एसोसिएशन, इटावा के तत्वावधान में आयोजित 13 वीं जिला शूटिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ बुधवार 31 दिसंबर को हुआ, जो 2 जनवरी 2026 तक चलेगी। प्रतियोगिता के पहले दिन इटावा, औरैया, फरुखाबाद, कन्नौज, बस्ती एवं विधूना से आए खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गो में पंजीकरण कराया। उक्त जानकारी अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता चन्द्र मोहन तिवारी ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के अध्यक्ष जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल हैं। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर तथा अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता चन्द्र मोहन तिवारी है। चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल (पुरुष/ महिला), 10 मीटर एयर पिस्टल (पुरुष/महिला) तथा लिटिल चैंप्स वर्ग में मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य जिले में शूटिंग खेल को बढ़ावा देना और युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले आज 1 जनवरी को आयोजित किए जाएंगे, जिसके पश्चात पदक विजेताओं की घोषणा की जाएगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। जानकारी दी गई है कि प्रतियोगिता का स्थल एवं प्रायोजक स्पोर्ट्स केयर अकादमी(पूर्व नामस्ष्ट शूटिंग अकादमी), कुनेरा, इटावा है।

# मतदाता सूची विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में संशोधन

अवधनामा संवाददाता

**6 जनवरी को होगा प्रारूप प्रकाशन**

**हमीरपुर।** माननीय भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 06 जनवरी 2026 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन के लिए दावा एवं आपत्तियाँ 06 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक प्रस्तुत की जा सकेंगी। निर्वाचन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 06 जनवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा नोटिस निर्गमन, सुनवाई, सत्यापन, गणना प्रपत्रों पर निर्णय तथा दावे-आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। मतदाता सूची के स्वास्थ्य मापदण्डों की जाँच उपरांत 03 मार्च 2026 तक अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग से अनुमति प्राप्त की जाएगी, जबकि 06 मार्च 2026 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6, नाम विलोपन के लिए फॉर्म-7 तथा प्रविष्टि में त्रुटि सुधार, पता परिवर्तन अथवा डुप्लीकेट वोटर कार्ड के लिए फॉर्म-8 दिनांक 06 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय अथवा संबंधित बीएलओ के पास जमा किए जा सकते हैं। निर्वाचन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वे सभी नागरिक मतदाता बनने के पात्र होंगे, जो 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं अथवा उक्त तिथि को पूर्ण कर लेंगे। इसके अतिरिक्त 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र नागरिकों से भी फॉर्म-6 प्राप्त कर नियमानुसार उनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किए जाएंगे। निर्वाचन विभाग ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अपने तथा अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों के नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएँ और विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

## श्रीराम गिरी बिल लिपिक को सेवा निवृत्त होने पर दी गयी भाव भीनी विदाई



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में राम गिरी बिल लिपिक की सेवा के वर्ष पूर्ण होने पर भाव भीनी विदाई दी गयी इस दौरान कलेक्ट्रेट सभागर में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारीगण को सम्बोधित करते हुए कहा कि बिल लिपिक श्रीराम गिरी जी का कार्य काल काफी सराहनीय रहा इनको शासकीय सेवा में जो भी जिम्मेदारियां दी गयी उसका निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ किये इन्होने अपनी सेवा के दौरान कर्मचारियों के रिटार्यमेण्ट होने पर उनके देयको का भुगतान समय से करने का कार्य किये, बिदाई का क्षण वास्तव में काफी दुःखदायी होता है। जो व्यक्ति सरकारी सेवाओं में आया है, एक दिन सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होना होता है यह सतत चलने वाली प्रक्रिया है जो व्यक्ति जिस दिन सरकारी सेवा में आता है उसी दिन उसके सेवा निवृत्ति की तिथि निर्धारित हो जाती है उनके सेवा निवृत्त के फलस्वरूप बिदाई देते वक्त मन भावुक हो जाता है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वि/रा वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रमेश चन्द्र, डिप्टी कलेक्ट्रेट मुख्यालय प्रदीप कुमार यादव, डिप्टी कलेक्ट्रेट सुरेश कुमार राय, प्रशासनिक अधिकारी रामलाल यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर जिलाधिकारी ने अंग वस्त्रम स्मृति चिन्ह देकर एवं माल्यार्पण कर श्रीराम गिरी बिल लिपिक को सम्मानित करते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य व उज्जव भविष्य की कामना की। इस मौके पर उपस्थित अधिकारीगण एंव कर्मचारिगण ने बिल लिपिक का माल्यापर्ण जिला सूचना विज्ञान अधिकारी निजामूद्दीन, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, ईडीएम दिव्यतोष मिश्रा, राजीव कुमार शुक्ला, राम अधार ओएसडी जिलाधिकारी, ओमकार यादव प्रशासनिक अधिकारी, मूरारी गिरी सत्यापन लिपिक उपस्थित रहे।

## दिसम्बर माह में एनसीएल से सेवानिवृत्त हुए 63 कर्मीयों के सम्मान में आयोजित हुए अभिनंदन समारोह



**सोनभद्र/सिंगरौली/अवधनामा संवाददाता।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) से दिसम्बर माह के आखिरी दिन कुल 63 अधिकारी एवं कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इनमें से एनसीएल मुख्यालय से 01 कर्मी का सेवानिवृत्त होना शामिल है। कर्मियों के सम्मान में इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय से सेवानिवृत्त हो रहे रमेश बाल्मीकी, कक्ष सहायक, केन्द्रीय चिकित्सालय का अभिनंदन किया गया। एनएसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एनसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/ संचालन) सुनील प्रसाद सिंह, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) आशुतोष द्विवेदी, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष एवं अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एनसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को एनसीएल की प्रगति में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए धन्यवाद दिया तथा उनके उज्ज्वल, सुखद एवं स्वस्थ भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। समारोह के अंत में सेवानिवृत्त कर्मियों को सेवानिवृत्ति से संबंधित उपादेय भेंट प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं एवं इकाइयों में भी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित किए गए।

# कायस्थ सभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

अवधनामा ब्यूरो



**भगवान चित्रगुप्त कायस्थ समाज ही नहीं समस्त समाज के न्यायधीश हैं: डॉ. जय चंद्र भदौरिया**

**इटावा।** श्री कायस्थ सभा आलमपुरा के सभागार में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी डा.जयचंद भदौरिया रहे तथा अध्यक्षता राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अध्यक्षता डा.दीपक सक्सेना की।

अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबन्धक डा.कुलदीप सक्सेना व महामंत्री दीप बिसारिया ने किया। नवनियुक्त अध्यक्ष हर स्वरूप सक्सेना एडवोकेट का स्वागत एवं सम्मान समिति ने किया गया। इस मौके पर डा.जय चन्द्र भदौरिया ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त कायस्थ समाज ही नहीं समस्त समाज के न्यायधीश हैं। डा. दीपक सक्सेना ने कहा कि समिति में कोई विवाद नहीं है। भविष्य में वह विद्यालय के सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। नवनियुक्त प्रबन्धक डा.कुलदीप सक्सेना ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि समिति द्वारा सर्वसम्मति से जो बड़ी जिम्मेदारी सौपी गई है उस का पूरी निष्ठा से निर्वाहन करेंगे और विद्यालय में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। कार्यक्रम का संचालन ललित सक्सेना ने किया। समारोह में के के सक्सेना प्रबंधक मिश्री लाल मांटेसरी स्कूल, दिव्यांश सक्सेना, बुद्ध प्रकाश श्रीवास्तव, आनन्द सरवाही, रजत शहमीरी, आशुतोष सक्सेना, नितिन आनंद, विवेक सक्सेना, रवींद्र श्रीवास्तव, शशिबिंदु सक्सेना, पवन श्रीवास्तव ने सहयोग प्रदान किया।

## डीएम कोर्ट में सेवानिवृत्त होमगार्ड को भावभीनी विदाई



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी न्यायालय परिसर में विगत पिछले 5 वर्षों से निष्ठा, ईमानदारी एवं अनुशासन के साथ सेवाएं दे रहे होमगार्ड राजेश्वर प्रसाद, निवासी ग्राम अहिरोरी, के सेवानिवृत्त होने पर एक गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री अनुनय झा ने श्री राजेश्वर प्रसाद को माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी महोदय ने उनके द्वारा दी गई सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कर्मठ एवं समर्पित कर्मी प्रशासन की मजबूत कड़ी होते हैं। जिलाधिकारी ने सेवानिवृत्त जीवन के लिए उन्हें उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके योगदान को स्मरण किया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे हुई डीईजीएस की बैठक



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** कलेक्टेट कक्ष मे जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता मे डीईजीएस की बैठक आहूत की गयी। बैठक मे जिलाधिकारी ने डीईजीएस मद मे कम्प्यूटर क्रय किये जाने के सम्बन्ध मे जानकारी तथा निर्देश दिये कि कम्प्यूटर नियमानुसार क्रय किये जाये। उन्होंने ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के कार्यकाल के नवीनीकरण व वेतन वृद्धि के सम्बन्ध मे चर्चा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ कोषाधिकारी व प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व डीपीआरओं विनय सिंह उपस्थित रहें।

# हिंदुत्व ही राष्ट्रीयत्व है: सुभाष जी (क्षेत्र प्रचार प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित हिन्दू सम्मेलन आज अत्यधिक सुदूर वनवासी क्षेत्र ग्राम कनहरा के शिव मंदिर प्रांगण में माननीय सुभाष जी (क्षेत्र प्रचार प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र) के मुख्यातिथ्य में सम्पन्न हुआ।मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचार प्रमुख सुभाष जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदू धर्म मानवता का धर्म है।हम सभी हिंदू हैं। क्योंकि हमारे सभी पुरखे हिंदू थे इसलिए हम हिंदू हैं, हमारी संस्कृति हिंदू है इसलिए हम हिंदू है। मनुष्य मनुष्यत्व पर जो हिंदुत्व है वही राष्ट्रीयत्व है वही भारतीयत्व है और वही मनुष्यत्व है। ये जो मनुष्य है यही हिंदुत्व है और इसलिए हमारे यहां कहा है कि हिंदुत्व एक जीवन दृष्टि है। हिंदुत्व का एक रूप विनम्रता का भी है और हिंदुत्व का एक रूप विशालता का भी देखने को मिलता है। विनम्रता क्या है विनम्रता यह है कि हम सीटी के अंदर भी भगवान का दर्शन करते हैं? सर्वत्र ईश्वर का दर्शन करते हैं जो कुछ हमारे आंखों के सामने है वह परमात्मा के रूप में हम देखते हैं। कबीरदास जी कहते हैं केवल काशी में ही भगवान नहीं है सब जगह भगवान है। इस प्रकार की मान्यता किसकी है हिंदुत्व की है इस प्रकार की मान्यता कौन रखता है हिंदू रखता है और इसलिए हमारे देश के अंदर हमने धरती को भी माता माना है। धरती को भी हमने माता का स्थान दिया है। हमारे देश के एक प्रसिद्ध कवि थे। भारत के प्रधानमंत्री भी बने जिनका नाम अटल बिहारी वाजपेयी था वे कहते थे यह जो धरती है। यह केवल ईट पत्थर का ढेर नहीं है। यह हमारे लिए क्या है वे कहते थे ÷भारत कोई भूमि का टुकड़ा नहीं है, यह जीता जागता राष्ट्रपुरुष है।

**ये वंदन की धरती है, ये**
**अभिनन्दन की भूमि है।**
**ये अर्पण की भूमि है ये तर्पण**
**की भूमि है।**

इसकी नदी-नदी हमारे लिए गंगा है, इसका कंकर-कंकर हमारे लिए शंकर है।हम जिएंगे तो इस भारत के लिए और मरेंगे तो इस भारत के लिए,और मरने के बाद भी गंगाजल में बहती हुई हमारी अस्थियों को कोई कान लगाकर सुनेगा, तो एक ही आवाज आएगी भारत माता की जय।भारत हिन्दुस्तान है, हिंदू भूमि है, पुण्य भूमि है, धर्म भूमि है,आर्यभूमि है यहाँ हम पैदा हुए हैं इसके नाते से हमारी पहचान है और इसलिए हम हिंदू हैं।

एक बड़ा परिवार है हमारा पुरखे सबके हिंदू है विराट सागर समाज अपना हम सब के पुरखे सबके हिंदू है हमने विनम्रता भी सीखा है और हमारे पुरखों ने हमको विशाल हृदय भी दिया है विशालता भी सिखाया है।

# ओवरलोडिंग व अवैध खनन पर कार्यवाही कर रोक लगाई जाए: डीएम



अवधनामा ब्यूरो

**प्रवर्तन कार्यो की समीक्षा बैठक**

**इटावा।** प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि ओवरलोडिंग व अवैध खनन पर कार्यवाही कर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा पहाड़ियों व टीलों को काटकर प्रकृति को खत्म न किया जाए। उन्होंने कहा कि बंजर जमीन या जहां टीले वगैरह न हो वहां खनन किया जाए। उन्होंने कहा प्रवर्तन का कार्य सख्ती से किया जाए। उन्होंने कहा कि उदी मोड़ पर किस प्रकार के भार वाली ओवरलोडिंग गाड़ियां आती है, उनकी जांच की जाए व उन्हें बंद कराया जाए साथ ही कार्यवाही भी की जाए। उन्होंने परिवहन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन की सहायता लेकर प्रवर्तन का कार्य कराया जाए। उन्होंने कहा कि नव वर्ष पर अपराधों को रोकने पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं नुमाइश, चर्च आदि भीड़ वाली जगहों पर निगरानी रखी जाए, जिससे किसी भी प्रकार का अपराध या कोई समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि नकली दवा बेचने व बनाने वालों को पकड़ा जाए एवं मेडिकल स्टोर पर जांच की जाए और सैंपल लिए जाएं। उन्होंने कहा कि जो झोलाछाप डॉ.पिसी हुई दवा पर्ची में देते हैं, उनके सैंपल लिए जाएं एवं दूध, मसाले, नकली सरसों तेल व अन्य खाद्य पदार्थ आदि के सैंपल लिए जाएं और नकली खाद्य पदार्थ बेचने वाले पर कार्यवाही की जाए। उक्त बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एस0पी0सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, परिवहन अधिकारी, खनन अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं में दिखा जोश



**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** बुधवार को कस्बे के एक गेस्ट हाउस में बहुजन समाज पार्टी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बीएसपी हमीरपुर छोटेलाल वर्मा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बुंदेलखंड प्रभारी लालाराम अहिरवार एवं चित्रकूट मंडल मुख्य प्रभारी अखिलेश अंबेडकर रहे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर चर्चा की गई और बहिन कुमारी मायावती के नेतृत्व में प्रदेश में सरकार बनाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश और नई ऊर्जा का संचार किया। इस अवसर पर बलदेव प्रसाद वर्मा, बिहारी लाल, नगर पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद सहित सैकड़ों पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दो जनवरी को जंगल में होगी किसान पंचायत



**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** अन्ना गोवंश की समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन द्वारा आगामी दो जनवरी को कुनेहटा क्षेत्र में किसान पंचायत आयोजित की जाएगी। किसान नेताओं का कहना है कि समस्या के समाधान के लिए लगातार तहसील और जिला स्तर के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। किसान यूनियन का आरोप है कि अधिकारियों द्वारा गौशाला निर्माण के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश तो जारी किए गए हैं, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। किसान पंचायत में अधिकारियों को मौके पर बुलाया जाएगा, अन्यथा आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। इस दौरान किसान यूनियन से जुड़े तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रिश्तेदारों पर चाकू मारकर लहूलुहान करने का आरोप

**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार रात कस्बे के बांदा बस स्टैंड के अंदर एक युवक लहूलुहान हालत में पड़ा मिला, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल युवक की पहचान मोहल्ला हैदरिया, रहमानिया कॉलेज के पीछे निवासी सर्फुद्दीन पुत्र स्व. आबिद के रूप में की। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल मौदहा भिजवाने के साथ ही परिजनों को सूचना दी।घायल सर्फुद्दीन ने आरोप लगाया कि उसका ससुराल पक्ष परछा निवासी गुलखान आदि से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था, जिसके बाद उन्हीं लोगों ने उस पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं आरोपी गुलखान का कहना है कि सर्फुद्दीन शराब के नशे में घर पर गाली-गलौज कर रहा था और बाद में मौदहा चला गया था, उसके साथ वहां क्या हुआ इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। आरोपी ने यह भी आरोप लगाया कि सर्फुद्दीन पूर्व में भी हाथ काटकर उन्हें फंसाने की कोशिश कर चुका है। पुलिस का कहना है कि घायल का इलाज कराया गया है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जनसुनवाई में फरियादियों को मिला न्याय का भरोसा

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से बुधवार को पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया और प्रत्येक मामले पर प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ितों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, मारपीट, घरेलू हिंसा, धोखाधड़ी सहित विभिन्न मामलों से संबंधित शिकायतें सामने आई, जिन पर मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। पुलिस अधीक्षक की इस पहल से फरियादियों में विश्वास का माहौल देखने को मिला।

आमजन ने पुलिस अधीक्षक द्वारा अपनाई जा रही संवेदनशील, पारदर्शी और जनहितकारी कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की जनसुनवाई से पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत होता है तथा समस्याओं का समाधान शीघ्रता से संभव हो पाता है।

## सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई देकर उज्वल भविष्य की कामना की



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** पुलिस विभाग में सेवा देकर अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए रेडियो उपनिरीक्षक राजीव कुमार, रेडियो लीडिंग फायरमैन शिवराज सिंह, म0मु0आ0 मालती देवी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा स्मृति चिन्ह, घड़ी, प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंट कर भावभीनी विदाई देकर उज्वल भविष्य की कामना की एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई सहायता होने पर निन्संकोच संपर्क करने के लिये आश्वस्त किया। सेवानिवृत्त हुए अधि0/ कर्मचारी में रेडियो उपनिरीक्षक राजीव कुमार। रेडियो लीडिंग फायरमैन शिवराज सिंह। म0मु0आ0 मालती देवी रहे। इस दौरान पुलिस के अन्य अधि0/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# बिलग्राम-मल्लावां विधानसभा क्षेत्र को मिली विकास की बड़ी सौगात

**कुतुवापुर के बेरियाघाट पर पुल निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ**

अवधनामा संवाददाता




**बिलग्राम।** मल्लावां विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति को नई ऊँचाइयों तक ले जाते हुए आज एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम उठाया गया। क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह 'आशु' ने ग्राम कुतुवापुर स्थित बेरियाघाट (राजकीय मेला स्थल) पर प्रस्तावित पुल निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन एवं शिलान्यास कर कार्य का शुभारंभ किया। यह स्थान कार्तिक माह की पूर्णिमा पर लगने वाले प्रसिद्ध राजकीय मेले के लिए पूरे जनपद में विशेष पहचान रखता है। इस मेले में प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु, साधु-संत एवं दूर-दराज से आए दर्शनार्थी पवित्र स्नान व पूजा-अर्चना के लिए बेरियाघाट पहुँचते हैं। अब तक पुल के अभाव में श्रद्धालुओं को नदी पार करने में अत्यधिक कठिनाइयों, जान जोखिम में डालने जैसी स्थितियों और अव्यवस्थित आवागमन का सामना करना पड़ता था, जिससे कई बार अप्रिय घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए इस बहुप्रतीक्षित पुल निर्माण को स्वीकृति दिलाई गई। पुल के निर्माण के उपरांत श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सरल और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही राजकीय मेले के दौरान भीड़ प्रबंधन, आपात सेवाओं की पहुँच तथा कानून-व्यवस्था को बनाए रखने में भी उल्लेखनीय सहायता मिलेगी। यह पुल केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। पुल के बनने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क सुदृढ़ होगा, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय लोगों के आवागमन का समय और जोखिम दोनों कम होंगे। भूमि पूजन के अवसर पर विधायक आशीष सिंह 'आशु' ने कहा कि क्षेत्र के विकास, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और जनसुविधा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यह पुल आने वाले समय में आस्था, सुरक्षा और विकास का मजबूत सेतु बनेगा। कुतुवापुर बेरियाघाट पर प्रस्तावित यह पुल निर्माण कार्य जनआस्था को सम्मान, जनसुविधा को मजबूती और विकास को नई दिशा देने वाला एक महत्वपूर्ण और दूरगामी कदम माना जा रहा है।

